# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in | मंगलवार, 20 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 303 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.2 | 18.3 |
| जमशेदपुर | 32.2 | 16.2 |
| डालटनगंज | 31.2 | 13.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *




# झारखंड सरकार के 4 फैसलों से होगा 2 लाख कर्मियों को बड़ा फायदा

रवि भारती। रांची

झारखंड सरकार के चार अहम फैसलों से सरकारी विभागों में कार्यरत लगभग दो लाख कर्मियों की तकदीर संवरेगी. वहीं महंगाई भत्ते में वृद्धि होने से मार्च 2024 में लगभग डेढ़ लाख पेंशनधारियों को इसका लाभ मिलेगा. वहीं कार्यरत कर्मियों और सेवानिवृत्त कर्मियों पांच लाख रुपए सालाना की अधिसीमा के तहत स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा. इसके अलावा पुरानी पेंशन स्कीम के तहत कर्मियों को लाभ मिलेगा.

**घर बनाने के लिए संपत्ति को नहीं रखना पड़ेगा गिरवी :** राज्य कर्मियों को भूमि या प्लॉट को बंधक रखे बगैर गृह निर्माण अग्रिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी. इसके लिए कर्मियों को अब 30 लाख की जगह 60 लाख रुपए तक गृह ऋण उपलब्ध कराया जाएगा. यह राशि 7.5 फीसदी इंटरेस्ट पर दी जाएगी. अगर कोई निलंबित कर्मचारी है, तो उसे दो स्थायी कर्मचारियों की ओर से बांड देना होगा. यदि पति और पत्नी दोनों सरकारी कर्मचारी हों एवं दोनों इसके पात्र हों, तो दोनों को संयुक्त या पृथक रूप से अग्रिम अनुमान्य होगा. एसटी-एससी कर्मचारियों को विशेष रूप से सीएनटी के प्रावधानों में छूट प्रदान की जाएगी. बताते चलें कि राज्य गठन के समय होम लोन 7.5 लाख रुपए ही मिलता था. जिसे बढ़ाकर 30 लाख किया गया था. अब यह बढ़ कर 60 लाख रुपए हो गया है.




### 4% महंगाई भत्ता का लाभ डेढ़ लाख पेंशनधारियों को

राज्य सरकार द्वारा चार फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने का लाभ राज्य के लगभग डेढ़ लाख पेंशनधारियों को मिलेगा. राज्य सरकार नें महंगाई भत्ते को बढ़ा कर 42 से 46 फीसदी कर दिया है. यह लाभ एक जुलाई 2023 से मिलेगा. जानकारी के अनुसार पेंशनधारियों को इसका लाभ मार्च 2024 तक मिल सकता है. बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को क्रमश: डीए और डीआर साल में दो बार दिया जाता है.

- महंगाई भत्ता में वृद्धि होने से डेढ़ लाख पेंशनधारियों को मिलेगा लाभ
- सरकारी और रिटायर कर्मियों के स्वास्थ्य बीमा के लिए 100 करोड़ की राशि उपलब्ध

### होम लोन पर ब्याज दर की ये होंगी शर्तें

1 प्रथम किस्त के भुगतान की तिथि से साधारण ब्याज देय होगा

2 ब्याज की गणना प्रत्येक माह के अंतिम दिवस को रहने वाले बकाये राशि के आधार पर की जाएगी

3 अगर मूलधन के बकाये का भुगतान माह के मध्य तक कर दिया जाता है, तो उत्त माह का ब्याज नहीं लिया जाएगा

4 यदि प्रशासनिक कारणों से वेतन विलम्ब से निकलता है, तो देय ब्याज अवशेष की गणना हेतु वसूली उसी माह में मानी जाएगी, जिस माह का वेतन निकला हो

5 यदि अग्रिम के मूलधन का कोई भाग मृत्यु-सह-उपादान की राशि से समायोजित किया जाना है, तो वह सेवानिवृत्ति की तिथि को ही समायोजित समझा जाएगा, उस तिथि के उपरान्त ब्याज देय नहीं होगा

6 यदि किसी सरकारी सेवक की सेवा काल में मृत्यु हो जाती है एवं मूलधन के किसी भाग का समायोजन उसके मृत्यु-सह-उपादान से होता है, तो सरकारी सेवक की मृत्यु की तिथि के बाद का ब्याज देय नहीं होगा.

7 स्वीकृत गृह निर्माण अग्रिम पर 7 .5 प्रतिशत (साधारण ब्याज) लिया जाएगा

### सरकारी और सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ

राज्य के दो लाख कार्यरत कर्मियों और डेढ़ लाख रिटायर कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा. इसके तहत कर्मियों व रिटायर्ड कर्मियों को पांच लाख रुपये तक प्रतिवर्ष स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा. स्वास्थ्य विभाग द्वारा विधिवत चिन्हित गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए चयनित बीमा कंपनी द्वारा स्थापित प्रक्रियानुसार अपनी निधि से 50 करोड़ रुपए का कॉरपोरेट बफर संधारित किया जाएगा, जिस क्रम में ऐसी गंभीर बीमारियों का चिकित्सा पर होने वाला व्यय पांच लाख से अधिसीमा से अधिक होने की स्थिति में अतिरिक्त पांच लाख रुपए तक की चिकित्सीय प्रतिपूर्ति स्वास्थ्य विभाग की सहमति के उपरांत संबंधित बीमा कंपनी के द्वारा ऐसे अतिरिक्त व्यय का भी वहन किया जाएगा. कर्मियों को तत्काल उच्चतर संस्थान में उपचार के लिए विशेष परिस्थिति में एयर एम्बुलेंस यात्रा की अनुमान्यता होगी. वर्तमान में 100 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी जाएगी.



**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### ममता ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

**कोलकाता।** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राज्य में आधार कार्ड के निष्क्रिय होने को लेकर सोमवार को पीएम मोदी को पत्र लिखा और इसके कारणों को जानना चाहा. बनर्जी ने कहा कि इससे बंगाल में लोगों के बीच हाहाकार है. इस तरह आधार निष्क्रिय करने की कवायद नियमों के खिलाफ है और प्राकृतिक न्याय का घोर उल्लंघन है.

### केजरीवाल फिर ईडी के सामने पेश नहीं हुए

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए. माना जा रहा है कि अब ईडी सख्त कार्रवाई कर सकती है.

### चंडीगढ़ महापौर मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा.

### शरद पवार के मामले पर हुई सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के समूह को पार्टी का नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा.

### गाजा युद्ध में 29 हजार फलस्तीनियों की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं. युद्ध अब भी जारी है.

## इटखोरी में मां भद्रकाली के दर्शन के बाद सीएम ने किया महोत्सव का उद्घाटन, कहा

# धार्मिक स्थलों का करेंगे विकास

- मां भद्रकाली से की कामना, समाज को दुराचार से बचाएं
- पैसे के अभाव में नहीं रुकेगी किसी बच्चे की पढ़ाई
- अबुआ आवास के लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र

शुभम संदेश टीम। रांची/हजारीबाग

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को इटखोरी (चतरा) महोत्सव का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का विकास करेगी. उन्होंने कहा कि इटखोरी की एक अलग पहचान है. यह एक बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है. मां भद्रकाली मंदिर में पूजा करने से मन को शांति मिलती है. उन्होंने कहा कि लोगों को अपने कर्म पर विश्वास करना चाहिए. बिना आस्था कोई कोई मनुष्य नहीं हो सकता. सीएम ने भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की. उन्होंने मां भद्रकाली से राज्य के सभी लोगों की कुशलता की कामना की. साथ ही समाज को दुराचार से बचाने की भी कामना की. उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की अहम भूमिका होती है. देवी की कई रूपों में पूजा होती है.

इससे पहले सीएम चंपाई सोरेन ने हजारीबाग के विनोवा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में कहा कि वह हर क्षेत्र में राज्य का विकास में करेंगे.सीएम ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है. आधुनिक युग में झारखंड को भी विकास की ओर ले जाना है. उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोग ले रहे हैं. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. यहां के मूलवासी को उसका लाभ मिलेगा. झारखंड में कोई भी परिवार भवन हीन नहीं रहेगा. सभी का अपना पक्का मकान होगा. सभी को शिक्षा देंगे. पैसे के अभाव में किसी की पढ़ाई नहीं रुकेगी. हर परिवार में शिक्षा का दीप जलेगा.

**50** वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को पेंशन देने का काम हो रहा है

**20** लाख लोगों के लिए अबुआ आवास योजना की मंजूरी दी

**15** हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है



**जय माता रानी:** इटखोरी की प्रसिद्ध मां भद्रकाली के दरबार में शीश झुकाते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन. पूरे राज्य के लिए मांगा मां का आशीर्वाद.

### मंत्री बादल पत्रलेख और सत्यानंद भोक्ता ने कहा - धरातल पर उतर रही हैं योजनाएं

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने योजनाएं शुरू की थी, उसे धरातल पर उतारा जा रहा है. किसानों की ऋण माफी, सभी को पेंशन, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, 1932 का खतियान सहित कई बड़े निर्णय गठबंधन की सरकार ने लिए हैं. श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि गठबंधन की सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है.

### डबल इंजन की सरकार ने राज्य की खनिज संपदा को लूटा

हजारीबाग में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड में पूर्व की डबल इंजन सरकार ने राज्य की खनिज संपदा को लूटने का काम किया. खनिज संपदा पर उनकी गिद्ध की दृष्टि थी. शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए कभी कोई काम नहीं किया. बुनियादी सुविधा तक लोगों को नहीं दी. सीएम सोमवार को हजारीबाग के विनोबा भावे यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि पहले चरण में 113078 लोगों को अबुआ आवास दिया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान सीएम ने अबुआ आवास के लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया. बताते चलें कि चतरा, कोडरमा, हजारीबाग और रामगढ़ में 282000 लोगों को अबुआ आवास दिया जाना है. हजारीबाग में सीएम का स्वागत जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय ने किया.



### पीएम आवास के लिए झारखंड को नहीं मिला पैसा

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए झारखंड को पैस भी नहीं मिला. लेकिन पूर्व सीएम हेमंत ने झारखंड के लोगों का दुख दर्द समझा और 20 लाख लोगों के लिए अबुआ आवास योजना की मंजूरी दी. सीएम ने कहा कि जिन लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, उन सभी लोगों को हर हाल में झारखंड सरकार अबुआ आवास देगी. पहले और पीछे चयन होने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा. इनमें जो त्रुटियां होंगी, उसे भी सुधार लिया जाएगा, लेकिन सभी को आवास मिलेगा.

### हेमंत के कार्यकाल जो विकास कार्य शुरू हुए, उसे हर हाल में करेंगे पूरा

सीएम ने कहा कि हेमंत के कार्यकाल में जो विकास के कार्य शुरू किए गए, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि चंपाई सोरेन सरकार हेमंत सोरेन पार्ट टू के रूप में काम कर रही है. विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि हमारी सरकार किसान, मजदूर के खेतों में हरियाली लाने के लिए पाइपलाइन से सिंचाई की व्यवस्था कर रही है. मैट्रिक पास विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना को अमली जामा पहनाया गया. 50 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को पेंशन देने का काम हो रहा है. बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी. इसका लाभ 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा.



किसान मोर्चा ने सिरे से खारिज किया सरकार का प्रस्ताव

# एमएसपी से कम कुछ भी मंजूर नहीं, कल से बढ़ेगा आंदोलन

कुमार माधवन

संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार को केंद्र सरकार के एमएसपी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. केंद्र ने नए फॉर्मूले ए2 एफएल 50% पर एमएसपी देने का प्रस्ताव दिया था. संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि सी2 50% से नीचे कुछ भी स्वीकार नहीं है. बयान के मुताबिक, किसानों के सामने मक्का, कपास, अरहर/तूर, मसूर और उड़द समेत पांच फसलों की खरीद को लेकर 5 साल के कॉन्ट्रेक्ट का प्रस्ताव है. हालांकि, मोर्चा ने स्पष्ट किया कि वे सी2 50% के फॉर्मूले पर एमएसपी की गारंटी चाहते हैं. मोर्चा ने बयान में कहा कि भाजपा ने खुद 2014 के चुनावी घोषणापत्र में इसका वादा किया था.

मोर्चा ने कहा, स्वामीनाथन आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट में केंद्र को सी2 50% के आधार पर एमएसपी देने का सुझाव दिया था. वे भी इसी आधार पर फसलों पर एमएसपी की गारंटी चाहते हैं. इससे किसान अपनी फसल एक फिक्स्ड कीमत पर बेच सकेंगे और उन्हें नुकसान नहीं होगा. मोर्चा ने कहा कि अगर मोदी सरकार भाजपा के वादे को लागू नहीं कर पा रही तो प्रधानमंत्री ईमानदारी से जनता को बताएं.

**केंद्रीय मंत्री एमएसपी पर नहीं दे रहे स्पष्टीकरण :** संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि केंद्रीय मंत्री यह स्पष्ट करने को तैयार नहीं हैं कि उनके द्वारा प्रस्तावित एमएसपी ए2 एफएल 50% पर आधारित है या सी2 50% पर. चर्चा में कोई पारदर्शिता नहीं है जबकि चार बार चर्चा हो चुकी है. यह दिल्ली सीमाओं पर 2020-21 के ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान एसकेएम द्वारा स्थापित लोकतांत्रिक संस्कृति के खिलाफ है.

### किसानों की केंद्र सरकार से मांगें

एसकेएम ने केंद्रीय मंत्रियों से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि मोदी सरकार ऋण माफी, बिजली का निजीकरण नहीं करने, सार्वजनिक क्षेत्र की फसल बीमा योजना, 60 वर्ष से अधिक उम्र के किसानों को 10000 रुपये मासिक पेंशन, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने की भी मांग की है. किसान मोर्चा के बयान में कहा गया है कि किसानों के संघर्ष को तेज करने के लिए, मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों और कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार को जनता के बीच उजागर करने के लिए, पंजाब की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे किसानों पर क्रूर दमन को समाप्त करने की मांग की है. बयान के मुताबिक, किसान मोर्चा अगली मीटिंग 21-22 फरवरी तक करेगा, जहां आगे की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी.

### ... तो हम भी करेंगे जोरदार आंदोलन

किसान नेता गुरनाम सिंह चाढ़ूनी ने कहा, 21 फरवरी तक का समय है. सरकार को सोचना और समझना चाहिए कि ये दो चीजें (तिलहन और बाजरा) (खरीद के लिए) बहुत महत्वपूर्ण हैं. जैसे उन्होंने दालों, मक्का और कपास का जिक्र किया, उन्हें इन दोनों फसलों को भी शामिल करना चाहिए. अगर इन दोनों को शामिल नहीं किया गया तो हमें इस बारे में फिर से सोचना होगा...कल हमने फैसला लिया कि अगर 21 फरवरी तक सरकार नहीं मानी तो हरियाणा भी आंदोलन में शामिल होगा.

**हाईकोर्ट की टिप्पणी** पीड़ित के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई निरस्त करने का आदेश

# वैवाहिक विवाद में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की बढ़ रही प्रवृत्ति

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण टिप्पणी की है. न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवाद के मामलों में पति के रिश्तेदारों को केस में फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है. दरअसल दहेज की मांग के लिए मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक पत्नी ने अपने पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ गढ़वा जिले में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी. जिसपर सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) ने संज्ञान लिया था. सीजेएम द्वारा लिये गये संज्ञान और पूरी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने के लिए पति के रिश्तेदारों नीरज कुमार, उमेश कुमार और शिवा सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सभी के खिलाफ आपराधिक कर्रवाई निरस्त करने का आदेश दिया है.

### जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई थी सुनवाई



हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ सामान्य आरोप लगाये गये हैं. अदालत ने माना कि पत्नी ने पति और उसके माता-पिता के खिलाफ मानसिक रूप से परेशान और दहेज की मांग करने का आरोप लगाया था. लेकिन याचिकाकर्ताओं में से किसी को भी उनके खिलाफ लगाये गये सामान्य आरोप को आगे बढ़ाने में कोई विशिष्ट भूमिका नहीं दी गयी.

### तो ये मामले एससी/एसटी अपराध की श्रेणी में नहीं आएंगे

उधर, एक केस की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने यह माना है कि जब तक किसी मामले में अनुसूचित जाति व जनजाति के व्यक्ति पर अपमानित करने के इरादे से विवाद या हमला नहीं किया गया हो, तब तक उस अपराध को एससी-एसटी एक्ट के दायरे में नहीं माना जाएगा. दरअसल दुमका सिविल कोर्ट ने बैजनाथ सिंह और नावेद सिंह को एससी-एसटी केस में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी. जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी. दोषियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1)(एक्स) के तहत अपराध स्थापित करने के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के उद्देश्य से जानबूझ कर अपमान या धमकी प्रदर्शित करना आवश्यक है. किसी भी मामले में एससी/एसटी अधिनियम के तहत तब तक अपराध नहीं बनता है, जब तक कि इसका उद्देश्य विशेष रूप से पीड़ित को उनकी जाति के आधार पर अपमानित करना न हो.

# सपा ने दी 17 सीटें, कांग्रेस ने मांगी और

एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी और कांग्रेस की सीटों की बंटवारे को लेकर बड़ी खबर आई है. कांग्रेस ने सपा के सामने 17 सीटों की डिमांड रखी है. सपा ने 17 सीटों की डिमांड पर पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भेज दिया है. कांग्रेस की तरफ से अभी तक जवाब नहीं आया है. सपा ने सोमवार तक इंतजार के लिए कहा है. कांग्रेस की डिमांड के हिसाब से 17 सीटों पर सपा उम्मीदवार देने को राजी है.

सूत्रों की मानें तो अगर कांग्रेस ने जवाब नहीं दिया, तो अखिलेश यादव, यूपी में अलायंस को लेकर अहम फैसला कर सकते हैं. सूत्रों का दावा है कि अगर सोमवार को जवाब नहीं आया, तो सपा राहुल गांधी की न्याय यात्रा में कोई सहयोग नहीं करेगी. जिस दिन अखिलेश यादव ने 11 सीटें दी थीं, उसी दिन खरगे ने कहा था कि हमें 17 सीटें चाहिए,

-शेष पेज 7 पर

### आप लोग न जागे, तो भूखे मरोगे: राहुल



**अमेठी।** राहुल गांधी सोमवार को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा 37वें दिन अमेठी अपने पुराने संसदीय सीट पर पहुंचे. उन्होंने गौरीगंज में करीब 1 किलोमीटर की पदयात्रा की. इसके बाद उन्होंने बाबूगंज में जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी उनके साथ रहे. जनसभा में राहुल ने कहा, अगर आप लोग जागोगे नहीं, तो भूखे मर जाओगे. अपने 20 मिनट के भाषण में राहुल ने केंद्र और यूपी सरकार पर जम कर निशाना साधा. बता दें कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर सोमवार को अमेठी पहुंचे सांसद राहुल गांधी ने 35 किमी का सफर 1.29 घंटे में पूरा किया. खुली लाल रंग की जीप में राहुल गांधी ने 724 दिन बाद रोड शो किया.

-शेष पेज 7 पर

### जल्द कैबिनेट में रखा जाएगा झारखंड में कास्ट सर्वे का प्रस्ताव, लोकसभा चुनाव के बाद सर्वेक्षण की शुरू की जाएगी प्रक्रिया

# झारखंड की सियासी फिजां में उमड़ने को बेताब है कास्ट सर्वे

**खास बातें**

- सर्वेक्षण के लिए कार्मिक विभाग को अंतिम रूप से चुना गया
- सर्वेक्षण के लिए कार्मिक विभाग ही एसओपी तैयार करेगा

रवि भारती। रांची

झारखंड में जातिगत जणगणना का प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में रखा जाएगा. जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद कास्ट सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. जातिगत जनगणना बिहार के तर्ज पर होगी. जानकारी के अनुसार कास्ट सर्वे के लिए ग्रामीण और समाज कल्याण सहित कई विभागों पर विचार किया गया, लेकिन सर्वेक्षण के लिए कार्मिक विभाग को अंतिम रूप से चुना गया. कार्मिक विभाग ही इसकी एसओपी तैयार करेगा. सीएम चंपाई सोरेन ने भी सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया है कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, झारखंड तैयार है. इधर राहुल गांधी ने भी अपनी न्याय यात्रा के दौरान जातिगत जनगणना की वकालत की थी.



### झामुमो, कांग्रेस और राजद हैं पक्षधर

राजद जातीय जनगणना के समर्थन में हैं. गाहे-बेगाहे एनडीए में शामिल आजसू भी कास्ट सर्वे की मांग करती रही है, लेकिन विपक्षी दल भाजपा इस मसले पर ज्यादा कुछ नहीं बोल रही. सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि जिस समूह की जितनी आबादी है, उसे उसी के अनुसार अधिकार मिलना चाहिए. जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी. इसके बाद सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने सितंबर 2021 में दिल्ली जाकर इससे संबंधित मांग पत्र गृह मंत्री को सौंपा था. कहा था कि केंद्र सरकार की ओर से इस पर पहल हो.

### लोकसभा और विधानसभा में छाया रहेगा मामला

कॉस्ट सर्वे का मसला आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से छाया रहेगा. हालांकि कास्ट सर्वे के लिए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद को बनाया गया है. बहरहाल जो सीन नजर आ रहा है. उसके हिसाब से लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथों का निर्धारण, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू हो गई है. लोकसभा चुनाव खत्म होंगे तो विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी. इन परिस्थितियों में 2024 के अंत तक राज्य में जातीय जनगणना के आसार नहीं लगते. पर यह मसला झारखंड की सियासी फिजां में छाया रहेगा.

**नगर निकाय चुनाव को लेकर अब तक अनिर्णय की स्थिति**

सभी नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त हुए लगभग एक साल से अधिक हो चुका है, लेकिन सरकार इनका चुनाव कराने को लेकर अब तक अनिर्णय की स्थिति में है. मुश्किल यह है कि इस आरक्षण का प्रतिशत कितना हो, ये तय करने के लिए राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट सर्वे के जरिये राज्य की पिछड़ी आबादी की संख्या और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का आकलन करना होगा. सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग को अधिकृत भी किया है. लेकिन इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है.

### गृह मंत्रालय ने लिखा राज्य सरकार को पत्र, कहा-

## उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का करें पालन

रांची। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखा है. लिखे पत्र में डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने और कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त करने से परहेज करने का निर्देश दिया गया है. लिखे पत्र में कहा गया है कि योग्य पुलिस अधिकारी उपलब्ध होने के बावजूद कई राज्यों द्वारा अस्थायी डीजीपी की नियुक्ति की जाती है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश का अनुपालन करने का आग्रह किया है. केंद्रीय गृह सचिव के कार्यालय से भेजे गए पत्र में डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में प्रकाश सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर जोर दिया गया है. अस्थायी या कार्यवाहक डीजीपी को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही नियुक्त किया जाना चाहिए.

**ब्रीफ खबरें**

### चाइल्ड ट्रैफिकिंग केस की हाईकोर्ट में सुनवाई

रांची। साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग (बाल तस्करी) से जुड़े मामले के आरोपी कुलदेव साह की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान इस केस के आईओ (अनुसंधानकर्ता) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए. अदालत ने उनसे 31 दिसंबर 2023 के बाद से बच्चों को बरामद करने के मामले में हुई कार्रवाई के संबंध में पूछा. इसपर उन्होंने अदालत को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का अब तक पता नहीं चला है, उनकी बरामदगी के लिये पुलिस प्रयास कर रही है. साथ ही उन्होंने कोर्ट को जानकारी देते हुए यह भी बताया गया कि साहिबगंज एसपी के निर्देश पर दिल्ली और यूपी के अलग-अलग इलाकों से करीब दो दर्जन बच्चों को बरामद किया है. इन सभी बच्चों को साहिबगंज लाकर वापस उनके घर भेज दिया गया है. जिसके बाद अदालत ने केस आईओ को दोनों गुमशुदा बच्चों के मामले में ट्रायल जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया है, ताकि ट्रायल कोर्ट जल्द अपना फैसला सुना पाए. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल साहिबगंज के रहने वाले एम हेम्ब्रम ने कुलदेव साह और वीरेन साह के खिलाफ साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने का आरोप लगाते हुए कंप्लेन केस दर्ज करवाई है.

### अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने अपनी संलिप्तता से किया इनकार

# अपर बाजार के मेसर्स गुप्ता ट्रेडिंग से मांगी गयी 1 करोड़ की रंगदारी

संवाददाता। रांची

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अपर बाजार में एक कारोबारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है. कारोबारी का नाम प्रज्ज्वल गुप्ता है और वह मेसर्स गुप्ता ट्रेडिंग के संचालक हैं. इस मामले में कारोबारी ने कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज गैंगस्टर अमन साहू पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है. लेकिन अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मेसर्स गुप्ता ट्रेडिंग के संचालक से रंगदारी मांगने के मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है. प्रेस विज्ञप्ति में मयंक सिंह ने है कहा कि अखबार के माध्यम से पता चला कि गुप्ता ट्रेडिंग के संचालक से बॉस के नाम से रंगदारी की मांग की गयी है. हमारे गैंग या हमसे जुड़े किसी व्यक्ति ने गुप्ता ट्रेडिंग से किसी प्रकार की रंगदारी की मांग नहीं की है. कोई छुटभैया अपराधी या असामाजिक तत्व द्वारा बॉस के नाम के पर रंगदारी की मांग की गयी होगी. गुप्ता परिवार को किसी से डरने की जरूरत नहीं है. भयमुक्त होकर अपना कारोबार करें. हमारा गैंग कोयला व्यापारी, जमीन कारोबारी, कोल ट्रांसपोर्टर, रेलवे कंस्ट्रक्शन, ठेकेदार, बालू माफिया और इंडस्ट्री संचालक से ही रंगदारी की मांग करता है. किसी प्रकार के व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी से हम रंगदारी की डिमांड नहीं करते हैं. गैंग अपने स्तर से बॉस के नाम या गैंग के नाम पर इस तरह का कृत्य करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगा.



**मेसर्स गुप्ता ट्रेडिंग से रंगदारी मामला :** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने अपनी संलिप्तता से किया इनकार

### क्या है मामला

दरअसल शनिवार की सुबह अननोन नंबर से कारोबारी के मोबाइल पर कॉल आया. उसने खुद को अमन साहू बताया और एक करोड़ रंगदारी नहीं देने पर उसके और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी. इस मामले में कारोबारी ने कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराया. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है.

## अमन साहू गिरोह से जुड़े शंकर यादव से एनआईए ने की पूछताछ

रांची। अपराधी अमन साहू गिरोह से जुड़े शंकर यादव को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तीन दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की है. दरअसल लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में साल 2020 में हुई आगजनी और गोलीबारी मामले की जांच एनआईए कर रही है. एनआईए ने जांच के क्रम में एनआईए ने नौ फरवरी को बिहार के भागलपुर से गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को गिरफ्तार किया था. एनआईए ने उसके ठिकाने से एक करोड़ 30 लाख भी बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूली के बताये जा रहे हैं. अमन साहू फिलहाल जेल में बंद है.




### अपराधियों ने चार ट्रक व एक बाइक में की थी आगजनी

लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में 18 दिसंबर 2020 को आगजनी व गोलीबारी की घटना हुई थी. अपराधियों ने चार ट्रक व एक बाइक को आग के हवाले कर दिया था. इस घटना में चार आम नागरिक जख्मी हुए थे. इस घटना में शामिल अपराधी सुजीत सिन्हा व अमन साहू गिरोह के थे. तेतरियाखाड़ की इस घटना में दर्ज केस को टेकओवर करते हुए एनआईए ने अपने यहां चार मार्च 2021 को केस दर्ज किया था.

**अमन के रुपयों को रियल इस्टेट में लगाता था शंकर**

एनआईए ने छानबीन में पाया है कि भागलपुर का शंकर यादव अपराधी अमन साहू का खास गुर्गा है. वह अमन साहू के लेवी-रंगदारी के रुपयों को रियल इस्टेट के व्यवसाय में निवेश करता था. एनआईए ने नौ फरवरी को बिहार के भागलपुर से शंकर यादव को गिरफ्तार किया था. पुलिस ने उसके पास से 1.30 करोड़ भी बरामद किये थे.

## लोकपाल मामले में शिबू सोरेन की अपील पर आज सुनवाई

संवाददाता। रांची/ नयी दिल्ली

**खास बातें**

- भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दर्ज कराया है मामला
- आय से अधिक संपत्ति मामले में शिकायत दर्ज कराई थी

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में झामुमो के प्रमुख शिबू सोरेन की अपील को मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया. भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें लोकपाल द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही में अदालत की एकल पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था. 22 जनवरी को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने झारखंड के पूर्व सीएम के खिलाफ लोकपाल की कार्यवाही और शिकायत के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया था.

न्यायाधीश रेखा पल्ली और सुधीर कुमार जैन की पीठ ने यह सूचित किए जाने पर कि याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता किसी अन्य अदालत के समक्ष पेश हो रहे हैं, इस मामले को 20 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया. इसी आधार पर अदालत से मामले की सुनवाई किसी अन्य दिन किए जाने की अपील की गई थी. सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल अदालत के समक्ष पेश हुए और उन्होंने कहा कि मंगलवार को मामले की सुनवाई लोकपाल के समक्ष सूचीबद्ध है. इससे पूर्व, एकल पीठ के जज ने अपने आदेश में कहा था कि लोकपाल की कार्यवाही को चुनौती देने वाली शिबू सोरने की याचिका और शिकायत समय से पहले दायर की गई थी और इस मामले में लोकपाल को देखना था कि इस मामले में आगे की कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त सामग्री है या नहीं.

गोड्डा सीट से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने अगस्त, 2020 में शिबू सोरेन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया था कि शिबू सोरेन और उनके परिवार ने सरकारी खजाने का दुरूपयोग कर भारी संपत्ति अर्जित की है. सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के बाद लोकपाल ने सीबीआई को सोरेन के खिलाफ यह पता लगाने के लिए प्रारंभिक जांच के आदेश दिए थे कि क्या आगे बढ़ाने के लिए प्रथम दृष्टया कोई मामला है.

## जियाडा की 220 एकड़ जमीन के लिए तैयार होगा डीपीआर

प्रमुख संवाददाता। रांची

- गोविंदपुर-साहिबगंज इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के काम आएगी तेजी

उद्योग विभाग जियाडा की 220 एकड़ जमीन के डेवलपमेंट के लिए डीपीआर तैयार करेगा. इसके लिए उद्योग सचिव जीतेंद्र सिंह ने निर्देश दिया है. साथ ही गोविंदपुर- साहिबगंज इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर पर भी जोर दिया गया है. इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए धनबाद और जामताड़ा जिला में 400-400 एकड़ भूमि का प्रस्ताव सौंपा गया है. जमशेदपुर में नवनिर्मित क्लस्टर को उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है. इसके लिए जियाडा के प्रबंध निदेशक को प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है.

**प्लास्टिक पार्क के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश :** उद्योग सचिव ने प्लास्टिक पार्क के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया है. प्लास्टिक पार्क के तीसरे चरण का कार्य शुरू हो गया है. सचिव ने कहा है कि समय पर काम पूरा नहीं होने के कारण कार्य प्रगति पर इसका विपरीत असर पड़ता है और लागत भी बढ़ने की संभावना होती है. इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया. प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत निर्माणाधीन लॉजिस्टक पार्क के कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है. यूनिटी मॉल के लिए जल्द योजना का प्रस्ताव देने की बात कही गयी है.

## फर्जी दस्तावेजों से बन रहे आवासीय-जन्म प्रमाण पत्र

संवाददाता। रांची

- सीबीआई जांच में हुआ खुलासा, योग्य बच्चों को हो रहा है नुकसान

झारखंड में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है. इसका खुलासा सीबीआई जांच में हुआ है. अधिकारियों व बच्चों के अभिभावक, ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और वार्ड पार्षद की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है. उनमें अधिकतर राज्य से बाहर के लोग हैं. इस आपसी गठजोड़ में बड़े रैकेट के शामिल होने की संभावना है.जांच में यह भी पता चला है कि प्रबंधन के आंख में भी धूल झोंककर फर्जी डोमेसाइल और जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर प्रतिष्ठित स्कूल और सनिक स्कूल तिलैया में बड़े पैमाने पर झारखंड कोटे से नामांकन प्राप्त किया है. सीबीआई ने दस्तावेजों के आधार पर प्रतिष्ठित स्कूल-कॉलेज में नामांकन कराये जाने की रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी है.

**गलत तरीके से बनवा रहे हैं प्रमाण पत्र :** बच्चे के अभिभावक गलत तरीके से डोमेसाइल व जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर बच्चों को अच्छे स्कूल व तिलैया सैनिक स्कूल में नामांकन करवा रहे हैं. इससे योग्य बच्चे ऐसे स्कूलों में एडमिशन से वंचित हो जा रहे हैं.

### राजभवन में दो नए पद सृजित

रांची। राजभवन में पूर्व के सृजित पदों को सरेंडर करते हुए दो आप्त सचिवों के पद सृजित हुए हैं. राज्यपाल के वरीय आप्त सचिव के एक पद जिनका वेतनमान पीबी 4- 37400- 67000, ग्रेड पे- 8700, वहीं, एक पद आप्त सचिव का भी होगा. जिनका वेतनमान 15600-39100 ग्रेड पे-6600 रुपये सातवें वेतनमान के अनुरूप मिलेगा.

### मौसम का मिजाज : अगले कुछ दिनों में 3 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

# छाए रहेंगे बादल, कल से बारिश के आसार

संवाददाता। रांची

झारखंड में मौसम ने करवट ले ली है. उधर - पूर्वी दिशा से आने वाली ठंडी हवा से मौसम बदल गया है. सोमवार को राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में दोपहर के बाद आंशिक बादल छाए रहे. मंगलवार को भी राज्य में आंशिक बादल छाए रहेंगे. मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले 3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है. वहीं 23 फरवरी के बारिश के बाद तापमान में इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है. पिछले 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा. वहीं सबसे अधिक उच्चतम तापमान 32.4 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया.



**शहर के तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 | 13.4 |
| जमशेदपुर | 31.2 | 16.2 |
| डालटनगंज | 30.2 | 13.2 |
| बोकारो थर्मल | 29.1 | 13.1 |
| चाईबासा | 32.4 | 16.2 |
| देवघर | 28.9 | 12.4 |
| गिरिडीह | 27.7 | 14.2 |
| गढ़वा | 28.8 | 12.4 |
| लोहरदगा | 27.1 | 12.3 |
| गोड्डा | 28.6 | 11.3 |

### मौसम विभाग ने जताई है संभावना

कल से झारखंड के कई जिलों में बारिश की संभावना है. राज्य के उत्तर पूर्वी भाग देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के कुछ हिस्सों में हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. वहीं 22 फरवरी को उत्तरी भागों देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, पलामू व गढ़वा में कुछ जगहों पर वर्षा होने की संभावना है. 23 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी भागो में पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है.

CLASSIFIED






















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | मंगलवार , 20 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 303 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### घर छोड़ने को लाचार हो गए परिजन, आज भी गांव छूटने का है मलाल, साथ ही जीना भी हुआ मुहाल

# हजारीबाग के हंसते-खेलते परिवार को उग्रवादियों ने कर दिया तबाह

प्रमोद उपाध्याय । हजारीबाग

उग्रवादियों की तबाही से आज कई घर सूने हो गए हैं. उस वक्त को आज भी कई लोग भुला नहीं पा रहे हैं. कई परिवार बेघर हो चुके हैं. कोई रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है, तो कई लोगों ने गांव को ही छोड़ कर शहर में आशियाना बना लिया है. अब वह गांव में भी जाने से कतराते हैं. कुछ अपनी प्रॉपर्टी की देखरेख के लिए गांव तो जाते हैं पर वह यादों में खो जाते हैं. उन्हें गांव छोड़ने का सदमा होता हैं. कहा कि उग्रवादी के मारे हुए परिवार आज भी अपने बिखरा हुआ परिवार को जुटा नहीं पा रहा हैं.

बताते चले की एक वक्त था कि उग्रवादियों का ही बोलबाला गांव में खूब हुआ करता था और उग्रवादियों ने कई घरों को तबाह भी कर दिया. ऐसा ही मामला बड़का गांव के टूटे और बिखरे हुए परिवार का है. यह


मृतका चंपा देवी.


चंपा देवी का मृतक पुत्र.

परिवार बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के सदवई गांव का है. जिसमें परन पासी अपनी पांच बेटियों और इकलौते बेटे के साथ गांव में खेती बाड़ी कर खुशहाल थे.और वह समय रहते तीन बेटियों और बेटे की शादी भी कर दिए थे. लेकिन इस हंसते-खेलते परिवार की खुशी उग्रवादियों को हजम नहीं हुई. 30 जुलाई 2017 में उग्रवादियों ने परन पासी के इकलौते पुत्र की पुलिस का मुखबिर बता कर जन अदालत लगाकर हत्या कर दी. इससे भी जब उग्रवादियों का मन नहीं भरा, तो उनकी पत्नी चंपा देवी पर केस उठाने को कह कर 5 दिसंबर 2020 में पीट-पीट कर हत्या कर दी. अब परम पासी बेघर हो चुके हैं और उनका परिवार भी टूट चुका है. मजबूर पिता पर अभी दो बेटी की शादी करने की जिम्मेवारी भी है. ऐसे में उनका पूरा परिवार हजारीबाग शहर में किराए के मकान पर रह कर दर-दर की ठोकरें खा रहा है.

**पिता ताड़ी उतार कर परिवार चलाने में जुटे हैं.बता दें कि बड़का गांव में कई ऐसी कंपनियां हैं, जो चाहें तो इस परिवार को गोद ले सकती हैं, लेकिन उग्रवादियों के सताए परिवार को कोई मदद करने को तैयार नहीं है. न ही उन्हें कोई रोजगार मिल रहा है. हालांकि उग्रवादियों के सताए हुए परिवार को सरकार की तरफ से भी नौकरी देने की प्रावधान है. लेकिन यह परिवार नौकरी को लेकर 7 सालों से ऑफिस दफ्तर नेता मंत्री का चक्कर काट रहे हैं. यही नहीं इनकी पीड़ा को शुभम संदेश ने भी कई बार उठाया. इसके चलते घर की बहू को नौकरी 2023 मिली. इसके बाद परिवार में थोड़ी सी खुशी झलकी और परम पासी की बेटी सरिता कुमारी मिठाई का डिब्बा लेकर शुभम संदेश कार्यालय भी आई.**



## पीड़ित परिवार की बेटी ने सुनाई आपबीती

पीड़ित परिवार की बेटी ने बताया कि पढ़ने की बहुत इच्छा थी. भाई ने तो इंटर पास कराया था और जैसे ही ग्रेजुएशन मैं नामांकन करने की सोच रही थी उसी वक्त उग्रवादियों की हमारे परिवार पर नजर पड़ गई और फिर हत्या के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी. उसके बाद कुछ साल बीत गए. इसके बाद धीरे-धीरे परिवार पहले के जैसा होने लगा ही था कि और फिर से उग्रवादियों ने मां की हत्या कर दी. फिर से हमारा परिवार टूट गया. हम



आज तक भटक रहे हैं. अब पिता ताड़ी बेच कर परिवार चला रहे हैं. हालांकि भाभी की नौकरी मिली है, तो परिवार चलाने में कुछ सहयोग तो हो रहा है पर भाभी के भी तीन बच्चे हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं. पैसा कम बच पा रहा है, अब हमारी शादी के लिए न पैसा है और न ही कोई रोजगार. इसके लिए पिता आज भी परेशान हैं. घर जाते हैं तो उग्रवादियों की धमकी आज भी मिलती है. ऐसे में घर जा नहीं पाते और ना पिता के कार्य में सहयोग कर पा रहे हैं. हमारी पढ़ाई तो नहीं हो पाई लेकिन अब छोटी बहन को पढ़ाने का मन बना लिए हैं. अभी वह पीजी कर रही है और वह रोजगार की तलाश में जुटी हुई है.

**और भी हैं ऐसे मामले**

इधर जिले के इचाक प्रखंड, कटकमसांडी, में भी कुछ मामला ऐसा ही है. उग्रवादियों की तबाही से कई लोगों ने गांव ही छोड़ दिया है और वह शहर में कोई किराए के मकान में तो कोई गांव की प्रॉपर्टी बेचकर शहर में अपने सिर छुपाने का जगह ढूंढ लिए हैं. हालांकि इसमें कुछ अपनी प्रॉपर्टी की देखरेख के लिए कभी कभार गांव तो जाते हैं, पर वह शाम ढलते ही शहर वापस आ जाते हैं. हालांकि उग्रवादियों की कमर तोड़ने में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का अहम भूमिका रही थी. वह उग्रवादियों की पूरी तरह से कमर तोड़ कर पूरे राज्य में फिर से अमन शांति बहाल किए थे. अब पूरे गांव में भी शांति अमन फिर से लौट आया है और पुलिस के भी समय-समय गांव की पेट्रोलिंग करने में जुटी रहती है वह सूचना मिलते ही उग्रवादियों को खदेड़ देती है.

---

### हर क्यूआरटी में 20-20 जवान : हेडक्वार्टर क्यूआरटी को सिटी व ग्रामीण एसपी करेंगे निर्देशित

# अपराधमुक्त धनबाद के लिए पांच प्रखंडों में बनी क्यूआरटी

रिजवान शम्स । धनबाद

**कायाकल्प**

- सीसीआर में 100 जवानों की तैनाती, गश्ती भी करेंगे जवान
- पिंक पेट्रोलिंग की फिर से शुरुआत, 20 महिला आरक्षियों की तैनाती

धनबाद एसएसपी एचपी जर्नादन ने जिले को अपराधमुक्त करने और विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के तहत रविवार को 300 आरक्षियों को अलग-अलग जोन में बांटकर ड्यूटी के लिए तैनात कर दिया है.

एसएसपी ने बाघमारा, सिंदरी, निरसा, टुंडी, तोपचांची और मुख्यालय के लिए छह क्विक रिसपांस टीम बनाई है. क्यूआरटी में 100 जवानों को तैनात किया गया है. मुख्यालय की क्यूआरटी टीम में भी 35 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है. इन जवानों को संबंधित क्षेत्र में ही रहने को कहा गया है, क्योंकि किसी भी प्रकरण में त्वरित रूप से मौका-ए-वारदात पर पहुंचने और विधि व्यवस्था संभालने का निर्देश है. बताते चलें कि धनबाद जिला पिछले कुछ दिनों से अपराध के लिए खासा बदनाम हो चुका है. ऐसे में नए कप्तान धनबाद की पुलिसिंग को नए ढर्रे में ढालने का प्रयास कर रहे हैं. जिसके तहत अब जिले के पांच प्रखंडों में क्यूआरटी बनाई गई है. झरिया, तोपचांची, बाघमारा, सिंदरी, टुंडी के लिए बीस-बीस जवानों को लगाया गया है. इन सभी जवानों को संबंधित क्षेत्र के डीएसपी दिशा-निर्देश देंगे. खासकर विधि व्यवस्था के मामले में इनकी सक्रियता महत्वपूर्ण होगी. जरूरत पड़ने पर इनसे गश्ती आदि में भी मदद ली जाएगी.



### पिंक पेट्रोलिंग के लिए खाका तैयार

बंद पड़े पिंक पेट्रोलिंग के लिए एसएसपी ने खाका तैयार किया है. पिंक पेट्रालिंग के लिए बीस महिला आरक्षियों की तैनाती की गई है. इन्हें स्कूल, कॉलेज, पार्क से लेकर अस्पतालों तक दौड़ लगानी होगी. खासकर महिला कालेजों में तो नियमित तौर पर गश्ती करनी होगी. इसके अलावा यदि कहीं से छेड़खानी की शिकायत मिली तो फौरन वहां कूच करना होगा और शोहदों पर नकेल कसना होगा.

### क्राइम कंट्रोल रूम में 100 जवानों की तैनाती

क्राइम कंट्रोल रूम यानी सीसीआर में 100 जवानों की तैनाती की गई है. ये जवान शहर में किसी आपराधिक सूचना पर काम करेंगे. बीट पुलिसिंग में भी इनकी सक्रियता रहेगी. सीसीआर के कुछ जवान शहर में पैदल गश्ती का काम करेंगे. बाइक से भी गश्ती में इन लोगों को लगाया जाएगा. ऐसे में अब शहर में पुलिस पूरी तरह से दिखेगी. इनके अलावा शहर के तीन थानों में 60 टाइगर जवानों को भी तैनात किया गया है. जो पूर्व की तरह अपने कार्य को अंजाम देंगे.

### बीट पुलिस धनबाद में पैदल करेंगे गश्ती : एसएसपी

धनबाद के पांच प्रखंडों में क्यूआरटी बनाई गई है. इसके अलावा बीट पुलिसिंग और पिंक पेट्रोलिंग की फिर से शुरुआत की जा रही है. बीट



पुलिसिंग के तहत शहर में पैदल गश्ती करनी है. चौक-चौराहों पर भी जवानों की तैनाती रहेगी. जिले को अपराधमुक्त करने की दिशा में हर कदम उठाए जा रहे हैं, अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए और आमजन के लिए बिलकुल अलग सी पुलिस दिखने की कवायद की जा रही है., जो लगे कि ये पुलिस आम पब्लिक के लिए ही है.




# जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थियों ने निकाली जेएसएससी की शवयात्रा

संवाददाता । रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थियों परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर 16 फरवरी से अनशन पर बैठे हैं. अनशन के चौथे दिन अभ्यर्थी जेएसएससी की अर्थी निकाल कर अपना विरोध जताया. इतना ही नहीं अभ्यर्थियों ने अपना सिर भी मुंड़वाया.

अनशन पर बैठे छात्रों का कहना है कि हमारी क्या गलती है. हम तो तैयारी करके परीक्षा देते हैं. कहा कि एक बार प्रश्न पत्र लीक होने के कारण और दूसरी बार स्थानीय नीति की वजह से परीक्षा रद्द कर दी गयी. इस बार ठीक से परीक्षा हुई. लेकिन जेएसएससी इसे गंभीरता से नहीं ले रही है. आयोग हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. अभ्यर्थियों ने जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की है.

### चार माह बीते, लेकिन अब तक जारी नहीं हुआ परिणाम

दरअसल जेएसएससी ने चार माह पहले जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी. लेकिन आयोग ने अभी तक परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया है. छात्रों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की. लेकिन अभ्यर्थियों को हर बार सिर्फ आश्वासन दिया गया. इससे पहले भी जेएसएससी ने दो बार जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी. और अलग-अलग कर्म से रद्द हो गया एक बार तो ठीक हो गया. अपनी मांगों को लेकर जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी के 16 फरवरी से आंसर पर बैठे हुए हैं आंसर के चौथे दिन जेएसएससी का अर्थी सजा कर अपना विरोध जाता रहे हैं.



---

### श्यामडीह कंप्यूटर ट्यूशन करने गई थी छात्रा

# ट्यूशन पढ़ने गई छात्रा का अपहरण, मामला दर्ज

संवाददाता । कतरास

ट्यूशन पढ़ने गई कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा का अपहरण श्यायमडीह से कर लेने का मामला प्रकाश में आया है. घटना के बाद से ही छात्रा के परिजन भयभीत है. इसकी शिकायत छात्रा के पिता ने पुलिस को दी है. पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है. छात्रा के पिता ने शिकायत में लिखा है कि मेरी पुत्री को सुबह 10 बजे श्यामडीह ट्यूशन के लिए गई थी दोपहर करीब 2:30 में मेरे मोबाइल नंबर 7564 03138 0 में मोबाइल नंबर 97983139



92 से मेरी बेटी का फोन आया और बोली कि मुझे दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अज्ञात स्थान पर ले आया गया है . इतना बोलते ही फोन कट हो गया और मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आने लगा. उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी पुत्री का अपहरण किया गया है. इधर छात्रा की सहेली ने जानकारी दी कि ट्यूशन के बाद वह टोटो से घर के लिए निकली थी. वहीं कुछ लोग दबी जुबान से प्रेम प्रसंग की बात कह रहे हैं. हालांकि मामला अपहरण का है या प्रेम प्रसंग या फिर कुछ ओर यह तो पुलिसिया जांच पड़ताल में ही स्पष्ट हो सकता है. इधर मामले को लेकर कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है. प्राथमिकी दर्ज की गयी है. जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है, जल्द ही लड़की को बरामद कर लिया जाएगा.

### पीएलएफआई नक्सलियों ने रेंगालबेड़ा में पोकलेन मशीन में आग लगाई

**किरीबुरु।** मनोहरपुर थाना अन्तर्गत रेंगालबेडा. गांव के समीप एक तालाब निर्माण में लगी पोकलेन मशीन को बीती रात पीएलएफई नक्सलियों द्वारा जला दिया गया. घटना के बाबत सूत्रों ने बताया की कथित नक्सली मध्य रात्रि घटनास्थल पर पहुंचे एवं उक्त मशीन में आग लगाकर तथा घटनास्थल पर लाल बैनर लगाकर फरार हो गये. बताया जा रहा है कि नक्सली लेवी हीं मिलने से नाराज होकर इस घटना को अंजाम दिया. पुलिस मामले की जांच में लगी है.

# 3 बच्चों संग महिला ने कुएं में लगाई छलांग, बच्चों की मौत

संवाददाता । सरायकेला /खरसावां

जिले में पारिवारिक झगड़े के कारण महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूद गई. इस हादसे में महिला के तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि ग्रामीणों ने महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया. यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी. महिला की पहचान पूजा महतो के रूप में हुई है. उसे ग्रामीणों ने कुएं से बाहर निकालकर खरसावां के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया. लोहरदगा जिले की रहने वाली पूजा का शनिवार को अपने पति से मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था. अनुमंडल पुलिस अधिकारी (सरायकेला) दिलीप खालको ने बताया कि जब महिला का पति किसी काम से रांची गया हुआ था, उसी दौरान महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन नाबालिगों की पहचान कोमल कुमारी (9), अनन्या महतो (5) और आर्यन महतो के रूप में हुई है. इन तीनों ही बच्चों की मृत्यु हो गई है, जबकि पूजा को बचा लिया गया है. उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शवों को बरामद किया. महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों को बरामद कर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### सड़क दुर्घटना में जवान सहित दो की मौत

**गुमला।** गुमला में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. जिसमें एक पुलिस का जवान भी शामिल है. जानकारी के अनुसार पुलिस जवान बंधु उरांव 46 वर्ष भरदा चमराटोली का रहने वाला था. लातेहार जिला के चंदवा में तैनात था. वह छुट्टी लेकर घर आया था. रविवार की देर रात खोरा के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर में घायल हो गया था. इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. पोस्टमार्टम के बाद शव सोमवार को उसके परिजनों को सौंप दिया गया. वहीं दूसरी घटना सिलम पेट्रोल पंप के समीप की है. जहां अज्ञात वाहन के टक्कर से करौंदी निवासी 72 वर्षीय वद्ध चुडु नायक घायल हो गया था. इलाज के दौरान सोमवार की सुबह सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई. मृतक के पोते सुनील नायक ने गुमला थाना में प्राथमिकी की दर्ज कराई है.

---

**आफत** | वन विभाग के प्रयास के बावजूद शहर से नहीं भाग रहा हाथी, लोगों में दहशत

# दंतैल हाथी से रात भर परेशान रहे किरीबुरु-हिल्टॉप के लोग

संवाददाता । किरीबुरु

दंतैल हाथी के आतंक से रविवार की देर शाम से सोमवार तक किरीबुरु और हिलटॉप शहर के लोग व वन विभाग की टीम आतंकित रहे. सारंडा जंगल के कलैता गांव क्षेत्र से मैगजीन होते हुए दंतैल हाथी रविवार की देर शाम किरीबुरु शहर में और उसके बाद मध्य रात्रि से सोमवार की सुबह तक हिल्टॉप शहर में घुस गया. इससे लोग आतंकित रहे. उक्त हाथी ने सबसे पहले रविवार की शाम किरीबुरु-हिल्टॉप मुख्य मार्ग पर बीच सड़क पर खड़ा होकर आवागमन को ठप कर दिया था. उसके बाद मुर्गापाड़ा स्थित दुर्गापूजा पंडाल में पहुंचा. वहां से सैकड़ों लोग मशाल, पटाखा आदि का इस्तेमाल कर भगाने की कोशिश की. हाथी सेलकर्मियों के आवास के सामने से आरसी सिंह हाटिंग होते चर्च हाटिंग पहुंचा. वन विभाग की टीम व जनता की तमाम कोशिशों के बावजूद हाथी चर्च हाटिंग के लोगों के घरों के बीच से होकर गुरुद्वारा परिसर तक पहुंच गया. इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया. पुनः वन विभाग की टीम मशाल, टार्च, पटाखा आदि के सहयोग से किसी तरह चर्च हाटिंग से बोलानी खदान क्षेत्र में भगाने में सफल रही. हाथी को जब-जब भगाया जाता, हाथी कुछ देर बाद लौट कर चर्च हाटिंग आ जाता. इस हाथी पर मशाल, आग, पटाखा आदि का कोई असर नहीं हो रहा था. आग के बीच से वह गुजर रहा था.



*सारंडा डीएफओ अभिरूप सिन्हा ने बताया कि इस हाथी को भगाने हेतु किरीबुरु के अलावे गुवा से वन विभाग की दो टीम लगाई गई है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हाथी के पास नहीं जाएं, शोर नहीं मचाएं, अन्यथा हाथी जान-माल का नुकसान पहुंचा सकता है. वन विभाग को हाथी भगाने का काम करने दें. हाथी से सतर्क रहें. उन्होंने कहा कि एक ही हाथी है लेकिन कुछ लोग अलग-अलग हिस्से में और हाथी होने की अफवाह फैला रहे हैं. अफवाहों से लोग बचें. हाथी को नुकसान पहुंचाने अथवा छेड़छाड़ का प्रयास नहीं करें.*

किरीबुरु से भगाने के बाद हाथी सीधे ओडिशा सीमा स्थित किरीबुरु के ही हिल्टॉप शहर में प्रवेश कर गया. हाथी के हिल्टॉप जाते ही शहर की बिजली आपूर्ति काट दी गई, ताकि करंट लगने से हाथी को बचाया जा सके. पहले से हिल्टॉप के लोग आग आदि जला कर सतर्क थे. जनता व वन विभाग मिलकर हाथी को शहर से भगाने हेतु सोमवार की सुबह तक प्रयास करते रहे, लेकिन हाथी एक कॉलोनी से भाग दूसरे हाटिंग या कॉलोनी में चला जाता. यह हाथी शहर व गांवों के घरों को ही चावल आदि खाने हेतु मुख्य रूप से निशाना बना रहा है. लेकिन रविवार की रात वन विभाग व लोगों की सतर्कता की वजह से यह हाथी किसी के घर को नुकसान नहीं पहुंचा सका. हालांकि पिछले चार दिन के दौरान इस हाथी ने हिल्टॉप के चार, कलैता के दो और मर्चींगड़ा के एक ग्रामीण का घर तोड़ कर खाद्यान्न खाया व सामान को भारी नुकसान पहुंचा चुका है.

### रामगढ़ में कोयला तस्करों का दुस्साहस

**रांची/रामगढ़।** कोयला तस्करी रोकने गये हजारीबाग रेंज के डीआईजी की क्यूआरटी टीम पर कोयला तस्करों ने हमला किया है. घटना रविवार देर रात की बतायी जा रही है. डीआईजी को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ जिले के घाटो थाना क्षेत्र में कोयला तस्कर अवैध कोयला की तस्करी कर रहे हैं. इसके बाद कार्रवाई करने के लिए डीआईजी ने अपनी टीम को भेजा. इसी दौरान 50 से 60 की संख्या में कोयला तस्करों ने डीआईजी की क्यूआरटी टीम पर हमला कर दिया. इस मामले में कोयला तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है और आगे की कार्रवाई जारी है. वहीं इस संबंध में हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि किसी भी कीमत पर कोयला का अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.

- **हजारीबाग डीआईजी की क्यूआरटी टीम पर हमला, केस दर्ज**

# सोनारी में शौच करने गए युवक पर फायरिंग

संवाददाता । जमशेदपुर

सोनारी थाना अंतर्गत निर्मलनगर निवासी रवि महतो पर रविवार देर रात अपराधियों ने फायरिंग कर दी. इस घटना में गोली रवि महतो के कमर को छूते हुए निकल गई. घटना के बाद रवि किसी तरह जान बचाकर अपने घर भागा. सोमवार सुबह 11 बजे उसने सोनारी पुलिस को घटना की सूचना दी. पुलिस ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया. रवि ने बताया कि वह रविवार देर रात अपने घर से शौच के लिए निकला था. इसी बीच रास्ते में उसे गोलू मछुआ मिला. गोलू के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था. अचानक गोलू ने बंदूक निकाली और फायरिंग कर दी. भागने के क्रम



में गोली कमर को छूते हुए निकल गई. वह भागते हुए अपने घर पहुंचा. गोलू ने बताया कि वह ज्यादातर अपने गांव झिमरी में रहता है. सरस्वती पूजा में वह अपने घर आया था. मामले को लेकर सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत मिली है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### शहर में गुरुवार को सबसे प्रदूषित रहा वायु

**धनबाद।** शहर के वायु प्रदूषण में रविवार को सुधार देखा गया है. धनबाद नगर निगम इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है. गुरुवार को वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा मापा गया है. नगर निगम की ओर से जारी वायु गुणवत्ता बुलेटिन में रविवार को एक्यूआई 124 रहा. नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि अब नगर निगम हर हफ्ते शहर में प्रदूषण की स्थिति को लेकर साप्ताहिक वायु गुणवत्ता बुलेटिन निकालेगा. इसमें पिछले एक हफ्ते में धनबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की जाएगी. इससे लोगों को प्रदूषण से बचने और इससे निपटने के उपाय पर जागरूक किया जाएगा.

### सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है : शंकर

**महुदा ।** लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा को समाप्त करने को लेकर सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र कुमारडीह में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी में किशोरी, महिला, एवं सहिया ने भाग लिया. विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा पुरूष प्रधान समाज की देन है. महिलाओं को उनके समान अधिकार दिलाने की शुरुआत अपने-अपने घरों से करने की आवश्यकता है. रवानी ने घरेलू हिंसा अधिनियम आदि की जानकारी दी.

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, छह जख्मी

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के बरवाटोला में सोमवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई. दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी भी हुई, इसमें करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं. एक स्कूटी में तोड़फोड़ भी हुई है. खबर पाकर मौक पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और दोनों पक्षों में जमीन के कागजात के साथ थाने बुलाया है. एक पक्ष के रामदुलार कुंभकार के बेटों ने बताया कि बरवाटोला में उनकी 17 डिसमिल पुश्तैनी जमीन है. उक्त जमीन पर कब्जा करने की नीयत से सोमवार को राकेश कुमार और योगेंद्र शर्मा दर्जनों युवकों के साथ पहुंचे और दीवार निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया.

### आईलिड आईएएस एकेडेमी का उद्घाटन किया गया

**गोमो।** प्रखंड प्रमुख आनंद महतो के द्वारा सोमवार को खेसमी, गोमो मिडिल स्कूल के पास आईलिड आईएएस एकेडेमी का उद्घाटन किया गया. कोचिंग अकादमी का उद्घाटन करते हुए प्रमुख आनंद महतो ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को अपने जीवन की संघर्ष गाथा सुनाते हुए ज्ञान साधना के लिए कैसे-कैसे प्रयास किए जाने चाहिए बताया. क्षेत्र के शिक्षाविद अनिल देव, तुलसी महतो, कनक कांति मेहता, सौरभ पाल, हरदयाल ठाकुर, बिनोद मंडल,पुनित महतो,हरिप्रसाद महतो, नागेश्वर महतो,रविन्द्र महतो आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे.

### हिल टॉप आउटसोर्सिंग का हुआ औचक निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, राज्य कर पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी सहित जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के गोंदुडीह में संचालित हिल टॉप हाई राइज आउटसोर्सिंग का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान टीम ने बताया कि जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है.

---

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शुरू की आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी

# निरसा और टुंडी में उम्मीदवार देने पर बनी सहमति

संवाददाता। निरसा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) निरसा विधानसभा की ओर से मंगलवार को न्यू भमाल निरसा में प्रखंड अध्यक्ष विमल गोराई की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई. संचालन युवा नेता शेख सोहराव ने किया. बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गठबंधन एनडीए गठबंधन से हुआ है.

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल एवं झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सिंह के द्वारा निर्देश दिया गया है कि पार्टी झारखंड में कम से कम 12 से 15 विधानसभा क्षेत्र में आगामी 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी. इसके तहत चतरा लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी. इसलिए उन्होंने निर्देश दिया है कि जिन-जिन विधानसभा से उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में एक बूथ पर कम से कम 10 आदमी का कमेटी बनाया जाय. इसके तहत हमलोग धनबाद जिला के निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र से निश्चित तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे. इसके लिए अभी से ही आपलोग तैयारी शुरू कीजिए और हर एक गांव में जाकर जनता की समस्याओं से अवगत होकर, उसको निष्पादन करने के लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्या का समाधान कीजिए. ताकि, जनता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को समझे और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम कीजिए.



**खास बातें**

- एक बूथ पर 10 आदमी का कमेटी बनाएं
- लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम कीजिए

**कई लोगों ने राकांपा में शामिल होने की घोषणा की**

बैठक में कई लोग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) में शामिल होने की घोषणा की. सभी को पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने पार्टी का पत्ता देकर एवं सदस्यता दिलाकर पार्टी में शामिल कराया. इसके उपरांत पार्टी ने जनहित की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए रूपरेखा तैयार की. बैठक में जिला उपाध्यक्ष पतित पवन तिवारी, विक्की बाउरी, रूपेश दा, महेश मालाकार, सागर मोदी, विक्रम कुमार राम, काजल तिवारी, मिंटू कुमार साह, मिंटू कुमार यादव, राजेंद्र सिंह, प्रदीप महतो, शेख सोहराव, निर्मल बाउरी, काजल बाउरी आदि उपस्थित थे.

---

# नेक काम के लिए महिला को पुलिस ने किया सम्मानित

संवददाता। मैथन



कुमारधुबी बाजार में रविवार के शाम मां के साथ गयी बच्ची आईरा (4) गुम हो गयी. वह रोती हुई गलफरबाड़ी की महिला पूनम देवी को मिली. वह बच्ची को लेकर गलफरबाड़ी ओपी चली आयी. पुलिस से बच्ची को मां से मिलाने की गुहार लगायी. पुलिस ने पता लगाया तो जानकारी मिली कि वह निरसा के कंचनडीह की है. बच्ची की मां से संपर्क किया और ओपी बुलाकर बच्ची को सौंप दिया. महिला के इस नेक काम को पुलिस के साथ साथ लोगों ने खूब सराहना की. सोमवार को सादे समारोह में बच्ची को मां से मिलाने वाली उस महिला को गलफरबाड़ी ओपी में निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने सम्मानित किया. कहा कि महिला पूनम देवी ने जो नेक काम किया है वो प्रेरणा दायक है. बच्ची की मां जाईवा परवीन ने बताया कि वह बच्ची को लेकर कुमारधुबी बाजार गयी थी. एक दुकान से कुछ सामान लेने लगी. थोड़ी देर बाद पीछे मुड़ी तो देखा कि बच्ची गायब है. बच्ची के खो जाने से परेशान वह भागम दौड़ करने लगे. बाजार में माइक से एनाउंस भी कराया. इस बीच उस महिला को बच्ची रोती हुई मिली. महिला बच्ची को लेकर पुलिस के पास पहुंच गयी. मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत मुखिया अजय राम मुख्य रूप से थे.

---

नगर आयुक्त ने सभी अंचलों में प्रतिनियुक्त किये नोडल अधिकारी

# 20 से 22 तक वृद्धावस्था पेंशन के लिए लगेंगे शिविर

संवाददाता। धनबाद

राज्य के 50 वर्ष से ऊपर की महिला एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पुरुष को प्रति महीने 1000 रुपए पेंशन देने के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की शुरुआत की गई है. इसके लिए जिले के सभी 256 पंचायत, नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आगामी 20 फरवरी से 22 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी, सीएससी, प्रज्ञा केंद्र, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि मौजूद रहेंगे. इस संबंध में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद ने बताया कि शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर सभी प्रखंडकर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायकों को पुराने समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि योग्य लाभुकों का सरलता से आवेदन प्राप्त करके उन्हें स्वीकृति प्रदान की जा सके.

**जाति प्रमाण पत्र बनाने के बाद मिलेगा योजना का लाभ:** निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि जिस लाभुक के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है और बनने के लिए दिया है, उनका रिसीविंग दिखाने पर ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा. परंतु, जब जाति प्रमाण पत्र बनेगा तब उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा.

**प्रखंडकर्मी, ऑपरेटर व सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण :** लाभुकों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज दो फोटो अपने साथ रखने होंगे. इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रंजीत कुमार शर्मा, मोहम्मद कादीर अंसारी ने सभी प्रखंडकर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया.



**तीन दिनों तक शिविर का आयोजन किया जाएगा**

मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ देने के लिए नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने सभी अंचलों में नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति किये हैं. सभी अंचलों में तीन दिनों तक तीन विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जाएगा. कतरास अंचल के लिए सहायक नगर आयुक्त अंकित गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है.

---

## सीएम आज गिरिडीह में अबुआ आवास की स्वीकृति देंगे

**धनबाद।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गिरिडीह में करीब 35 हजार लाभुकों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र देंगे. आवास निर्माण के लिए लाभुकों के खाते में पहली किस्त की राशि भी हस्तांतरित की जाएगी. इस मद में कुल अरब छह करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये लाभुकों के खाते में भेजे जाएंगे. सीएम के कार्यक्रम में तीन जिलों के लाभुकों का जुटान होगा. गिरिडीह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में धनबाद के 8973 लाभुकों को अबुआ आवास की स्वीकृति दी जाएगी. साथ ही उनके खाते में पहली किस्त भी स्थानांतरित की जाएगी. इसके लिए सारी प्रशासनिक तैयारी कर ली गई है. जिले से गिरिडीह जाने वालों में से 15 को स्टेज पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा. जिला प्रशासन अबुआ आवास योजना के सभी नौ हजार लाभुकों को बस से गिरिडीह ले जाएगी. लाभुकों के खाने पीने की व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा की गई है.

**बाघमारा अंचल के सबसे ज्यादा लाभुक जाएंगे गिरिडीह :** अबुआ आवास योजना कि स्वीकृति पाने वाले लाभुकों में धनबाद अंचल के 381, बाघमारा अंचल के 1809, बलियापुर के 873, पूर्वी टुंडी के 454, ग्यारकुंड के 676, गोविंदपुर के 1435, केलियासोल के 726, निरसा के 914, तोपचांची के 887 एवं टुंडी के 818 लाभुक शामिल हैं. इन लाभुकों को गिरिडीह ले जाने के लिए 150 बसों की व्यवस्था की गई है.

---

आंदोलित ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

# जोगता ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य रोका

संवाददाता। कतरास



बिजली पानी की व्याप्त समस्या को लेकर जोगता नागरिक समिति के सदस्यों ने सोमवार को मोदीडीह कोलियरी के तेतुलमुड़ी कोल डंप के ट्रांसपोर्टिंग कार्य रोक कर धरना पर बैठ गए. इस दौरान समस्या की समाधान को लेकर आंदोलित लोगों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कंपनी प्रबंधन को कई बार अवगत करते हुए पत्राचार किया गया. बावजूद कंपनी अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही है. जब तक हमारी मांगों पर प्रबंधन पहल नहीं करती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. इधर, आंदोलन को लेकर एहतियात के तौर पर सीआईएसएफ जवानों की तैनाती की गई थी. करीब दो घंटे के बाद मोदीडीह कोलियरी के पीओ संजय सिंह,पीएम मुकेश कुमार, प्रबंधक दशरथ सिंह पहुंचे और आंदोलनकारियों को समझा बुझाकर शांत कराया. पीओ ने सब को शीघ्र पानी व बिजली आपूर्ति कराने का आश्वासन दिया इसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया. आंदोलन में मुकेश गुप्ता, मनोज महतो, पप्पू सहाय, अनुज कुमार सिन्हा, सुरेश महतो, जसीम अंसारी, निर्मल निषाद, विष्णु महतो, दिनेश पासवान, मंगल चौहान, हलीम अंसारी आदि शामिल थे.

---

### जय श्री राम बोलकर रेलवे पुल से कूदा, मौत

**मैथन।** झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा के समीप चिरकुंडा थाना क्षेत्र के बराकर नदी रेलवे पुल से एक व्यक्ति (45) ने कूदकर आत्महत्या कर लिया. घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगाने के दौरान वह जोर से जय श्री राम का नारा लगाया था. मृतक का हाथ पैर टूट गया है. उसका पहचान नहीं हो सका है. नदी में नहा रहे एवं कपड़ा धो रहे लोगों ने कहा कि व्यक्ति ने कूदने से पहले जय श्रीराम बोल कर पुल पर से छलांग लगा दी. लोगों ने घटना की सूचना वार्ड संख्या चार की निवर्तमान पार्षद रानी केराई को दिया. फिर रानी केराई ने इसकी सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी. सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे ले लिया. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई है.

---

ईडी कार्रवाई के खिलाफ निकाला न्याय मार्च

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के साथ हो रही साजिश : राजू

संवाददाता। साहिबगंज

हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो ने अपना न्याय मार्च शुरू कर दिया. झामुमो नगर कमिटी ने सोमवार को नगर अध्यक्ष राजू अंसारी के नेतृत्व में न्याय मार्च निकाला. इस दौरान राजू अंसारी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ईडी का दुरुपयोग कर झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन पर साजिश के तहत कार्रवाई कर रही है. इससे कार्यकर्ताओं व जनता में आक्रोश व्याप्त है. न्याय मार्च निकाल एक-एक नागरिक को हेमंत सोरेन के साथ हो रहे अन्याय व केंद्र सरकार की केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की जानकारी दी जा रही है. कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को इस अन्याय से अवगत करा रहे हैं.

वहीं लोगों को राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी भी दे रहे हैं. मौके पर गोपाल यादव, फिरोज यादव, नीरज चौरसिया, मो आफताब आलम,मो महताब सरवर, मो आलम, मो यासिर अराफात, आमीन, इरशाद, जियाउल, विक्रम मंडल, मजहर खान, सोहेल अंसारी, बल्ला सहित अन्य मौजूद थे.

---

# अबुआ आवास के लाभुकों ने जिओ टैग शुरू करने का विरोध किया



संवाददाता। मैथन

अबुआ आवास लाभुकों की सूची से नाम हटाये गये विभिन्न पंचायतों के लाभुकों ने सोमवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय पहुंचा और जिओ टैग का काम शुरू करने का जमकर विरोध किया. कहा कि ग्राम सभा द्वारा मुखिया एवं पंचायत सेवक की उपस्थिति में प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों की सूची बनायी गयी थी. जिसमें भारी गड़बड़ी की गयी है. जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये थी. लेकिन जांच किये बिना जिओ टैग किया जा रहा है, जो ग़लत है. इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा. जिओ टैग का काम नहीं रोका गया, तो प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जायेगा. इस संबंध में प्रखण्ड प्रमुख संगीता महतो ने कहा कि प्रखण्ड समन्वयक जमाल अख्तर पर गड़बड़ी करने का आरोप सही साबित हुआ है. डीडीसी ने भी जांच में अख्तर के फार्मेट को गलत बताया था और कार्रवाई करने की बात कही थी, बावजूद अबतक कार्रवाई नहीं हुई है. उल्टा उनसे जिओ टैग का काम करवाया जा रहा है. जबतक अख्तर पर कार्रवाई नहीं हो जाती, जिओ टैग का काम नहीं होने दिया जायेगा.

---

### आईआईटी की आरती को मिलेगा आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड

**धनबाद ।** आईआईटी-आईएसएम के ईंधन, खनिज और धातुकर्म इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर आरती कुमारी ने संस्थान का गौरव बढ़ाया है. उन्हें संस्थान की ओर से धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड 2023-24 के लिए चुना गया है. इंजीनियर्स (भारत) वैज्ञानिक और शैक्षणिक अनुसंधान अकादमी से दुर्लभ पृथ्वी की रिकवरी के लिए खर्च किए गए एनडीएफईबी चुंबक के हाइड्रोमेटालर्जिकल प्रसंस्करण में पीएचडी डिग्री धारक, प्रोफेसर आरती अनुसंधान रुचि में निष्कर्षण धातुकर्म, अलौह धातु निष्कर्षण, धातुकर्म पथों के माध्यम से प्राथमिक-माध्यमिक संसाधनों से धातु निष्कर्षण यानी लीचिंग शामिल हैं. 2019 में पवन टरबाइन के अपशिष्ट मैग्नेट से दुर्लभ पृथ्वी की पुनर्प्राप्ति नामक शोध लेख के लिए भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अवसर पुरस्कार, 2019 से 2022 तक धातुकर्म प्रयोगशाला जमशेदपुर में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में काम किया.

---

पंचवटी शिवशक्ति सीताराम हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा

# निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

संवाददाता। धनबाद

झरिया के जामाडोबा डुमरी 3 नम्बर में नवनिर्मित पंचवटी शिवशक्ति सीताराम हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे और ढोल नगाड़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई.जो कॉपरेटिव कॉलोनी ,भुवनेश्वर मोड़ ,डुमरी 2 नम्बर होते हुए लाल बंगला दामोदर नदी पहुंची. जहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश में जल भर कर यात्रा पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची.

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला,पुरुष और बच्चे शामिल थे, जो जय श्री राम, जय हनुमान के नारे के साथ आगे बढ़ रहे थे. इन नारों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया था. कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह शरबत पानी की व्यवस्था भी की गई थी. कलश यात्रा में भाजपा नेता योगेंद्र यादव ,शिव कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे. पंचवटी शिव मंदिर समिति के राजू गिरि, शीतल सिंह, प्रदीप पासवान, राजेश प्रसाद, विष्णु पाठक, गोरेलाल पासवान और राजू पंडित ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 19 फरवरी को कलश यात्रा के बाद पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरन एवं यज्ञ मंडप प्रवेश, 20 फरवरी पूजा आरंभ सर्व देवी देवता, अग्नि स्थापना, 21फरवरी पाठ, जप, हवन, नगर भ्रमण, 22 फरवरी शिव परिवार सहित महास्नान, प्राण प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक और महाआरती, 23 फरवरी महाआरती, यज्ञ पूर्णाहुति और अखंड हरि कृतन और 24 फरवरी को अखंड पूर्णाहुति, आरती व खिचड़ी भोग का आयोजन किया जाएगा. इस पांच दिवसीय अनुष्ठान को देवघर से आए पंडित विवेकानंद शास्त्री, पंडित भीम्मानंद मिश्रा, पंडित देव कृष पांडे एवं पंकज पांडे द्वारा किया जाना है. मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है.



---

### झरिया की समस्याओं को लेकर डीसी व एसएसपी से मिलीं रागिनी सिंह

**धनबाद।** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने झरिया की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को धनबाद के डीसी व एसएसपी से मुलाकात कीं. इस दौरान उन्होंने डीसी वरुण रंजन को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा. झरिया में आए दिन हो रहे सड़क हादसे व बढ़ते प्रदूषण की ओर से डीसी का ध्यान आकृष्ट कराया और इसकी रोकथाम के लिए कदम उठाने की मांग की. कहा कि स्कूलों में छुट्टी के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाए. साथ ही टाटा कंपनी के क्षेत्र में बसे लोगों को उचित स्थान पर विस्थापित करने कहा. डीसी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक विचार कर जल्द समाधान करने की बात कही. रागिनी सिंह ने एसएसपी एचपी जनार्दन से भी मुलाकात की और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया. कहा कि एचपी जनार्दन के आने के बाद से धनबाद जिले में आपराधिक घटनाओं में कमी आई है.

---

**भागवत कथा**

हमारी इंद्रियों में संयम है तो, इसमें भक्ति रूपी अमृत निकलता है

# सबसे ज्यादा आक्रमण सनातन धर्म पर हुआ: बृजेश जी महाराज

संवाददाता। पुटकी

गोपालीचक स्तिथ श्री श्री बजरंगबली मंदिर के 25वां वार्षिक महोत्सव का नौ दिवसीय के श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के चौथे दिन बृजेश जी महाराज ने कथा में कहा कि आज भी हमारे भारत राष्ट्र की रक्षा के लिए स्वयं नर नारायण के रूप में भगवान बद्री के आश्रम में विराजमान है. सबसे ज्यादा सनातन धर्म पर ही आक्रमण हुआ.

कई वर्षों तक आक्रांताओं ने सनातन को मिटाने के लिए आक्रमण किया लेकिन शंकराचार्य जी ने उन्हें शास्त्रों में परास्त कर पुनः धर्म की स्थापना की. कई वर्षों तक भारत में मुगलों एवं अंग्रेजों ने शासन किया, पर सनातन को नहीं मिटा सके. गजेंद्र मोक्ष कथा बताते हुए महाराज जी ने कहा कि हमें अंतिम समय में भी भगवान को नहीं भूलना चाहिए. समुद्र मंथन संवाद बताते हुए कहा कि हमारे जीवन में भी 16 वर्ष होते ही हमारी इंद्रियों का भी मंथन प्रारंभ हो जाता है. अगर, हमारी इंद्रियों में संयम है तो इसमें भक्ति रूपी अमृत निकलता है. अगर, इंद्रियों में संयम नहीं है, तो इसमें वासना रूपी विष भी निकलता है. भगवान वामन ने राजा बलि पर जो उद्धार किया, महराज जी ने उस पूरे वाक्या को संवाद के माध्यम से बताया तथा समझाया. उन्होंने भगवान राम के जन्म एवं रावण और राक्षसों का उद्धार किस प्रकार से हुआ, उसके बारे में बताया.

**खास बातें**

- भगवान वामन ने राजा बलि पर उद्धार किया
- कई वर्षों तक मुगलों व अंग्रेजों ने शासन किया



**कथा को सफल बनाने में इनका रहा योगदान**

कथा को सफल बनाने में रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह, अनिल शर्मा, आनंद खंडवाल, कमलेश पंडित, अशोक सिंह, सुभाष पासवान, दिलीप सिंह, अजय पासवान, विनोद सिंह, क्रांति मिश्रा, संतोष मिश्रा, भोला शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दिलीप शर्मा, हरिवंश राजभर, राजेश भारती, राजू भुइयां, नरेश भारती, मनु मोदक, राहुल भुइयां, गणेश यादव, राकेश भुइयां, मंटू सिंह, रंजन कुमार, बबीता पासवान, सृष्टि पासवान, शक्ति पासवान, गोपाल गुप्ता, गंगाधर बाउरी, ज्वाला सिंह व अन्य मंदिर समिति की अहम भूमिका रही.

---

### पंचायत स्तर पर लगेगा पेंशन शिविर

**तोपचांची।** पंचायत स्तर पर लगने वाला पेंशन शिविर को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव तथा बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रभारी महेश कुमार रवानी ने बताया कि सरकार द्वारा लाएं गए पेंशन स्कीम से सबंधित जानकारी दिया गया. 21,22,व 23 फरवरी को विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाकर पेंशन का लाभ दिया जाएगा. इस शिविर में 50 वर्ष की उम्र की सभी महिलाओं के लिए तथा एससी/एसटी पुरुष को इसका लाभ मिलेगा.



## ब्रीफ खबरें

### प्रशिक्षण के लिए रांची भेजे गए किसान

**पाकुड़।** सोमवार को आत्मा पाकुड़ के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों से किसानों का चयन कर समेकित कृषि प्रणाली विषय पर राज्य अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु 50 किसानों को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची बस द्वारा भेजा गया. उक्त सभी किसान पांच दिवसीय प्रशिक्षण 20 फरवरी से 24 फरवरी तक समेकित कृषि प्रणाली विषय पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची में रहकर आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे. समेकित कृषि प्रणाली का मतलब है कि यहां फसल, मात्स्यिकी, मृदा, पशुपालन, वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन आदि विषयों पर एक साथ अध्ययन करना है.

### झामुमो कई पंचायतों में निकालेगी न्याय यात्रा

**गावां।** झामुमो द्वारा गावां में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने किया. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को विपक्ष के द्वारा षड्यंत्र के तहत फसाने व अस्थिर करने को ले आंदोलन का निर्णय लिया गया. तय किया गया कि उक्त मामले को ले विभिन्न पंचायतो में न्याय यात्रा निकाली जाएगी. इसके तहत गावां में 24 फरवरी, पिहरा में 28 फरवरी, जमडार में 29 फरवरी एवं अमतरो में 1 मार्च को न्याय यात्रा निकाले जाने पर निर्णय लिया गया.

### कृषक मित्र की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**पीरटांड़।** पीरटांड़ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में कृषक मित्र एवं किसानों के साथ प्रखंड तकनीक प्रबंधक अमित कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के माध्यम से किसानों को फसलों पर लगने वाले रोग के निदान के बारे में बताया गया. मिट्टी नमूना संग्रह के बारे में किसान मित्र को ऑनलाइन नमूना संग्रह एप के माध्यम करने की जानकारी दिया गया. साथ ही प्राकृतिक आपदा बारिश से कहीं भी पंचायत में फसल को क्षति हुआ है तो उस खेत का रिपोर्ट जांच कर जमा करने को कहा गया.

### सेवानिवृत्त प्रो. डीके चौबे के निधन पर शोक सभा

**बेरमो।** केबी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ डीके चौबे का निधन 18 फरवरी को उनके हजारीबाग स्थित आवास पर हो गया. प्रोफेसर के निधन पर केबी कॉलेज में शोक सभा का आयोजन किया गया. प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में डीके चौबे की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया. प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज परिवार इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ है. डॉ डी के चौबे 2012 में मार्खम कॉलेज से स्थानांतरण होकर के बी कॉलेज बेरमो में सेवा दे रहे थे. वे 2018 में कॉलेज से सेवानिवृत्ति हुए थे.

### रेलवे टिकट की कालाबाजारी करनेवाले को धर दबोचा

**बोकारो।** रेलवे सुरक्षा बल बोकारो एवं सीआइबी आद्रा की संयुक्त टीम ने सोमवार दोपहर ऑपरेशन उपलब्धि के तहत चास स्थित जिला परिषद कार्यालय के निकट स्थित बजरंग पान दुकान में रेलवे टिकट की कालाबजारी की शिकायत पर छापामारी की. छापामारी के दौरान चास निवासी प्रणव चौधरी के पुत्र सुमंत चौधरी उर्फ रवि चौधरी (41) को रेलवे के टिकट कालाबाजारी के अपराध में हिरासत में लिया गया. पोस्ट कमांडर आरके साव ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल, थाना बोकारो में मामला दर्ज कर एडिशनल रेलवे ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट धनबाद के कोर्ट में पेश किया जाएगा.

---

एजेंसी ओवरब्रिज के निर्माण पर यदि फोकस नहीं करेगी, तो इसके खिलाफ पत्राचार किया जाएगा

# आरओबी निर्माण की धीमी गति से जनता में असंतोष

**संवाददाता। बेरमो**



विस्थापित संघर्ष समिति, गोमिया की बैठक समिति के अध्यक्ष विनय महतो की अध्यक्षता में पलिहारी गुरुडीह पंचायत भवन में संपन्न हुई. अध्यक्ष विनय महतो ने कहा अपनी भूमि की रक्षा और अपने अधिकार के लिए संघर्ष विस्थापित संघर्ष समिति का नारा है. विस्थापित संघर्ष समिति अपने इस नारे के साथ आगे बढ़ रही है. विस्थापित संघर्ष समिति, गोमिया के सचिव राकेश कुमार ने कहा लंबे संघर्ष के बाद गोमिया में रेल ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य शुरू हुआ है. लेकिन, इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है, जिससे पूरे गोमिया में असंतोष व्याप्त है. उन्होंने कहा आज विस्थापित संघर्ष समिति की बैठक में तय हुआ है कि फिर से पूर्व मध्य रेलवे के संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर यह अवगत कराया जाएगा कि अगर अविलंब इस ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को तेजी से नहीं कराया गया तो हम लोग सड़क पर उतरेंगे.

**ओवरब्रिज के निर्माण पर एजेंसी का ध्यान नहीं है :** राकेश ने संबंधित एजेंसी के बारे में भी कहा कि उस एजेंसी का पूरा ध्यान इस ओवरब्रिज के निर्माण पर नहीं है जो चिंताजनक है. उन्होंने साफ-साफ कहा कि अगर एजेंसी इस ओवरब्रिज के निर्माण पर अपना फोकस नहीं करती है एजेंसी के खिलाफ भी पत्राचार किया जाएगा.

**खास बातें**

- निर्माणकार्य में तेजी से हो, वरना सड़क पर उतरेंगे
- स्थानीय मजदूरों को नियोजन में प्राथमिकता देना होगा

उन्होंने कहा हम लोगों का मांग है कि इस ओवरब्रिज के निर्माण में विस्थापितों एवं स्थानीय मजदूरों को नियोजन में प्राथमिकता देना होगा. बैठक में मुकेश कुमार, सूरज कुमार, अश्विनी कुमार, चमन प्रजापति, आदित्य पांडे, गौतम राम, मनोज स्वर्णकार, अनिल स्वर्णकार, नंदकिशोर आदि लोग मौजूद थे.

---

उधवा के दो मतदान केंद्रों का हुआ सामाजिक अंकेक्षण

# मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की कवायद शुरू

**संवाददाता। साहिबगंज**



सोमवार को उधवा प्रखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर जरुरी न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की कवायद शुरू हो गई है. वर्तमान में प्रखंड के मतदान केंद्रों की स्थिति क्या है, इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग द्वारा टीम गठित कर सामाजिक अंकेक्षण किया गया. इस दौरान सोमवार को नोडल निर्वाचन उधवा सह मनरेगा बीपीओ गगन बापू के नेतृत्व में प्रखंड के दो मतदान केंद्र संख्या 314 मध्य विद्यालय बेगमगंज व मतदान केंद्र संख्या 326 मध्य विद्यालय राधानगर में अंकेक्षण किया गया. मौके पर बीआरपी सूजन प्रमाणिक,वीआरपी सूरज रमानी, बीएलओ सुपरवाइजर शुशिला हेंब्रम, द्विजेन नाथ मंडल,बीएलओ प्रणीति मंडल व वनिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

---

पूजा से परहेज नहीं, पर कानूनी दायरे में हो साउंड सिस्टम का इस्तेमाल

# डीजे के साउंड से परेशान है आम जनता, प्रशासन मौन

**बेरमो। अनंत कुमार**

इन दिनों ध्वनि विस्तारक यंत्र के नये अवतार डीजे साउंड से लोग परेशान है. अभी-अभी सरस्वती पूजा संपन्न हुई है. लेकिन उसका विसर्जन का कार्य अभी भी जारी है. इस विसर्जन के दौरान डीजे साउंड के अत्यधिक आवाज के कारण आसपास के लोग खासे परेशान हैं. परेशानी का सबब तो यह भी है कि आप सड़क से गुजर रहे हैं तो कुछ देर के लिए उस झुंड में रुकना भी पड़ता है, और कान फाड़ने वाली और पूरा शरीर को कप कपा देने वाली साउंड से शरीर का नस नस हिल जाता है. आप यदि चार पहिया कार में हैं तो पूरी कार नृत्य करने लगती है. लेकिन इस बात से किसी को कोई फर्क नही पड़ता है कि इतनी तीव्र आवाज में बाजा बजाना जायज है या नाजायज है. चूंकि डीजे साउंड सिस्टम के साथ जब मुख्य सड़क पर मूर्ति विसर्जन के लिए जुलूस निकलती है तो उसकी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम पुलिस कर रही होती है. तो जुलूस के साथ तेज साउंड में डांस करने वालों का लगता है कि वह सही है, उसके देखभाल के लिए पुलिस मुस्तैद है. कभी कभी ऐसा भी होता है कि एक ही चौक पर अलग अलग दिशा से दो तीन समूह का जुलूस जमा हो जाता है. सभी समूह के पास एक ही तरह का साउंड सिस्टम रहता है. एक चौक पर मिलन हो जाने पर किसका साउंड सिस्टम तेज है, बिना आयोजन के उसके बीच प्रतियोगिता शुरू हो जाती है.



**शांति समिति के निर्णय का पालन नहीं होता**

त्योहार और पूजा के पूर्व शांति समिति की बैठक होती है. बैठक में तय किया जाता है कि डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जाना है. लेकिन, पूजा के दिन सारा निर्णय व नियम धरा का धरा रह जाता है. पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है.

**एसडीओ ने क्या कहा**

बेरमो एसडीओ शैलेश कुमार ने कहा कि नियम विरुद्ध डीजे साउंड सिस्टम पर कार्रवाई की जाएगी.

- हृदय रोग के मरीजों पर होता है हानिकारक प्रभाव
- वर्जित क्षेत्र में गाना बजाने के नियम निर्धारित है

**क्या कहता है नियम**

ध्वनि विस्तारक के लिए व्यवसायिक, आवासीय एवं वर्जित क्षेत्र में अलग-अलग मानक दर पर गाना बजाने के नियम निर्धारित है. नियम कहता है कि व्यवसायिक क्षेत्र में 75 डीनोट ऑफ फ्रीक्वेंसी दिन में और रात में 65 डीबी, साउंड तक बजा सकते हैं. इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में 65 डीबी दिन में और 55 डीबी रात में, आवासीय क्षेत्र में 55 डीबी दिन में और 45 डीबी रात में एवं वर्जित क्षेत्र में 50 डीबी दिन में और 40 डीबी रात में बजाया जाना है. इसके साथ ही यह नियम सुबह 6:00 बजे से लेकर 10 बजे रात्रि तक ही बाजा बजाने का समय निर्धारित है. इसके बाद साउंड यंत्र का उपयोग नहीं किया जाना है. लेकिन मौजूदा समय में नियम विरुद्ध दो से तीन हज़ार डीबी के साउंड सिस्टम से बाजा बजाया जा रहा है.

**शिकायत कहां करें**

नियम कहता है कि मानक के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्र का यदि कोई नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है, तो आप अनुमंडल पदाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित रूप में शिकायत दर्ज करा सकते हैं. यदि वे दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध न्याय संगत कानून की धारा के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी. इसके साथ ही नियम 5 कहता है कि लाउडस्पीकर या अन्य विस्तारक यंत्र का प्रयोग सक्षम पदाधिकारी के आदेश से ही बजाए जा सकता है. वह भी रात्रि में नहीं. रात्रि के समय मकान, कम्युनिटी हॉल, सांस्कृतिक कमरा, वगैरह में बजाया जा सकता है. आकस्मिक कारणों में भी उपयोग किए जाने का प्रावधान है. ध्वनि विस्तारक यंत्र का ध्वनि वाहन हॉर्न बल्सटरी के आवाज एवं अन्य ज्वलनशील आवाज से कम होना चाहिए एवं वर्जित क्षेत्र जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थान एवं अन्य सुरक्षित क्षेत्र से 100 मीटर की दूरी पर मानक से कम आवाज पर विस्तारक यंत्र का प्रयोग किया जा सकता है. सभी ध्वनि वातावरण का मानक समय सीमा 10 डीबीए से 75 डीबीए से अधिक नहीं होनी चाहिए.

---

फोरलेन सड़क का गिरिडीह विधायक सुदिव्य ने किया शिलान्यास

# 39 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

**संवाददाता। गिरिडीह**



नगर निगम चौक से पचंबा उपनगरी तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सोमवार को किया. 39 करोड़ की लागत से 5.7 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा. मिली जानकारी के अनुसार सड़क की कुल चौड़ाई 21 मीटर की होगी.

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि उक्त सड़क के निर्माण से रोज-रोज के सड़क जाम से मुक्ति मिलेगी. अभी पचंबा से नगर निगम चौक तक पहुंचने में जाम की भयावह स्थिति से रूबरू होना पड़ता है. उन्होंने कहा कि पचंबा की पीड़ा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बयान की गई. उनकी पहल पर योजना को कामयाबी मिल पाई है. विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान यह तय है कि कुछ घरों को नुकसान होगा. कहा की योजनाएं रोज-रोज नहीं बनती, सड़कों की चौड़ाई से पूरे समाज को लाभ मिलता है. शहर में उदाहरण है की बरवाडीह सड़क निर्माण के वक्त आम लोगों के बीच जब सड़क का नक्शा रखा गया तो स्थानीय लोगों ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया. आज सड़क पर सरपट गाड़ियां दौड़ती है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुहैया कराई गई राशि पर्याप्त है. कार्य की गुणवत्ता को ले स्थानीय नागरिक सजग रहे, योजना की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें. विधायक ने संबोधन के दौरान लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही पचंबा में सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी. इंजीनियरिंग व यूनिवर्सिटी निर्माण के बाद पचंबा शिक्षा का हब बनेगा. कहा कि 2 साल के कोरोना महामारी झेलने के बावजूद राज्य सरकार ने विकास की बड़ी लकीर खींची है.

### गावां थाना मोड़ में चला बाइक चेकिंग अभियान

**गावां।** गावां थाना मोड़ में सोमवार को गावां थाना पुलिस के द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया. मौके पर एएसआई संजीव पाल, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, उमंग फाउंडेशन के सचिव पिंटू शर्मा, जितेंद्र सिंह मौजूद थे. इस दौरान वाहन चालकों को बगैर हेलमेट के नही चलने की हिदायत दी गई. बताया गया कि भविष्य में बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर चालान काटा जाएगा. इस दौरान वाहनों के कागजात व डिक्की के भी जांच की गई. मौके पर मौजूद एएसआई संजीव पाल ने कहा कि परीक्षा सेंटर जाने वाले नाबालिक छात्र छात्राएं बगैर हेलमेट के काफी तेज रफ्तार में वाहन को लेकर आते जाते है. इससे अक्सर दुर्घटना की आशंका भी रहती है.

# पुलिस लाइन मैदान साहिबगंज में सीएम जनसभा को करेंगे संबोधित

**संवाददाता। साहिबगंज**

सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रमंडल में स्तरीय भ्रमण के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि मुख्यमंत्री का प्रमंडल स्तरीय द्वारा साहिबगंज में प्रस्तावित है. उन्होंने उनके आगमन को लेकर तैयारियां से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की जहां उन्होंने टेंट पंडाल की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण मुख्यमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर, हेलीपैड निर्माण, विभिन्न जगहों से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सम्मिलित होने लोगों को दी जाने वाली सुविधा, पेयजल आदि की व्यवस्था, उनके बैठने आदि की व्यवस्था, शहर में यातायात नियंत्रण वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था संबंधित अहम निर्देश दिए. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का कार्यक्रम पुलिस लाइन में निर्धारित किया गया है. वहीं, उन्होंने 23 फरवरी तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया. इस बैठक में मौजूद उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं राजमहल जिले के अनिवार्य पदाधिकारी थाना प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे.

---

# जिला बनाओ संघर्ष समिति का 76 दिन धरना जारी, एसडीओ ने की वार्ता

**संवाददाता। तेनुघाट**



बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले जिला की मांग को लेकर तेनुघाट में अनुमंडल कार्यालय के समीप समिति के संयोजक संतोष नायक का 76 वां दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा. प्रतिदिन नए-नए संगठनों नए-नए लोगों का समर्थन समिति को मिल रहा है. वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों को आवासीय कार्यालय पर बुलाकर वार्ता किया. इसके पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी कई बार धरना स्थल पर पहुंचकर वार्ता कर चुके हैं तथा अपनी ओर से उन्होंने जिला बनाओ संघर्ष समिति को आश्वासन दिया है कि जिला से संबंधित सभी कागजात सरकारी प्रक्रिया के तहत अधिकारी को अग्रसारित की जा रही है. अनुमंडल पदाधिकारी से वार्ता में सचिव वकील प्रसाद महतो, मिथुन चंद्रवंशी, कुलदीप प्रजापति, मुन्ना श्रीवास्तव, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे. धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य माला कुमारी, मुखिया रहमतुन निशा, उपमुखिया रीता देवी, जीवन सागर आदि मौजूद थे. धरना में रात्रि सहयोगी के रूप में तेनुघाट ग्राम पंचायत के संतोष श्रीवास्तव, कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी, मुकेश कुमार लगातार धरना प्रदर्शन पर साथ निभा रहे हैं.

### कोलकाता ने सिजुआ को एक गोल से हराया

**पाकुड़।** झामुमो लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी ने आदिवासी ऐभेन गांवता क्लब के द्वारा गोपालपुर में आयोजित फुटबॉल के फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया, जिसमे कोलकाता टीम ने सारजम बगान सिजुआ टीम को एक गोल से हराया. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया. विधायक के आगमन पर आदिवासी पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया. इस प्रतियोगिता में झारखंड सहित बिहार, बंगाल, ओडिशा आदि राज्यों के कई टीम ने भाग लिया था. वहीं, फाइनल खेल को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी. दक्षिण अफ्रीका मूल के खिलाड़ी खेल के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे. खेल के दौरान विधायक ने फाइनल में पहुंचे दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया.

# गिरिडीह में आज सीएम लाभुक को देंगे अबुआ आवास की स्वीकृति पत्र

**संवददाता। गिरिडीह**



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 20 फरवरी को अबुआ आवास योजना का शुभारंभ व स्वीकृति पत्र वितरण को लेकर गिरिडीह आएंगे. गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में तीन जिलों के लाभुक को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र दिया जाएगा. लाभुक जिलों में गिरिडीह, धनबाद व बोकारो शामिल है. मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह जिले की सर्वाधिक 17,860 लाभुक शामिल है. वहीं धनबाद के 8973 तथा बोकारो जिले के 8608 शामिल है. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री बेबी देवी के भी आने की संभावना है. मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने बैठक कर तैयारी को दुरुस्त कर लिया है. जिला प्रशासन ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड वार लक्ष्य निर्धारित किया है. इसमें एसटी एससी के 50%, ओबीसी के 35, अल्पसंख्यक के 10 तथा सामान्य वर्ग के लिए 5% लाभुक का चयन किया जाएगा. कुल चार किस्तों में 2 लाख की राशि लाभुक को दी जाएगी.

### कोयला सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ के हवाले

**कथारा।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग की सुरक्षा अब सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया है. बता दें कि जारंगडीह पीएफ वन से लगातार कोयला हो रही थी. चोरी रोकने के लिए बीएंडके प्रबंधन एक्शन में आई और कोयला चोरी पर पूर्ण रूप से नकेल कसने के लिए इसकी सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया गया है. कोयला की सुरक्षा के लिए सोमवार से सीआईएसएफ जवान तैनात कर दिया गया है. बीएंडके प्रक्षेत्र के जीएम के रामाकृष्णा तथा सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट यहां का मुआयना किया. महाप्रबंधक रामाकृष्णा ने कहा कि जारंगडीह रेलवे साइडिंग से नित्य दिन कोयला चोरी की सूचना मिल रही थी. जिसे रोकने के लिए सीआईएसएफ जवान तैनात किया गया है. कोयला चोरी होने के कारण सीसीएल को काफी नुकसान हो रहा था. अब इस पर अंकुश लगेगा.

---

**पदयात्रा** प्रखंड के बड़ा घाघरी पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च

# हेमंत के जेल जाने से कार्यकर्ताओं में आक्रोश: सुलेमान

**संवाददाता। पाकुड़**




पदयात्रा सह न्याययात्रा कार्यक्रम के पांचवे दिन आज जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत बड़ाघाघरी पंचायत के कलदम जोरडीहा बांसझुडी में सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष चरण मुर्मू के नेतृत्व में पदयात्रा सह न्यायमार्च निकाला गया. न्यायमार्च कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला सचिव सुलेमान बासकी शामिल हुए. न्यायमार्च के माध्यम से जिला सचिव सुलेमान बासकी ने जनता को बताया कि आज जिस तरीके से भाजपा संविधान को दरकिनार कर तानाशाही रवैया अपना रही है उसका जवाब आने वाले समय मे झारखंड की जनता देगी. एक षड्यंत्र के तहत हमारे नेता दिशोम गुरु के पुत्र हेमंत सोरेन को भाजपा के इशारे पर जाली दस्तावेज बनवाकर जेल में डालने का काम किया है. लेकिन, झारखंड की जनता सब भली-भांति जानती व समझती है कि उनके नेता हेमंत सोरेन के द्वारा भाजपा के सामने सर झुकाने से मना करने के कारण ही आज उन्हें जेल में डालकर प्रताड़ित किया जा रहा है. पूरे झारखंड के लोग इस प्रकार के कुकृत्य से आक्रोशित है तथा अपने नेता के न्याय लिए पदयात्रा सह न्यायमार्च निकाल अपने नेता की रिहाई की मांग कर रहे है. मौके पर जिला समिति सदस्य अलीम अनसारी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड सचिव जावेद आलम, लिट्टीपाड़ा प्रखंड बीससूत्री अधयक्ष प्रसाद हांसदा, प्रवक्ता दिनेश बासकी, मुमताज अंसारी, पगान हेमरम, गुलाम अंसारी, इसलाम अंसारी, बबलू राय, विवेकानंद बासकी, राजेश मरांडी सहित झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे.

**खास बातें**

- जेल में पूर्व सीएम को प्रताड़ित किया जा रहा है
- हेमंत सोरेन ने सर ना झुकाने की बड़ी सजा पाई

# हिंदी टिप्पण व प्रारूपण परीक्षा में बोकारो के 48 परीक्षार्थी सफल

**संवाददाता। बोकारो**



कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 25 जून 2023 को बोकारो जिले के परीक्षा केंद्र में संपन्न अराजपत्रित कोटि की हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा में बोकारो जिले के 48 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है.

सफल परीक्षार्थियों में कसमार प्लस टू उच्च विद्यालय के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक अवनीश कुमार झा समेत बोकारो जिले के अन्य कई प्लस टू विद्यालय के शिक्षक मनीषा कुसुम, रमेश प्रसाद, रामाशीष चौधरी, रीना कुमारी, शशिकांत पाण्डेय, सविता लकड़ा, सुषमा कुमारी, सरिता कुमारी, रंजना कुमारी, प्रियंका, कविता कुमारी, जयंति कुमारी, ज्योति कुमारी, सत्या समेत विभिन्न विद्यालय के अलग अलग विभागों से कुल 48 परीक्षार्थियों ने उत्तीर्णता हासिल की है. उत्तीर्ण होनेवाले सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ अवनीश कुमार झा, संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत पाण्डेय, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे ,प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय गोमिया के विद्यालय प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, पीजीटी शिक्षकगण रामबाबू शुक्ल, रीना कुमारी, मुकेश कुमार गुप्ता, मनीषा कुसुम, शिक्षक संघ, बोकारो की संगठन उप मंत्री श्वेता कुमारी उपाध्याय समेत अन्य कई शिक्षकों ने बधाई दी है.

### हजारीबाग के अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण ने केरेडारी खदान से उत्खनन किए गए पहले ट्रक का किया ध्वजारोहण

# एनटीपीसी केरेडारी खनन परियोजना में कोयला उत्पादन शुरू

**संवाददाता । हजारीबाग**



ऊर्जा क्षेत्र के लिए सोमवार को ऐतिहासिक दिन रहा. एनटीपीसी केरेडारी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने कोयला उत्पादन शुरू कर दिया. केरेडारी खदान से कोयला उत्खनन की अधिकतम क्षमता 6 मिलियन टन प्रति वर्ष होगी. यहां से 25 वर्षों में 140 मिलियन टन कोयला निकाला जाएगा.

उद्घाटन समारोह में हजारीबाग के अनुमंडल पदाधिकारी, विद्याभूषण कुमार ने केरेडारी खदान से उत्खनन किए गए पहले ट्रक का ध्वजारोहण किया. समारोह में केरेडारी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एनटीपीसी केरेडारी चट्टी बरियातु के अधिकारी, स्थानीय समुदाय के नेता, और एनटीपीसी प्रबंधन के सदस्यों ने हिस्सा लिया. फैज तैयाब, केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख ने खनन के विकास के दौरान जिला प्रशासन और स्थानीय गांववालों के सकारात्मक सहयोग के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की. इस दौरान प्रबंधन ने कहा कि कोयला उत्पादन शुरू करने में सभी शामिल पक्षों और उनकी समर्पित भागीदारी की अहम भूमिका रही. केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने जिला प्रशासन को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने स्थानीय गांववालों के द्वारा निभाये गए सहयोग को इस कीर्तिमान की प्राप्ति में एक अविभाज्य कारक माना. अपने भाषण में फैज तैयाब ने एनटीपीसी प्रबंधन को उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए स्वर्णिम क्रेडिट दिया.

उन्होंने पूरे इनटीपीसी टीम की अथक कठिनाइयों में दिखाई गई उनकी समर्पणशीलता को हाइलाइट किया, जो केरेडारी कोयले खदान परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. इनटीपीसी केरेडारी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देने के लक्ष्य के साथ, कोयले के उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक कुंजीय पहल है.

इस परियोजना ने अपने तकनीकी सुधार और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण प्रयासों के साथ राष्ट्र के सतत विकास और ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है. वहीं विद्याभूषण कुमार, हज़ारीबाग के उप जनपद अधिकारी, ने परियोजना में शामिल एनटीपीसी टीम को बधाई दी. केरेडारी क्षेत्र के आर्थिक विकास पर उसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में अपनी आशा जताई.

**काम शुरू**
- यहां से 25 वर्षों में 140 मिलियन टन कोयला निकाला जाएगा
- खदान की अधिकतम क्षमता 6 मि. टन प्रति वर्ष होगी

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### बिजली बिल जमा करने को लेकर लगेगा शिविर

**केरेडारी** । केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में बिजली बिल को जमा करने को लेकर विद्युत् विभाग के द्वारा कई पंचायतों में शिविर लगाया जायेगा. यह जानकारी ऊर्जा मित्र प्रकाश कुमार ने दी. उन्होंने कहा कि इस शिविर के आयोजन से उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने में काफी सहूलियत भी होगी. तय कार्यक्रम के अनुसार 21 फ़रवरी को पाण्डु पंचायत के हरिजन टोला में, 22 को चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव स्थित तालाब के सामने, 23 को पेटो पंचायत के चट्टी पेटो स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में, 24 को बेंगवरि पंचायत भवन में, 26 को पचड़ा स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में शिविर लगाया जायेगा. इसी प्रकार 27 को बेलतु स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में, 28 को होरिल महतो के घर के सामने और 29 फ़रवरी को कंडाबेर स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया है.

### चाइल्ड वेलफेयर ने दिव्यांग को परिजनों को सौंपा

**रामगढ़** । अपराधियों के चंगुल से भागने में सफल रही 12 वर्षीया दिव्यांग पूर्णिमा बनर्जी आखिरकार पिता के पास सकुशल पहुंच ही गई. चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने पूर्णिमा के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें रामगढ़ बुलाकर उनकी बच्ची को उनके हाथ में सुपुर्द किया. पूर्णिमा के पिता विपिन बनर्जी भी 70 फ़ीसदी दिव्यांग हैं. पिता को पाकर पूर्णिमा खुशी से झूम उठी लेकिन उसने जो दर्दनाक मंजर देखी उसे बयां करने में भी वह सिहर रही थी. पूर्णिमा के पिता ने रामगढ़ जिला प्रशासन और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के साथ रामगढ़ की जनता का आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि यदि उनकी मदद नहीं होती, तो वह बेटी तक नहीं पहुंच पाते. कहा कि उनका पूरा परिवार काफी गरीब है. वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल के झालदा क्षेत्र के रहने वाले हैं. लेकिन बोकारो के बालीडीह के पास बीयाडा ग्राउंड में बसे राधा नगर में झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं.

### सड़क हादसे में तीर्थ यात्री की हुई मौत

**रामगढ़** । मौत की घाटी के नाम से प्रसिद्ध रामगढ़ रांची मार्ग पर स्थित चुटुपालू घाटी में बीते देर रात सड़क दुर्घटना में एक तीर्थ यात्री की मौत हो गई. पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जानकारी के अनुसार, रामगढ़ थाना में दिए आवेदन में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश के रहने वाले तीर्थ यात्रा के लिए निकले हैं. हमारे साथ चल रहे 75 वर्षीय सत्यनारायण रेड्डी रात को तीर्थ यात्री बस से उतरकर शौच के लिए जा रहे थे. इस दौरान सड़क पार करने के क्रम में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है. बताय कि रामगढ़ थाना में मृतक के संबंधी ने लिखित सूचना दी है. जिसके अनुसार मृतक आंध्र प्रदेश के रावलपालेम थाना जिला बीआर अंबेडकर कॉवसिम का रहने वाला बताया गया है.

### बड़काआम में सबरी जयंती को लेकर बैठक

**केरेडारी** । केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत बड़काआम में सबरी जयंती मनाने को लेकर बैठक किया गया. जिसकी अध्यक्षता वार्ड प्रतिनिधि बलराज भुईयां एवं संचालन गुडन भुईयां ने किया. इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 फरवरी को केरेडारी के बड़काआम से कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ केरेडारी के प्रसिद्ध डैम जाएगी और कलश उठाकर दोबारा बड़काआम में माता शबरी को पूजा अर्चना कर आएगी. इस दौरान झूम नाच कर इसे मनाने का निर्णय लिया गया. इस मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बलराज भुईयां, गुडन भुईया भोलां, भुईया कृष्णा भुईयां, फुलदेव भुईयां, करण कुमार, अर्जुन भुईयां, विनोद एवं भुईयां समाज के लोग महिला एवं पुरुष उपस्थित थे.

### पत्रकार काली दास को मिला भारत गौरव अवॉर्ड



**हजारीबाग**। मॉडल टाउन, अंधेरी (वेस्ट) मुम्बई स्थित मुक्ति फाउंडेशन के प्रेक्षागृह में पिछले दिनों 'मुंबई ग्लोबल' और 'मयूरी मीडिया वर्क' के संयुक्त तत्वावधान मेंआयोजित भव्य समारोह में वरिष्ठ फिल्म पत्रकार/अधिवक्ता काली दास पाण्डेय को भारतीय फिल्म जगत के चर्चित गायक पद्मभूषण उदित नारायण और विजय बेनेडिक्ट (डिस्को डांसर फेम) के द्वारा 'अखंड भारत गौरव अवॉर्ड' देकर सम्मानित किया गया. बता दें कि बॉलीवुड के चर्चित फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय ने अपना करियर 1981 में स्वतंत्र पत्रकार के रूप में जमशेदपुर (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र 'उदित वाणी' से किया था. 80 के दशक से वर्तमान समय तक बतौर फिल्म पत्रकार बॉलीवुड में उनकी सक्रियता जारी है. हजारीबाग (झारखंड) बार एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कर 1992 से वकालत के पेशे में क्रियाशील काली दास पाण्डेय को यह सम्मान फिल्म पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### आनन्द कुमार ने उपनिदेशक जनसंपर्क का लिया पदभार

**हजारीबाग** । हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के 14वें उपनिदेशक के रूप में आनन्द (झासूसे) ने सोमवार को अपना योगदान किया. इस अवसर पर कार्यालय के सदस्यों अनुभा कुमारी, संजय कुमार सिन्हा व स्नेह कुमार ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. पदभार ग्रहण करने के पश्चात उपनिदेशक आनंद ने कहा कि सरकार की हर जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य रहेगा. उन्होंने उपस्थित कार्यालय कर्मियों से प्रमंडलीय विकास के कार्यों में सभी से सहयोग करने व आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने की अपील की.

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**विष्णुगढ़** । विष्णुगढ़-गोमिया सड़क के सदारो के पास सोमवार शाम घटी एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार रीतलाल भुईयां उर्फ चरकु (30) पिता कुंजबिहारी भुईयां की मौत मौके पर ही हो गयी. मृतक थाना क्षेत्र के कोसुम्भा का रहने वाला था. बताया गया है कि वह गोमिया की ओर से घर लौट रहा था. इसी क्रम में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और उसने घटना स्थल पर दम तोड़ दिया. दुर्घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई. खबर मिलने पर मृतक के परिजन भी थाना पहुंचे. परिजनों के क्रंदन से थाना का माहौल गमगीन हो गया.

### रविदास जयंती समारोह मनाने को लेकर बैठक

**कटकमसांडी** । हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के पबरा पंचायत में संत शिरोमणि रैदास जयंती समारोह मनाने को लेकर खुशलाल राम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 24 फरवरी को संत शिरोमणि रैदास जयंती मनाया जाएगा. वहीं बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष संतोष कुमार, सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार रवि, अभिजीत कुमार, सचिव राजेश कुमार, सूरज कुमार को चयनित किया गया. बैठक के मौके पर विक्रम कुमार रवि, पूर्व मुखिया पति सरयू राम, वकील राम, ज्ञानी राम, तिलेश्वर राम, मनोज कुमार दास, जितेन्द्र नारायण, किशोरी राम, सागर कुमार मौजूद थे.

### अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में सीएम चंपाई बोले

# सभी का अपना पक्का मकान होगा

**संवाददाता । हजारीबाग**



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को हजारीबाग में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित किया. सीएम ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की बुनियादी जरूरत है. राज्य का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा. इसके लिए सरकार संकल्पित है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है. 20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरा राशन कार्ड के जरिए मुफ्त अनाज दिया जा रहा है.

कहा कि गरीबों को वर्ष में दो बार धोती, साड़ी और लूंगी दिया जा रहा है. अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख आवासविहीन, गरीब और जरूरतमंदों को तीन कमरों का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं. वर्ष 2027 तक इस राज्य में कोई भी व्यक्ति टूटे-फूटे और जर्जर घर में रहने को विवश नहीं होगा. सभी का अपना पक्का मकान होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार को पांच वर्षों के लिए जनादेश मिला था. हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला था. पिछले 4 वर्षों से वे अपने कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास को नई दिशा देने का काम कर रहे थे. उन्होंने पिछले 4 वर्षों में जनता के हित में जो नीतियां और योजनाएं बनाईं, उसे ही हम आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं. हमारा प्रयास है कि हेमंत सोरेन की सोच और विजन के अनुरूप झारखंड को एक नई दिशा दे सकें. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन नहीं देती है. हम जो कहते हैं उसे निश्चित तौर पर पूरा करते हैं.

पिछले 4 वर्षों में सरकार की ओर से जो भी योजनाएं बनी हैं, वह जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. कहा कि आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, जरूरतमंद, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, हर किसी के लिए योजनाएं हैं. आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से संपन्न राज्य है. यहां के खनिजों से देश दुनिया जगमग कर रहा है. लेकिन, अफसोस की बात है कि यहां के आदिवासी-मूलवासी लगातार पिछड़ते गए. यहां के लोगों की किसी ने सुध नहीं ली. ना तो उनकी रोजगार की किसी को चिंता रही और ना ही स्वाभिमान की. उनकी गरीबी को दूर करने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं हुआ. लेकिन, हेमंत सोरेन ने जब सत्ता संभाला तो यहां के आदिवासियों-मूलवासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम शुरू हुआ. विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने का सिलसिला शुरू हुआ और आगे भी लगातार जारी रहेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार आपके दरवाजे पर सीधे पहुंच रही है. आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए आपकी समस्याओं का समाधान और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको अपने घर पर देने का काम हमारी सरकार ने किया. हम जनता के साथ सीधे जुड़े हैं और सरकार की योजनाओं में किसी भी प्रकार की बिचौलियागिरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अधिकारियों को योजनाओं में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया गया है. अबुआ आवास योजना में अगर किसी भी प्रकार की विसंगति पाई जाएगी तो संबंधित व्यक्तियों और अधिकारियों तथा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि किसानों को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. आज भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का काम तीव्र गति से चल रहा है. हमारा प्रयास है कि हर खेत में सिंचाई की सुविधा हो ताकि किसान सालों भर खेती कर सकें. वहीं, उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में भी सरकार प्रयासरत है. राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क जैसी आधारभूत संरचनाएं मजबूत की जा रही हैं. युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं.

**अबुआ आवास**
- सरकार गरीबों को सहायता कर सशक्त बना रही है
- 2 लाख रुपये तक के ऋण माफी की तैयारी हो रही है

#### सरकार गरीबों के लिए कार्य कर रही है

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों और मजदूरों के लिए हितकारी कार्य कर रही है. कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि झारखंड में किसानों, गरीबों और मूलवासी आदिवासियों को हर तरह की सहायता कर उन्हें सशक्त बना रही है. वहीं देश के किसान केंद्र सरकार से अपना हक पाने के लिए देशव्यापी आंदोलन कर रहे हैं. इस पर केंद्र सरकार किसानों पर बर्बरता कर रही है. दूसरी तरफ झारखंड में आपकी गठबंधन सरकार किसानों के हित में एक से एक फैसले ले रही है. पहले साल में सरकार ने किसानों के 50000 रुपये तक का ऋण माफ किया था. अब सरकार के इस कार्यकाल के अंतिम साल में कांग्रेस पार्टी की घोषणा के अनुरूप 2 लाख रुपये तक के ऋण माफी की तैयारी कर रही है. इसे जल्द ही पूरा किया जाएगा.

# संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने डोंगरगढ़ में ली समाधि

**संवाददाता । हजारीबाग**



जैन धर्म व जन जन के संत, संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में समाधि हुई .मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य भगवंत श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का जन्म १० अक्टूबर 1946 में विद्याधर के रूप में कर्नाटक के बेलगांव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था. उनके पिता श्री मल्लप्पा थे, जो बाद में मुनि मल्लिसागर बने. उनकी माता श्रीमंती थी जो बाद में आर्यिका समयमति बनीं.

आचार्य विद्यासागर जी को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञानसागर ने दीक्षा दी, जो आचार्य शांतिसागर शिष्य थे. आचार्य विद्यासागर जी को 22 नवम्बर 1972 में ज्ञानसागर जी द्वारा आचार्य पद दिया गया था, केवल विद्यासागर जी के बड़े भाई गृहस्थ है. उनके अलावा सभी घर के लोग संन्यास ले चुके हैं. उनके भाई अनंतनाथ व शांतिनाथ ने आचार्य विद्यासागर जी से दीक्षा ग्रहण की और मुनि योगसागर जी और मुनि समयसागर जी कहलाये. विद्यासागर जी संस्कृत, प्राकृत सहित विभिन्न आधुनिक भाषाओं हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान रखते हैं. उन्होंने हिन्दी और संस्कृत के विशाल मात्रा में रचनाएं की हैं. सौ से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य का मास्टर्स और डॉक्ट्रेट के लिए अध्ययन किया है. उनके कार्य में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक व शरमाना शतक शामिल हैं. उन्होंने काव्य मूक माटी की रचना की है. विभिन्न संस्थानों में यह स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है. आचार्य विद्यासागर जी कई धार्मिक कार्यों में प्रेरणास्रोत रहे हैं.

### साउंड बॉक्स चोरी के मामले में तीन गए जेल

**बड़कागांव** । बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव के डीजे बॉक्स व मशीन चोरी के मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस पर नव पदस्थापित बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 48/24 मामले को लेकर अप्राथमिक अभियुक्त विनोद कुमार साव, ग्राम बरवाडीह निवासी एवं पंकज कुमार व राहुल कुमार दोनों ग्राम होरम निवासी को धारा 379 भादवि के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. कार्रवाई में पुलिस ने बरवाडीह निवासी विनोद साव के यहां से साउंड मशीन 4 पीस, साउंड बॉक्स लगभग 10 पीस, स्पीकर एवं डीजे लाईट आदि बरामद किया है. सबसे बड़ी बात यह है कि जेल जाने वाले में राहुल किसान मजदूर उच्च विद्यालय गिद्दी सी के मैट्रिक का विद्यार्थी है. जिसका मैट्रिक का परीक्षा केंद्र गर्ल मिडिल स्कूल गिद्दी है. राहुल कई विषयों के परीक्षा में शामिल हुआ है.

# बसरिया में रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता । चौपारण**



पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसरिया में रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ. बतौर मुख्यातिथि पहुंचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बैटिंग कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. दूधिया रौशनी से जगमग बसरिया में एक घंटे तक लगातार आतिशबाजी होती रही.

इससे पूर्व आयोजकों ने प्रायोजकों व अतिथियों को माला पहनाकर सम्मानित किया. खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पिछले वर्ष से बेहतर इस वर्ष का आयोजन रहा. बसरिया सर्किल प्रतियोगिता की भव्यता बढ़ता ही जा रहा है. कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतने सुंदर आयोजन के लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं. कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा में निखार आता है व अवसर का मार्ग खुलता है.

उद्घाटन मुकाबला काको बनाम पड़रिया के बीच हुआ. रोमांचक मुकाबले में पड़रिया की टीम विजयी होकर अगले दौर में प्रवेश किया. मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, जिप सदस्य राकेश रंजन, आरती कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, रामस्वरूप पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे. आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मुकेश केशरी, सचिव राजेश दांगी, कोषाध्यक्ष नितेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी चंदन राणा और मंच संचालक प्रेम प्रजापति ने किया.

**कार्रवाई** वेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र के कलाली मोड़ पर छापेमारी करने गई थी पुलिस टीम

# कोयला तस्करों ने पुलिस टीम पर किया हमला

**संवाददाता । रामगढ़**

जिले में बड़े अवैध कोयले का कारोबार संचालित है. कोयला तस्कर का मनोबल भी बढ़-चढ़कर बोल रहा है. इसका एक उदाहरण बेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र में देखने को मिला. जहां रविवार रात्रि अवैध कोयले के कारोबार को रोकने के लिए पहुंची पुलिस टीम पर तस्करों ने हमला बोल दिया.

जानकारी के अनुसार बेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र के कलाली मोड़ पर रविवार रात कोयला तस्करों ने छापेमारी करने पहुंची हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर की गठित पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया. तस्करों ने पुलिस की गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए और हमला करते हुए जब्त अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर भी छुड़ाकर ले गए. पूरे मामले को लेकर बेस्ट बोकारो पुलिस ने 50 से अधिक अज्ञात कोयला तस्करों के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज किया है.

बताया जाता है कि हजारीबाग डीआईजी को लगातार रामगढ़ जिले के बेस्ट बोकारो में अवैध कोयला के कारोबार संचालित होने की सूचना मिल रही थी. जिसके बाद डीआईजी ने एक टीम गठित कर पुलिस टीम द्वारा बेस्ट बोकारो के कलाली मोड़ के समीप रविवार की रात्रि छापेमारी की जहां 50-60 की संख्या में पहुंचे कोयला तस्करों ने पुलिस पर हमला बोल दिया और कोयला लदा ट्रैक्टर को छुड़ाकर भाग निकले. वहीं डीआईजी ने जानकारी देते हुए बताया कि बेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध कोयले की तस्करी की जा रही थी. इसको लेकर गठित की गई पुलिस टीम ने छापेमारी कर अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को पकड़ा. जहां 40 से 50 कोयला तस्कर पहुंचे और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया. इस दौरान तस्कर अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर भी छुड़ाकर ले भागे. जिसको लेकर बेस्ट बोकारो ओपी में अज्ञात कोयला तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

**केस दर्ज**
- 50 से 60 की संख्या में पहुंचे तस्करों ने हमला किया
- हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने टीम गठित की थी
- हमले के दौरान तस्करों ने पुलिस वाहन के शीशे तोड़ दिये

#### फोन पर धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**टाटीझरिया** । टाटीझरिया थाना क्षेत्र के कई ग्रामीणों को अलग-अलग मोबाईल नंबर से फोन कर लोगों को गाली-गलौज करने एवं धमकी देने वाला युवक को टाटीझरिया पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है. युवक वार्ड नंबर 15 भेडोखडा थाना मोतीपुर ताजपुर जिला समस्तीपुर बिहार निवासी धनेश्वर शाह का पुत्र गोलू है. गोलू के द्वारा टाटीझरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कई ग्रामीणों को अलग-अलग मोबाईल नंबर से फोन कर गाली-गलौज एवं धमकी दिया जा रहा था. मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रशिक्षु डीएसपी अनुभव भारद्वाज ने आरोपी युवक गोलू कुमार को गिरफ्तार कर टाटीझरिया थाना कांड संख्या- 5/24 धारा 354 (सी) भादवि एवं 66 (ई) आईटी एक्ट के तहत सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

### चौपारण का 38वां थाना प्रभारी बने दीपक सिंह

**चौपारण** । हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दीपक कुमार सिंह को चौपारण थाना का 38वां थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित कर जिले का सबसे बड़े प्रखंड की जिम्मेवारी दी. मालूम हो कि चौपारण प्रखंड में 26 पंचायत में 269 गांव, 172 मतदाता बूथ है. जिसका भौगोलिक परिदृश्य एक तिहाई भाग जंगल है. जिसमें कई प्रकार का बड़े पैमाने पर अवैध कार्य किया जाता है. बताया जाता है कि दीपक कुमार सिंह खूंटी जिला से स्थानांतरित होकर चौपारण थाना आये हैं. वे खूंटी जिला के कर्रा थाना में थाना प्रभारी रहते हुए उग्रवाद और अपराध के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर काफी चर्चा में रहे हैं. मालूम हो कि इन्होंने प्रारंभिक सेवा हजारीबाग जिले से शुरू की थी. उस दौरान ट्रेनिंग में अव्वल रहे थे. इसी उपलब्धि के कारण अफीम की खेती, और उग्रवाद जैसी गतिविधियों के लिए चर्चित रहे.

# किड्स जोन पब्लिक स्कूल का हुआ प्रथम वार्षिक समारोह



**संवाददाता । बड़कागांव**

गुरु चट्टी ब्लॉक मोड़ स्थित किड्स जोन पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन ख्याति तिवारी व सुधीर पांडे ने संयुक्त रूप से किया. कर्यक्रम के मुख्य अतिथि जीप सदस्य यास्मीन निशा व विशिष्ट अतिथि मुखिया रंजीत महतो मौके पर उपस्थित हुए. कार्यक्रम में जिप सदस्य यास्मीन निशा ने कहा कि स्कूल में बच्चों को अच्छी तरह से तराशा जा रहा है. जिससे आगे चलकर भविष्य में बच्चे अच्छे करेंगे. इसकी हम कामना करते हैं.

कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने ताइक्वांडो, डांस कॉमेडी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया. जिसे देख सभी ने बच्चों की प्रशंसा की. बताते चलें कि किड्स जोन पब्लिक स्कूल की स्थापना 2020 में हुई थी. उसके बाद कोरोना काल के चलते स्कूल को बंद रखा गया था. पुनः 1 वर्ष से स्कूल सही ढंग से संचालित है. जिसका प्रमुख ब्रांच हजारीबाग है.

# गरीबों के पैसे लूटकर तिजोरी भर रहे कांग्रेस और झामुमो के नेता : एनोस एक्का

संवाददाता। ठेठईटांगर/सिमडेगा

झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कांग्रेस, भाजपा और झामुमो पर जमकर हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो के नेता गरीबों के पैस लूटकर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रहे हैं. कांग्रेस और झामुमो की लूट की दास्तान पूरी दुनिया देख रही है. पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का सोमवार को पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कही. पंडरीपानी टापूडेगा में आयोजित बैठक में एनोस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा लोगो के बीच नफरत फैलाकर राजनीति रोटी सेंक रही है. कांग्रेस और भाजपा दोनों अपने को धर्म विशेष का रहनुमा बताती है. झारखंड पार्टी क्षेत्र में सदभावना लाना चाहती है. स्थानीय विधायक पर हमला बोलते हुए एनोस एक्का ने कहा कि जनता की समस्याओं से मौजूदा विधायक को कोई मतलब नहीं है. वहीं झारखंड पार्टी विकास की राजनीति करती है.



### 4 मार्च को होगी नगाड़ा पिटावन रैली

बैठक में एनोस एक्का ने कहा कि आदिवासी मूलवासी और जिलेवासियों को सरकारी तंत्र द्वारा परेशान किया जा रहा है. भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड पार्टी 4 मार्च को नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेगी, जिसमें लाखों की संख्या में लोग भाग लेंगे. उन्होंने कहा कि झापा विस चुनाव और लोस चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी. नगाड़ा पिटावन रैली के माध्यम से राज्य की दशा और दिशा बदली जाएगी.

### दिल्ली से झारखंड कंट्रोल करने की साजिश

एनोस एक्का ने कांग्रेस विधायकों के नाराज़ होकर दिल्ली रिसोर्ट जाने के बाद पर चुटकी ली. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीयत रही है कि झारखंड को दिल्ली से कंट्रोल किया जाए. कांग्रेस के विधायक भाजपा के हाथों बिक चुके हैं, और सरकार को अस्थिर करने के लिए प्रेशर की राजनीति कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि विधायकों को क्षेत्र लोगों की भावना और विकास से कोई लेना देना नहीं है. एनोस ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस दोनों से जनता भी ऊब चुकी है.

### सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी झारखंड पार्टी

एनोस एक्का ने क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी की सोच को साझा किया. बैठक में राज्य के सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम में कई लोगो ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की. सभी लोगों का पार्टी का दुपटटा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया. मौके पर अभय विश्वकर्मा, ललन प्रसाद, ललित समद पिंटू सिंन्हा, बाबूराम लकड़ा, आयुष मिंज, शशि टोप्पो, सुरसेन तिर्की, प्रमोद खेस, सहदेव सिंह, अनिल बरला, अमित कुल्लू, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** तृतीय चंद्र पराक्रम में कमी करेगा. आत्मबल में वृद्धि होगी. भाई बहन का सहयोग का समय है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**वृषभ** नेत्र रोग से बचें. कोई नया कार्य करने का योग है. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी.

**मिथुन** समय सामान्य है. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** मानसिक तनाव रहेगा. अपनों से विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. अन्न जल का दान करें.

**सिंह** कोई छोटी यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. किसी से कोई बहस से बचें साथ ही प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी.

**कन्या** पिता से लाभ होगा. कार्य मे सफल रहेगा जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. गणेश जी का पूजन करें.

**तुला** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आपके कार्य के प्रभाव से आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. जल दान करें.

**वृश्चिक** किसी से विवाद हो सकता है. ब्यापार से अच्छा लाभ का योग है. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा.

**धनु** समय उत्तम है. अपनो के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** मौसमी रोग से कुछ परेसानी हो सकता है. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें. अन्न दान करें.

**कुंभ** संतान के कार्य पर ध्यान दे. परीक्षा का सुंदर परिणाम होगा. पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. मंदिर में दर्शन पूजन करें.

**मीन** किसी से बेकार का बहस हो सकता है. माता को कष्ट होगा. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. सुख का सामना एकत्र होगा, जिसका सदुपयोग भी होगा.

### मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड का अधिकार सम्मेलन आयोजित

# मदरसा शिक्षकों की मांग जायज सीएम करेंगे हल: शमशेर आलम

संवाददाता। रांची

- मौलाना मुस्तफा कासमी ने राज्य सरकार 1980 नियमावली के तहत बिहार की तर्ज पर 46 मदरसा के शिक्षकों के वेतन मद में अनुदान देने की मांग की

मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड रांची के तत्वावधान पर अधिकार सम्मेलन का आयोजन अंजुमन प्लाजा सभागार में सोमवार को किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम शामिल हुए. उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षक की जितनी भी समस्याएं हैं, उसे लेकर मैं अपने विभाग के स्तर पर शिक्षा सचिव, मुख्यमंत्री से बात कर मदरसा की सारी समस्याओं को दूर करने का कार्य करेंगे. आप सबकी मांग जायज है, मैं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पास आपकी मांग को रखूंगा. आपके जो हक और अधिकार हैं, उसे हम दिला कर रहेंगे.

महासंघ झारखंड के अध्यक्ष मौलाना मुस्तफा कासमी ने मांग की है कि झारखंड राज्य के अंतर्गत प्रास्वीकृत 46 मदरसा व 38 संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी को वेतनमान में अनुदान दिया जाए. उन्होंने कहा कि संयुक्त बिहार के समय में संचालित मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय की प्रास्वीकृत झारखंड सरकार से लंबे संघर्ष के बाद उनके कैबिनेट की बैठक में 2011 के फैसले के आलोक में बिहार राज्य संस्कृत विद्यालय प्रास्वीकृत नियमावली 1976 में मदरसा प्रास्वीकृत नियमावली 1980 के प्रावधानों के अनुसार झारखंड सरकार ने 46 मदरसा और संस्कृत के 38 संस्कृत विद्यालयों को स्वीकृति दी थी. मदरसा व संस्कृत विद्यालय को प्रति वर्ष एक लाख 80 हजार से तीन लाख 60 हजार अनुदान मिलता है, शिक्षकेतर कर्मियों को प्रतिमाह 2 हजार से 3 हजार का ही अनुदान मिलता है. हमारी मांग है कि मदरसा शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को पूरा वेतनमान दिया जाए. मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा. उन्होंने कहा कि बिहार की तर्ज पर नियमावली 1980 के अनुसार प्रास्वीकृत के बाद अनुदान वेतन मद में देना है. झारखंड सरकार भी 1980 नियमावली के मुताबिक 46 मदरसा के शिक्षको को वेतन मद में शीघ्र ही अनुदान दे. अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद ने कहा कि मदरसा के शिक्षक और उनके कर्मियों की समस्या को झारखंड सरकार दूर करने का काम करे. महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना गुलाम मुस्तफा कासमी ने कहा कि सरकार जो अनुदान मदरसा को देती है, उसे मदरसा के शिक्षक और कर्मियों का गुजारा नहीं हो पाता है. झारखंड सरकार सभी मदरसा शिक्षकों को वेतनमान दें. मौके पर मौलाना सिराज, मौलाना मंसूर, कारी शाहिद जमाल, हाफिज साजिद, मो असादुल्लाह, मौलाना मुश्ताक, जुल्फिकार कादिर, फजरुल कादिर, अब्दुल वहाब, मौलाना समीम, तैयब अली, मौलाना शमसुद्दीन, कारी वसीम, कारी कमरूजमा समेत रांची, पलामू, गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग, पाकुड़, बोकारो, साहिबगंज, गढ़वा, लोहरदगा, लातेहार, चतरा आदि जिलों के शिक्षक शामिल थे.



अधिकार सम्मेलन आयोजन के दौरान झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और अन्य लोग.

**खास बातें**

- 1980 के प्रावधानों के अनुसार 46 मदरसा को स्वीकृति दी थी
- मदरसा के शिक्षक की समस्याओं को सरकार दूर करे
- शिक्षकेत्तर कर्मी को वेतनमान में अनुदान दिया जाए

# कांग्रेस कार्यालय 13 सालों से बंद राहुल गांधी से खुलवाने की फरियाद

संवाददाता। धनबाद



धनबाद कांग्रेस जिसने आजादी के बाद से देश को आधा दर्जन सांसद दिए, विधायकों की लंबी लाइन लगा दी. वर्तमान में भी कांग्रेस की एक विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मौजूद हैं. अब दो-दो चुनाव सर पर है और बीते तेरह सालों से इनका जिला कार्यालय तक नहीं खुल पाया है. ऐसे में इनकी चुनावी रणनीति क्या होगी, इसका अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है. हां, कांग्रेसी राहुल गांधी से उक्त कार्यालय को खुलवाने का गुहार लगा रहे हैं, ये वही कार्यालय है जिसे सत्तर के दशक में इंदिरा गांधी ने आकर बुनियाद रखी थी और खुद से करनी चलाई थी. अब इसे खुलवाने की फरियाद कांग्रेसी उनके पोते राहुल गांधी से कर रहे हैं.

**जिला परिषद की जमीन पर है कांग्रेस कार्यालय :** बताते चलें कि धनबाद कांग्रेस का जिला कार्यालय लुबी सर्कुलर रोड में मौजूद था. कार्यालय था तो कांग्रेसियों की गहमा-गहमी भी वहां रहती थी. नेता, विधायक, सांसद और मंत्रियों की मौजूदगी कांग्रेसियों का रुतबा बढ़ाए रखती थी. लेकिन 2011 में अर्जुन मुंडा की सरकार ने पूरे राजय में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. तब सनसनीखेज रूप से यह बात सामने आई कि कांग्रेस कार्यालय जिला परिषद की जमीन पर बनी है. तमाम विरोध के बाद कांग्रेस कार्यालय को बंद कर दिया गया.

# आईआईटी-आईएसएम ने मनाया डिपार्टमेंट रिसर्च डे

संवाददाता। धनबाद

अधिक सक्रिय और जीवंत अनुसंधान वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केमिकल इंजीनियरिंग विभाग आईआईटी-आईएसएम धनबाद ने विभाग परिसर में विभाग अनुसंधान दिवस मनाया. विभाग के प्रमुख प्रो आदित्य कुमार के स्वागत भाषण के बाद इस तरह के समर्पित अनुसंधान दिवस की प्रेरणा पर प्रकाश डालते हुए आईआईटी-आईएसएम के निदेशक प्रोफेसर जेके पटनायक, जो कार्यक्रम के संरक्षक भी हैं, ने इस तरह की आवश्यकता पर जोर दिया. प्रोफेसर पटनायक ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन के दौरान विभाग के छात्रों को अपनी शोध गतिविधियों में उच्च शिखर हासिल करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें संबंधित चुनौतियों से न डरने की सलाह दी. संस्थान के डीन (आर एंड डी) प्रोफेसर सागर पाल ने भी विभाग की सभी उपलब्धियों के लिए उसकी सराहना की. पीएचडी विद्वानों और एमटेक छात्रों के साथ-साथ विभाग के शोधकर्ताओं ने विभाग के अनुसंधान समुदाय के लिए अपनी शोध यात्रा और मुख्य परिणामों का प्रदर्शन किया. 15 वक्ताओं ने मौखिक प्रस्तुति के माध्यम से अपने शोध प्रगति के बारे में विवरण साझा किया. विभाग के एमटेक और पीएचडी विद्वानों द्वारा अनुसरण किए जा रहे विभिन्न अनुसंधान प्रक्षेप पथों को प्रदर्शित करने के लिए आठ पोस्टरों को प्रस्तुत किया गया.

## साउथ बिहार एक्सप्रेस का आरा तक विस्तार, अधिसूचना जारी

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग से बिहार के राजेंद्रनगर टर्मिनल तक चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस अब आरा तक जाएगी. इसको लेकर रेलवे ने अधिसूचना जारी कर दी है. मंगलवार से दोनों ओर से खुलने वाली ट्रेनों के लिए यह आदेश लागू हो जाएगा. यह ट्रेन आरा स्टेशन से ट्रेन संख्या 13288 और दुर्ग से ट्रेन नंबर 13287 से चलेगी. यह ट्रेन आरा-राजेंद्रनगर दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी. यह ट्रेन आरा से रोजाना शाम 6.45 बजे चलेगी और दूसरे दिन शाम 8.40 बजे दुर्ग पहुंचेगी. जबकि दुर्ग से यह ट्रेन सुबह सात बजे खुलेगी और सुबह साढ़े आठ बजे आरा पहुंचेगी. इस ट्रेन का ठहराव राजेंद्रनगर में 6.45 बजे से 6.50 बजे तक, पटना जंक्शन पर सात बजे से 7.10 बजे तक, दानापुर में 7.27 बजे से 7.33 बजे तक, बिहटा में 7.44 बजे से 7.46 बजे तक रुकेगी.

# पानी के लिए तरस रहा है मेदिनीनगर

संवाददाता। मेदिनीनगर

मेदिनीनगर शहर की पर जलापूर्ति व्यवस्था अब भगवान भरोसे हो गई है. तकनीकी खराबी के कारण दो दिनों से शहर में पेयजलापूर्ति ठप है. पेयजलापूर्ति विभाग के कर्मी इसे ठीक करने में दो दिन से लगे हुए हैं, लेकिन सोमवार को भी इस कार्य में सफलता नहीं मिली. पाइपलाइन इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को भी तकनीकी खराबी दूर करने का प्रयास किया जाएगा और यदि सफलता मिली तो बुधवार से पहले आपूर्ति सुचारू हो सकती है.

**पंपू कल का हैवी ट्रांसफार्मर खराब :** जानकारी के अनुसार बेलवटिका स्थित पंपू कल में स्थापित मोटर को बिजली आपूर्ति करने के लिए लगा हैवी ट्रांसफार्मर खराब हो गया है. ट्रांसफार्मर नया लगा है और गारंटी पीरियड में है इसलिए इसे कंपनी के कर्मचारी ही ठीक कर सकते हैं. इस बीच पेयजल आपूर्ति विभाग के कर्मी बिजली को सीधा स्टेबलाइजर से जोड़कर मोटर को चालू करने के प्रयास में लगे हैं. पेय जलापूर्ति कर्मियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद बिजली विभाग से सहयोग नहीं मिलने के कारण 1 दिन से अधिक समय गुजर गया यदि लोड सेडिंग मिलता तो इसे रविवार से ही बनाने का प्रयास किया जाता और संभव है कि मंगलवार से पेजलापूर्ति सुचारू हो जाती.



**खास बातें**

- दो दिनों से शहर में ठप है पेयजल की आपूर्ति
- आज भी शहरवासियों को नहीं मिलेगा पानी

### इस कारण जलापूर्ति ठप है

इधर, पानी बाबा के नाम से मशहूर समाजसेवी परशुराम ओझा ने सोमवार को बेलवाटिका स्थित पंपू कल निरीक्षण के बाद कहा कि पीएचडी विभाग द्वारा 2023 में विद्युत की सही आपूर्ति के लिए 11 हजार वोल्ट का सर्वो कंपनी का ट्रांसफार्मर पीएचडी विभाग द्वारा लगाया गया था जो तीन बार ब्लास्ट कर गया है. इस कारण शहर में पेयजलापूर्ति ठप है. सोमवार को रेगुलेटर से हटाकर डायरेक्ट करने का काम चल रहा है.

### आपूर्ति करने वाली कंपनी पर कार्रवाई की मांग की गई

उन्होंने पलामू उपायुक्त से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति करने वाले कंपनी के बारे में सरकार को अवगत कराने और वैसे कंपनी पर कार्रवाई की मांग की है. श्री ओझा ने कहा कि विभाग केवल सामान लगवाकर और कमीशन खाकर निश्चित हो जाता है, जबकि खराब सामान की आपूर्ति होने के कारण समस्या शहरवासियो को झेलनी पड़ रही है.

## महिलाओं से मारपीट मामले पर ग्रामीणों ने की बैठक

**चाईबासा।** कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के दिकू बलकांड गांव में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में महिलाओं से दुर्व्यवहार व मारपीट मामले ने अब तूल पकड़ लिया है. रविवार को घटना की लिखित शिकायत चाईबासा स्थित एससी/एसटी थाने सदर में करने के बाद सोमवार को भुईयां समाज के लोगों ने दिकुबलकांड में घटना के विरोध में बैठक की और घटना की निंदा की. बैठक में भोंडा, गुड़गांव, तिरिलपी, सरडिया, ठेंगरा तथा लखीमपोसी व दीकु बलकांड आदि गांवों के लोग थे. बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय अखंड भुईयां समाज के जिलाध्यक्ष महावीर नायक ने की. महावीर ने कहा कि 17 फरवरी को समाज की महिलाओं व बुजुर्गों के साथ जो अभद्रता तथा मारपीट की घटना हुई थी. वह न केवल निंदनीय है बल्कि दंडनीय भी है. जिस तरह से समाज की महिलाओं व माताओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी व अपशब्द कहे गये वो क्षमा योग्य नहीं है.

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 25 साल की कैद

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया. धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बलियापुर के रघुनाथपुर निवासी आरोपी युवक ऋतिक सोरेन को 25 वर्ष कैद व दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई. मामले में पीड़िता के पिता के बयान पर बलियापुर थाने में 23 मार्च 2023 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपी ऋतिक सोरेन पीड़िता को बहला फुसलाकर बीते 8-9 महीने से दुष्कर्म कर रहा था. विरोध करने वह उसके साथ मारपीट करता था और धमकी देता था कि यदि किसी को बताई तो जान से मार देंगे. अंत में पीड़िता ने अपने पिता को पूरे मामले की जाकनारी दी.

### पेज एक का शेष

## सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें...

अखिलेश यादव ने 17 सीटों की लिस्ट जयंत चौधरी के जाने के बाद कांग्रेस को दे दी है.

खरगे ने अपने पास रख ली लिस्टः दावा है कि इसके बाद अखिलेश की दी हुई सूची को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पास रख लिया, उस पर कोई विचार नहीं किया. फिर जब न्याय यात्रा में शामिल होने को लेकर कांग्रेस की तरफ से दबाव बनाया जाने लगा, तब अखिलेश की फिर कांग्रेस हाईकमान से बात हुई और अखिलेश ने फिर सोमवार सुबह खरगे को फिर लिस्ट दी 17 की. ऐसे में अखिलेश से कहा गया कि 1 बजे तक सब फ़ाइनल करके लिस्ट दे दी जाएगी कि कहां-कहां से लड़ेंगे. सूत्रों की मानें तो अखिलेश का कहना है कि आप न्याय यात्रा में मंच साझा करवा लोगे और फिर कल अपनी सीट को लेकर मांग बढ़ा दोगे, तो हमारी स्थिति खराब होगी और जब आपने 11 की जगह 17 सीट मांगी है तो हमने दे दी. फिर भी आप लिस्ट क्यों नहीं भेज रहे. सूत्रों का दावा है कि सपा की जीती हुई सीट मुरादाबाद को लेकर भी मामला फंसा हुआ है. कांग्रेस, सपा की जीती हुई सीट मुरादाबाद मांग रही है. इसके लिए प्रियंका गांधी वाड्रा ने दबाव बनाया है. वहीं अखिलेश यादव के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, सब कुछ ठीक होगा. कोई समस्या नहीं है.

## आप लोग न जागे तो...

दरअसल, वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में 25 फरवरी को राहुल गांधी ने प्रियंका के साथ रोड शो किया था. करीब ढाई बजे जैसे ही यात्रा के अमेठी की सीमा में दाखिल होने की जानकारी सामने आई, हर कोई नारेबाजी करने लगा. यात्रा के आते ही देखो-देखो कौन आया... का नारा लगने लगा. राहुल गांधी सबका अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे बढ़ रहे थे. कोई अंगवस्त्र पहना रहा था, तो कोई फूलों की माला. यहां से होते हुए अमेठी कस्बे में पहुंचे राहुल गांधी का स्वागत हुआ. इसके बाद उनका काफिला गौरीगंज के लिए निकल पड़ा.

हिम्मत है तो राहुल अमेठी से लड़ लें चुनावः स्मृतिः उधर, केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने राहुल गांधी को अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है. एनडीटीवी से बातचीत में इरानी ने साफ तौर पर कहा कि अगर राहुल को खुद पर भरोसा है, तो अमेठी से इलेक्शन लड़ कर दिखाएं. उन्होंने कहा, 2019 में उन्होंनेअमेठी छोड़ दिया और आज अमेठी ने उन्हें छोड़ दिया है. अगर उन्हें खुद पर भरोसा है, तो वायनाड न जाकर अमेठी से लड़कर दिखाना चाहिए. स्मृति का यह बयान ऐसे समय आया, जब राहुल गांधी खुद अमेठी पहुंचे हुए हैं.

**प्रदर्शन** विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति और सेशन समय पर पूरा करने की पुरजोर मांग

# शिक्षा व्यवस्था को लेकर अभाविप का धरना, निशाने पर राजभवन व सरकार

संवाददाता। रांची



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के सदस्य विभिन्न मांगों को लेकर राजभवन के सामने धरने पर बैठे हैं. अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला के नेतृत्व में झारखंड के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज के छात्र भी छात्र हुंकार धरना दे रहे हैं. धरने पर बैठे छात्र विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति, सेशन समय पर, राजभवन के पदाधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप और झारखंड के विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग को बंद करने की मांग कर रहे हैं.

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में शिक्षण व्यवस्था बदहाली की कगार पर है, राज भवन और साथ ही राज्य सरकार से भी यह पूछना चाहता हूं कि ऐसी क्या मजबूरी है कि कुलपति नियुक्तियों को बीच में ही रोक दी गई, राजभवन को इसे लेकर एक श्वेत पत्र जारी करके आम छात्रों को स्पष्टीकरण देनी चाहिए कि कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया को बीच में ही क्यों रोक दी, कुलपतियों की नियुक्ति की विज्ञापन निकलने के बाद भी 9 महीने से अभी तक कुलपतियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय हाशिए पर चला गया है. आखिर ऐसा क्या कारण है की नियुक्तियों को बीच में रद्द किया गया. आपको बता दें कि 2007 के बाद किसी भी प्रकार की स्थाई नियुक्ति प्राध्यापकों की नहीं हुई है. महाविधालयों में 90% अस्थाई प्रभारी प्राचार्य के सहारे महाविद्यालय चल रही हो रांची विश्वविद्यालय में 1032 पोस्ट अध्यापकों की स्वीकृत की हुई है, अभी तक 686 पोस्ट रिक्त पड़ी हुई है.

**रांची विवि के अंतर्गत 18 अंगीभूत महाविद्यालय है :** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत 18 अंगीभूत महाविद्यालय है जिसमे तीन स्थाई प्राचार्य ही मौजूद हैं. छात्र संघ चुनाव न कराना , सीनेट, सिंडिकेट को बहाल न करना यहां के सत्ताधारी लोगों की नियत पर भी कहीं ना कहीं सवालिया निशान खड़ा करता है. झारखंड में एक नई लूट की प्रणाली देखने को नजर आ रही है जिसे आउटसोर्स के माध्यम से हम जान सकते हैं, झारखंड में जितने भी विश्वविद्यालय हैं उसमें आउटसोर्स के जरिए पैसा उगाही का कार्य सिर्फ किया जा रहा है, नेट जीआरएफ क्वालिफाइड छात्र 500 से अधिक हैं जो आज एसोसिएट प्रोफेसर नहीं होने के कारण शोध करने में असमर्थ है. 8 वर्षों के बाद यह सरकार झारखंड संयुक्त योग्यता धारी परीक्षा का आयोजन करती है और वह भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाती है. क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य रोमा तिर्की, जनजातिया कार्य प्रमुख प्रमोद रावत कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशाल सिंह,प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन, राष्ट्रीय प्रादेशिक विवि कार्य सह प्रमुख विनीत पांडे, दुर्गेश यादव समेत अन्य शामिल रहे.

# लोकतंत्र के नाम पर

रूस में पुतिन को चुनौती देने वाले अलेक्सेई नवलनी की साइबेरिया के एक जेल में मौत हो गयी. पाकिस्तान में सेना नियंत्रित लोकतंत्र के नाटक को पाकिस्तान में चुनौती देने वाले इमरान खान छह महीनों से जेल में हैं और उन्हें विभिन्न राजनीतिक मामलों में 30 साल से ज्यादा की सजा सुना दी गयी है. वहां चुनावों में परिणामों पर डाका डाल दिया गया है. जर्मनी में प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए नव नाजी पार्टी सक्रिय हो गयी है. हंगरी में चुनाव पहले से ही तमाशा बन कर रह गया है. भारत में विपक्ष के नेताओं को इडी और अन्य एजेंसियों का सहारा ले कर पार्टी छोड़ने के लिए विवश किया जा रहा है. मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खाते पर पहले रोक लगा दी गयी और फिर इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल से उस रोक को हटा दिया. यानी लोकतंत्र के ये नए प्रयोग हैं, जिन्हें दुनिया भर में लोकतंत्र का अध्ययन करने वाली संस्थाओं ने खतरनाक प्रवृत्ति बता दिया है और आम लोगों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी वोट देने के अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद किया है. इस समय भारत में किसानों के प्रतिरोध के अधिकार को जिस तरह कुचला जा रहा है, उससे जाहिर है देश में आम लोगों के दर्द और आवाज पर बंदिशें लगायी जा रही हैं. इन तमाम घटनाक्रमों के बीच यह तो स्पष्ट ही है कि दुनिया भर में कॉर्पोरेट के बढ़ते शिकंजे ने लोकतंत्र को बंधक बनाने की पृष्ठभूमि बना दी है. आम लोगों के सवालों का हल निकालने में दुनिया का वर्तमान अर्थतंत्र विफल साबित हो रहा है. इस कारण आम लोगों में सत्ता विरोधी असंतोष बढ़ रहा है और विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त हो रहा है. जर्मनी का किसान आंदोलन हो या इंगलैंड में विभिन्न तबकों का आंदोलन या फिर फ्रांस की सड़कों पर बढ़ रहे प्रदर्शनों की कतार. इन सबके बीच गाजा में जनसंहार को मदद के साथ पश्चिमी शासक अपने हथियार उद्योग को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं. अफ्रीका हो या लातिनी अमेरिका, हर तरफ वास्तविक लोकतंत्र, आर्थिक न्याय, बढ़ती गैर-बराबरी के पुरजोर विरोध के स्वर सुनायी दे रहे हैं. एक समय था, जब जनता के असंतोष को पनपने नहीं देने के लिए कल्याणकारी आर्थिक नीतियों को पूंजीवादी देशों ने अपनाया था, लेकिन अब देखा जा रहा है कि कारपारेट बनाम जन के अंतरविरोध के बीच शासक समुदाय कारपारेट के हितों में खड़ा हो रहा है. इस कारण दुनिया में सांप्रदायिक, नस्लवादी और स्थानिक भेदभाव का माहौल बन रहा है. दुनिया के लिए यह एक ऐसा समय है, जब बौद्धिक जगत हो या राजनीतिक, कहीं से भी भविष्य के लिए उम्मीद की किरण नहीं दिखायी दे रही है, लेकिन दुनिया विकल्पहीन नहीं होती. लोग ही लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और तख्तनशीनों के इरादों को मात देंगे. दरअसल लोकतंत्र के बुनियादी वसूलों को जमीन पर उतारे बगैर एक समतामूलक समाज और दुनिया नहीं बनायी जा सकती और न ही तानाशाहों के उभार को रोका जा सकता है.

> जर्मनी का किसान आंदोलन हो या इंगलैंड में विभिन्न तबकों का आंदोलन या फिर फ्रांस की सड़कों पर बढ़ रहे प्रदर्शनों की कतार. इन सबके बीच गाजा में जनसंहार को मदद के साथ पश्चिमी शासक अपने हथियार उद्योग को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं.

## सुभाषित

**दानं भोगो नाशस्त्रयो गतयो भवन्ति वित्तस्य।**
**यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति॥**


धन खर्च होने के तीन मार्ग हैं- दान, उपभोग तथा नाश. जो व्यक्ति धन होने पर भी गरीबों और जरूरतमंदों के बीच दान नहीं करता तथा उस धन का खुद भी उपभोग नही करता तो उसके धन की तीसरी गति होती है, यानी उसके धन का नाश हो जाता है.

# सत्ता के खेल निराले ही होते हैं

**अब बिहार में फिर से 'नीतीशे कुमार' ही मुख्यमंत्री हैं. जो घटना पिछले दिनों बिहार के राजनीतिक गलियारे में हुई, उससे बिहार ही नहीं, पूरा देश अपने नेताओं के इस अप्रत्याशित दलबदल से शर्मसार महसूस कर रहा है कि किस मुंह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा से हाथ मिलाकर इसके पाले में जाकर सरकार बना ली. वे उसी दल में शामिल हो गए, जिसके लिए वह कहा करते थे 'मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा, लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

12 दिसंबर वर्ष 1995 को राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में सम्मानित किया था, जिसमें कई भारतीय वरिष्ठ बुद्धिजीवी और राजनीतिज्ञ शामिल थे. उस सम्मान समारोह में कुल मिलाकर यह कहा गया कि सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने राष्ट्रीय विवेक की अभिव्यक्ति सदैव अपने संसदीय इतिहास में किया है. ज्ञात हो कि स्व. चंद्रशेखर 17 अप्रैल, 1962 में राज्यसभा में आए थे. उस समय उनकी उम्र 35 वर्ष थी तथा जिस समय उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार दिया गया था, तब उनकी उम्र 70 वर्ष थी. इन 35 वर्षों के इतिहास में वह लगातार राज्यसभा या लोकसभा में रहते हुए संसदीय व्यक्तित्व की उत्कृष्टता साबित करते रहे. उनके सांसदत्व की सबसे बड़ी विशेषता थी उनकी ईमानदारी और खरापन. अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बात कर लेते हैं. नीतीश कुमार का राजनीति में आगमन वर्ष 1974 में हुआ था, लगभग 50 वर्ष पहले. उन्होंने बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के साथ-साथ जयप्रकाश आंदोलन में हिस्सा लिया और पांच बार दलबदल किया तथा पिछले सप्ताह नौवीं बार मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए फिर मुख्यमंत्री पद के लिए शपथग्रहण किया. जहां अपनी ईमानदारी और खरापन के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को जाना जाता है, वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इतने लंबे राजनीतिक जीवन जीने के बाद और नौवीं बार मुख्यमंत्री पद संभालने के बावजूद उन्हें राजनीति का 'पलटूराम' कहा जाता है. उन्होंने पिछले सप्ताह विधानसभा में विश्वासमत भी हासिल कर लिया.

राष्ट्र के निर्माण में एकाध नहीं, अनेक ऐसे राजपुरुष रहे हैं, जिन्होंने सत्तामोह कभी नहीं किया और जनहित के लिए सदैव जनता के ही साथ आजन्म बने रहे. लेकिन, अब ऐसा लगता है कि राजनीति केवल सत्तारूढ़ होकर जनता के खून की कमाई दौलत से मौज करना रह गया है. चूंकि हमारे देश की जनता पूरी तरह गरीबी के कारण शिक्षित नहीं हो सकी है, अतः वे सीधे-सादे हैं और राजनीतिज्ञों की चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर गुमराह हो जाते हैं. आज कुछ ऐसे राजनीतिज्ञ भी हो गए हैं, जिनकी तुलना अगर मेढक से करें, तो कोई अनुचित नहीं होगा, क्योंकि वे सत्तारूढ़ होने के लिए कभी किसी तालाब से उछलकर किसी दूसरे तालाब में जा सकते हैं. साथ ही एक नया शगूफा चला है जिसका नाम 'हॉर्स ट्रेडिंग' रखा गया, जिसे आम बोलचाल की भाषा में हम खरीद-फरोख्त कहते हैं. आज राजनीति में ऐसे लोगों को आमंत्रित करके बुलाया जाता है, जो राजनीति का ककहरा भी नहीं जानते, लेकिन जनता को गुमराह करने के लिए उन्हें चुनाव लड़ाया जाता है. उन्हें जिताकर विधायक, मंत्री और सांसद बना दिए जाते हैं. इससे यह तो हो जाता है कि पार्टी का कोरम तो पूरा हो जाता है, लेकिन जिस उद्देश्य से हमारे संविधान निर्माताओं ने विधानसभा या संसद में उनके कार्य को निर्धारित किया, वह कभी पूरा नहीं हो पाता है. अब जनता करे, तो क्या!

यदि पूर्व के राजनीतिज्ञों की बात करें, तो देशहित में जिन्होंने सर्वश्रेष्ठ निःस्वार्थ अपने को समर्पित किया, उनमें पहली पंक्ति के नामों में मोहनदास करमचंद गांधी, सुभाषचंद्र बोस शामिल हैं. सच बात तो यह है कि उस समय की राजनीति और राजनीतिज्ञ औपनिवेशिक शासक के विरुद्ध अपनी लड़ाई लड़ रहे थे. उनकी सोच अपने लिए नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के लिए थी. उनका अपना कोई स्वार्थ या अपने लिए कोई पद नहीं चाहिए था, जबकि आज राजनीति में आते ही इसलिए हैं, ताकि उनका निज का स्वार्थ सधता रहे. जितना साफ-सुथरा चरित्र राजनीतिज्ञों का होता था, उससे ही प्रभावित होकर पहले खूब पढ़े-लिखे काबिल व्यक्ति राजनीति में आते थे, लेकिन धीरे-धीरे राजनीतिज्ञों ने अपने शरीर और वस्त्र को साफ-सुथरा रखना तो शुरू कर दिया, लेकिन समाज जहां था, उसे पीछे ही धकेल दिया. फिर ऐसे राजनीतिज्ञ होते तो श्वेत वस्त्रधारी हैं, लेकिन आंतरिक गुण उनका काला ही होता है. जनवरी से बिहार में जो राजनीतिक दुर्गंध फैली, वह तो ऐतिहासिक है. महागठबंधन में नायक के रूप में उभरकर सामने आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गठबंधन से अपना संबंध तोड़कर एनडीए में शामिल होकर फिर से नौवीं बार मुख्यमंत्री बन गए. राजनीति का इतना गंदा चरित्र आजादी के बाद शायद इस देश की जनता को पहली बार देखने को मिला. फिर 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में हुए विश्वासमत भी मुख्यमंत्री ने जीत लिया. अब बिहार में फिर से 'नीतीशे कुमार' ही मुख्यमंत्री हैं. जो घटना पिछले दिनों बिहार के राजनीतिक गलियारे में हुई, उससे बिहार ही नहीं, पूरा देश अपने नेताओं के इस अप्रत्याशित दलबदल से शर्मसार महसूस कर रहा है कि किस मुंह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा से हाथ मिलाकर इसके पाले में जाकर सरकार बना ली. वे उसी दल में शामिल हो गए, जिसके लिए वह कहा करते थे 'मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा, लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा.' और, वहीं भारतीय गृहमंत्री कहा करते थे- 'नीतीश बाबू और ललन बाबू के लिए भाजपा के दरवाजे सदा के लिए बंद हो गए हैं.'

यही प्रश्न तेजस्वी यादव ने विधानसभा में मुख्यमंत्री से पूछा कि आखिर मुख्यमंत्रीजी आपको ऐसा क्या हो गया कि इस तरह आपको भाजपा से हाथ मिलाना पड़ा. तेजस्वी यादव ने यह भी पूछा कि बिहार की जनता यह जानना चाहती है कि आप हमेशा इधर-उधर झांकते क्यों रहते हैं. आपने कहा था लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को हटाएंगे. आप झंडा लेकर चले थे, लेकिन अब आपका भतीजा झंडा लेकर चला है, जो नरेंद्र मोदी को बिहार में रोकेगा. तंज कसते हुए तेजस्वी ने कहा- मोदी की गारंटी बहुत मजबूत गारंटी है, लेकिन क्या वे गारंटी लेते हैं कि नीतीश कुमार फिर से पलटी नहीं मारेंगे! उधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वह पूरे तौर पर लोगों के हित में काम करेंगे. वह किसी के खिलाफ नहीं हैं. बिहार में इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद इतना तो स्पष्ट हो गया है कि युवा नेता के रूप में तेजस्वी यादव को एक उभरता सितारा माना जाने लगा है. जिस प्रकार संयम बरतते हुए तेजस्वी यादव ने सत्तारूढ़ के प्रहारों को पूरे सदन के समक्ष सामना किया, उसकी प्रशंसा आज बिहार ही नहीं, पूरे देश की जनता करने लगी है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## ईमानदारी की अपेक्षा

गांव में एक पशुपालक रहता था, जो दूध से दही और मक्खन बना, बेचकर रोजी चलाता था. हमेशा की तरह आज भी उसकी पत्नी ने मक्खन तैयार करके दिया और वह उसे बेचने के लिए अपने गांव से शहर की तरफ निकल पड़ा. मक्खन गोल पिंडी के आकार में होता था और प्रत्येक पिंडी का वज़न एक किलो था. शहर में किसान ने उस मक्खन को हमेशा की तरह अपने रोज के दुकानदार को बेच दिया. बदले में दुकानदार से चायपत्ती, चीनी, तेल, साबुन, मसाले व दालें वगैरहा खरीदकर वापस अपने गांव चला गया. किसान के जाने के बाद, दुकानदार को मक्खन फ्रिज़र में रखते हुए सहसा खयाल आया कि क्यूं ना आज एक पिंडी का वज़न कर ही लिया जाए. वज़न करने पर पिंडी सिर्फ 900 ग्राम उतरी. हैरत और संदेह से उसने सारी पिंडियां तोल डालीं. प्रत्येक पिंडी 900-900 ग्राम ही थी. व्यापारी छले जाने के विषाद से भर उठा. अगले हफ्ते किसान हमेशा की तरह मक्खन लेकर जैसे ही दुकानदार की दहलीज़ पर चढ़ा. दुकानदार आक्रोश में चिल्लाते हुए, किसान से कहा कि वह दफा हो जाए, उसे किसी बे-ईमान और धोखेबाज़ व्यक्ति से व्यापार नहीं करना!! एक किलो बताकर, 900 ग्राम मक्खन थमानेवाले धूर्त की वह शक्ल भी देखना नही चाहता. किसान ने अनुनय विनय की. बड़ी ही विनम्रता से दुकानदार से कहा ₹मेरे भाई मैं धूर्त नहीं हूं. मुझ पर संदेह न करो, हम गरीब अवश्य है किन्तु ठग नहीं. हमारे पास एक पुरानी सी तुला है, तोलने के लिए बाट (वज़न) खरीदने की हमारी हैसियत नहीं, इसलिए जो एक किलो चीनी आपसे तुलवाकर ले जाता हूं, उसी पैकेट को तराजू के एक पलड़े में रखकर, दूसरे पलड़े में भारोभार मक्खन तोल लेता हूं. दुनिया से ईमानदारी चाहने से पहले, हमें अपने गिरेबान में झांक कर अवश्य देख लेना चाहिए कि हम स्वयं दुनिया के साथ कितने ईमानदार है. अक्सर स्वयं की बेईमानी तो हमें चतुरता लगती है, या बौद्धिक चालाकी लगती है, किन्तु जब दुनिया से वही पलटकर हमारे सामने आए, तो हमारा क्रोध और आक्रोश नियंत्रण में ही नहीं रहता. यदि हम चाहते हैं कि जगत में ईमानदारी का प्रचलन हो, तो सर्वप्रथम हमें दृढता और निष्ठापूर्वक ईमानदार रहना होगा. यदि ऐसा नहीं होगा तो हर आदमी इसी प्रकार दूसरों को ठगने में ही अपनी ऊर्जा शक्ति का उपयोग करेगा और दूसरों को ठगते-ठगते एक न एक दिन ठग लिया जाएगा. बेईमानी और झूठ को सदा के लिए छिपाया नहीं जा सकता. एक न एक दिन भंडाफोड़ हो ही जाता है.

# किसान आंदोलन के प्रति हिकारत क्यों?

• आंदोलन

राहुल लाल

केन्द्र सरकार द्वारा एक तरफ किसानों के प्रति उच्चस्तरीय संवेदनशीलता दिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न प्रदान किया गया है, वहीं दूसरी ओर अन्नदाता के ऊपर स्वतन्त्र भारत में पहली बार ड्रोन से आंसू गैस के हमले किए जा रहे हैं. इन हमलों को किसानों के ऊपर एयर स्ट्राइक कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल द्वारा गाजा पर हमलों में ड्रोन हमलों की अंतरराष्ट्रीय आलोचना हुई है. वास्तव में अन्नदाता के ऊपर ड्रोन से आंसू गैस के हमलों को मानवता के अपराध के रूप में देखा जाएगा. किसान जब चंडीगढ़ में शान्तिपूर्ण तरीकों से सरकार के साथ बातचीत कर रहे थे तो दूसरी तरफ पुलिस ने जगह-जगह हाईवे जाम करने शुरू कर दिए थे. बड़े-बड़े कांक्रीट के बोल्डर रखे गए, बैरिकेड और कांटों की दीवार बनाई गई. शंभू बॉर्डर पर अन्नदाता पर ड्रोन हमलों ने कई सवाल खड़े किए हैं. अपने देश में क्या कोई पुलिस या अर्द्धसैनिक बल अन्नदाता पर हवाई हमले कर सकती है? क्या निगरानी के अलावा किसी तरह के हमले के लिए ड्रोन का इस्तेमाल युद्ध की श्रेणी में नहीं आता है? किस कानून के तहत ड्रोन का इस्तेमाल हमले के लिए किया जाता है? क्या आने वाले दिनों में हर जन आंदोलन, सरकार विरोधी प्रदर्शन को ड्रोन हमलों से गुजरना पड़ेगा? माननीय प्रधानमंत्री कहां तो ड्रोन का प्रयोग कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए कर रहे थे, लेकिन अंततः ड्रोन का प्रयोग अन्नदाता को कुचलने के लिए हो रहा है. प्रदर्शनकारी किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गांरटी की है. किसान एमएसपी पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं. किसानों की यह मांग काफी स्वाभाविक भी है, जब सरकार एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दे रही है, तो आखिर उनके एमएसपी पर सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश को क्यों नहीं मानती है? 2011 में गुजरात मुख्यमंत्री और एक कार्य समूह के अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि 'किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमें कानूनी प्रावधानों के माध्यम से सुनिश्चित करना होगा कि किसान और व्यापारी के बीच कोई भी लेन-देन एमएसपी से नीचे नहीं होना चाहिए.' 2014 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान कई भाषणों और चुनावी रैलियों में, मोदीजी ने वादा किया था कि सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएगी, जो स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार सभी लागतों और 50 फीसदी मार्जिन को कवर करेगी. परन्तु आज तक न तो एमएसपी की कोई गांरटी है और न ही यह सी-2+50 फीसदी के स्वामीनाथन फॉर्मूले पर आधारित है. वहीं 13 फरवरी को राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसानों को फसलों पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार, एमएसपी की कानूनी गांरटी देगी. उन्होंने कहा कि इंडिया एलायंस की सरकार बनेगी तो हम स्वामीनाथन की रिपोर्ट पर अमल करेंगे. राहुल गांधी की इस घोषणा के बाद बीजेपी किसान मामलों पर और फंसती हुई दिखाई दे रही है. गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेन्द्र मोदी स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी का समर्थन कर रहे थे, परन्तु जब सत्ता में आए तो सुप्रीम कोर्ट में ही हलफनामा देकर कहा कि- स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार सी-2+50 फीसदी के फॉर्मूले पर एमएसपी देना संभव नहीं है. इस सम्पूर्ण मामले को समझने के लिए सर्वप्रथम समझते हैं कि स्वामीनाथन कमीशन ने किस प्रकार के एमएसपी का समर्थन किया है? भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अंतर्गत कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कोस्ट्स एंड प्राइसेस अर्थात सीएसीपी ही एमएसपी तय करता है. एमएसपी का आशय है- न्यूनतम समर्थन मूल्य. न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी किसानों को दी जाने वाली एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी. दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसल की कीमत तय कर दी जाती है. एमएसपी तय होने के बाद बाजारों में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों से तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है. सरल शब्दों में कहें तो, एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है. कृषि मंत्रालय खरीफ, रबी सीजन समेत अन्य सीजन की फसलों के साथ कॉमर्शियल फसलों पर भी एमएसपी लागू करती है. केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से ही साल 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी का गठन किया था.

> प्रदर्शनकारी किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गांरटी की है. किसान एमएसपी पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं. किसानों की यह मांग काफी स्वाभाविक भी है, जब सरकार स्वामीनाथन को भारत रत्न दे रही है, तो आखिर उनके एमएसपी पर सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश को क्यों नहीं मानती है?

# खाड़ी देशों से रिश्तों की मजबूती का एक और कदम

• देशांतर

प्रमोद जोशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने भारत और पश्चिम एशिया के परंपरागत रिश्तों को न केवल बरकरार रखा, बल्कि और बेहतर बनाया. पश्चिम एशिया की उनकी ताज़ा यात्रा के ठीक पहले क़तर में भारत के आठ पूर्व नौसैनिक अधिकारियों की रिहाई से इस बात की पुष्टि हुई है कि इन देशों के साथ उनके मजबूत निजी रिश्ते हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को अबूधाबी में बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर का उद्घाटन किया. यह मंदिर दुनिया भर में इस संस्था के बनाए एक हज़ार मंदिरों और 3,850 केंद्रों में से एक है. 2015 के बाद से प्रधानमंत्री का यूएई का यह सातवां दौरा है. 2015 में भी करीब 34 साल के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वह पहली यूएई यात्रा थी. मोदी से पहले इंदिरा गांधी 1981 में यूएई गई थीं. यूएई के अलावा भारत के सऊदी अरब, ओमान, क़तर, बहरीन और कुवैत के साथ भी रिश्ते मज़बूत हुए हैं. यूएई के बाद वे क़तर गए हैं. कृतज्ञता ज्ञापन के लिए यह यात्रा बेहद ज़रूरी थी. पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के बाद ही सोमवार को भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने घोषणा की थी कि यूएई का दौरा पूरा करने के बाद पीएम मोदी 15 फ़रवरी को क़तर जाएंगे.अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत काफी हद तक पश्चिम एशिया पर निर्भर है. इतना ही नहीं क़रीब 90लाख भारतीय खाड़ी देशों में काम करते हैं और अरबों डॉलर कमाकर देश में भेजते हैं. तकनीकी, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी इस इलाके का भारत के लिए महत्व है. भारत ने यूएई के साथ वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग के समझौते किए हैं. यूएई के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी भारत की भागीदारी है.अरब देशों के साथ भारत का सौहार्द हजारों साल पुराना है. बहुत से लोगों को संभवतः इस बात की जानकारी नहीं होगी कि भारत की सबसे पुरानी मस्जिद केरल के त्रिशुर जिले में स्थित चेरामन मस्जिद है. इस मस्जिद का निर्माण 629 ईसवी में हुआ था. इस इलाके के तत्कालीन राजा चेरामन पेरुमल ने मक्का की यात्रा की थी और उन्होंने मुहम्मद साहब से भेंट भी की थी. विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने जानकारी दी कि इस दौरान दोनों देशों के बीच इस 10 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं. 2022मई में यूएई-भारत व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता हुआ था. अब भारत ने यूएई के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौता किया है, जो आने वाले वक्त में दोनों में निवेश बढ़ाने में मदद करेगा. भारत और यूएई के बीच हुए समझौते के बाद अब बिना किसी रुकावट के दोनों देशों के बीच पैसे का ट्रांजैक्शन हो सकेगा. इसके लिए भारत की यूपीआई को यूएई की एएएनआई से इंटरलिंक कर दिया गया है. दोनों के बीच ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार के क्षेत्र में संबंधों को मज़बूत करने को लेकर सहमति हुई है. इसमें ग्रीन हाइड्रोजन जैसे सतत ऊर्जा और ऊर्जा स्टोरेज को प्राथमिकता दी जाएगी. पिछले साल दिल्ली में हुए जी-20 के शिखर सम्मेलन के दौरान वक्त भारत और पश्चिम एशिया के इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर बनी सहमति के मद्देनज़र दोनों देशों ने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का निश्चय किया है. इससे खनिज तेल के साथ अन्य वस्तुओं के सप्लाई चेन को मज़बूती मिलेगी. हाल में अबू धाबी में नया आईआईटी खोला गया है, जिसका पहला अकादमिक प्रोग्राम इसी जनवरी में शुरू किया गया है. दुबई में सीबीएसई का नया दफ्तर भी बनाया जा रहा है. ये संस्थाएं इस क्षेत्र में रह रहे भारतीय तथा स्थानीय छात्रों को भी लाभ पहुंचाएंगी. यूएई को तीसरा सबसे बड़ा सहयोगी माना जाता है. 1970 के दशक में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार महज़ 18करोड़ डॉलर का था, जो अब 85 अरब डॉलर तक पहुंच गया है. 2021-22 में भारत का चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश यूएई था. 2022-23 में भारत ने अमेरिका के बाद सबसे ज़्यादा 31.61अरब डॉलर का निर्यात यूएई को किया था. प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश के मामले में यूएई भारत में सातवाँ सबसे बड़ा निवेशक है. पिछले साल जुलाई में फ्रांस की यात्रा से वापस आते समय प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा की थी. उस यात्रा के दौरान सबसे बड़ा समझौता डॉलर की जगह रुपये और दिरहम में कारोबार करने का हुआ.

> कृतज्ञता ज्ञापन के लिए यह यात्रा बेहद ज़रूरी थी. पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के बाद ही सोमवार को भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने घोषणा की थी कि यूएई का दौरा पूरा करने के बाद पीएम मोदी 15 फ़रवरी को क़तर जाएंगे.अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत काफी हद तक पश्चिम एशिया पर निर्भर है.

## मीडिया में अन्यत्र

# भारत में डिजिटल मुद्रा का भविष्य

**भारतीय** रिजर्व बैंक 2022 के उत्तरार्द्ध से ही प्रायोगिक स्तर पर केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी कर रहा है. खुदरा क्षेत्र में ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित सीबीडीसी-आर को एक सीमित उपयोगकर्ता समूह (सीयूजी) के बीच जारी किया गया था, जिसमें भाग लेने वालों में ग्राहक और व्यापारी शामिल हैं. प्रायोगिक तौर पर जारी सीबीडीसी-आर फिलहाल लोगों के बीच आपसी लेनदेन तथा लोगों और व्यापारियों के बीच के लेनदेन की सुविधा देता है, जिसमें डिजिटल रुपये वाले वॉलेट का इस्तेमाल किया जाता है. अब तक के अनुभव के बाद रिजर्व बैंक ने प्रस्ताव रखा है कि इस मुद्रा की प्रोग्रामेबिलिटी (इस मामले में गणना करने वाली ऐसी व्यवस्था जो निर्देशों को समझने, स्वीकारने और पालन करने में सक्षम हो) और ऑफलाइन कार्य क्षमता को आजमाया जाए, जिससे न केवल डिजिटल मुद्रा को अपनाने के मामले बढ़ेंगे, बल्कि सार्वजनिक नीति संबंधी लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिलेगी. जैसा कि केंद्रीय बैंक ने अपनी घोषणा में जाहिर किया, 'प्रोग्रामेबिलिटी' के तहत सरकारी एजेंसियों जैसे उपयोगकर्ताओं को यह इजाजत दी जाएगी कि वे यह सुनिश्चित करें कि तयशुदा लाभ के लिए भुगतान किया जाए. इसका अर्थ यह हुआ कि चुनिंदा अंतर्निहित नियम मुद्रा के उपयोग पर प्रतिबंध लगाएंगे. ऐसी विशेषताओं के साथ सरकार भी यह सुनिश्चित करने की स्थिति में होगी कि मुद्रा का उपयुक्त इस्तेमाल हो. उदाहरण के लिए अगर सरकार या कोई और एजेंसी स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें खरीदने के लिए डिजिटल मुद्रा में भुगतान करती है तो इसका इस्तेमाल केवल किताबों की दुकानों में होगा. डिजाइन के मुताबिक अगर मुद्रा एक तय अवधि तक इस्तेमाल नहीं की जाती है तो यह भेजने वाले के खाते में वापस लौट सकती है. इससे यह सुनिश्चित होगा कि पैसा सही ढंग से खर्च हो. इससे धोखाधड़ी का जोखिम भी कम हो जाएगा. ऐसे ही तरीकों का इस्तेमाल निजी कंपनियों द्वारा खास व्यय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी किया जा सकता है. यदि सही ढंग से क्रियान्वयन किया जाए तो ये दोनों काम सरकारी व्यय को किफायती बना सकते हैं और लोक कल्याण में सुधार कर सकते हैं. अक्सर यह बहस देखने को मिलती है कि सरकार को मूल्य सब्सिडी देनी चाहिए या नकद हस्तांतरण करना चाहिए. भारत के हालिया अनुभव बताते हैं कि नकद हस्तांतरण अधिक किफायती है. डिजिटल मुद्रा में प्रोग्रामेबिलिटी संतुलन को नकद हस्तांतरण की ओर झुका देगी, क्योंकि इससे एक तरह की निश्चितता आएगी कि मुद्रा का इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए होगा, जिसके लिए मुद्रा दी जा रही है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**





## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### आरत/आरति/आरती

**पंचवटी** में लंकापति रावण ने छल पूर्वक सीता का हरण कर लिया. वह उन्हें पुष्पक विमान में लेकर लंका की ओर जा रहा था. सीता विवश होकर विलाप कर रही थीं. उनका विलाप गीद्धराज जटायु के कानों तक पहुंच गयी. इसी प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में कहा है-गीधराज सुनि आरत बानी. रघुकुलतिलक नारि पहिचानी. अधम निसाचर लीन्हें जाई. जिमि मलेछ बस कपिला गाई. अर्थात् गीद्धराज जटायु ने सीताजी की दुःखभरी वाणी सुनकर पहचान लिया कि ये रघुकुल तिलक श्री रामचन्द्रजी की पत्नी हैं. उसने देखा कि नीच राक्षस इनको इस प्रकार विवश कर लिए जा रहा है, जैसे कपिला गाय म्लेच्छ के पाले पड़ गई हो. गीद्धराज के ध्यान को किसने आकर्षित किया? सीता माता की आरत बानी ने. गोस्वामी तुलसीदास सहित भक्तिकाल के प्रायः सभी कवियों ने आरत शब्द का प्रयोग खूब किया है. कारण भारतीय सनातन धर्म में आरत बहुत ही महत्वपूर्ण शब्द है. आरत हिंदी भाषा का तद्भव रूप है. इसका तत्सम रूप है आर्त्त. इसका अर्थ विशेषण के रूप में है पीड़ित, घबराया हुआ, परेशान, संकटग्रस्त, स्तब्ध. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में है विवाह की एक विधि, संपूर्ण. ईश्वर की वंदना. इससे मिलता-जुलता शब्द है आरति. यह संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है और इसका अर्थ है विरक्ति, विराग, वैराग्य, मनोरथ, इच्छा. इसका श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द है आरती. यह भी हिंदी का तद्भव रूप है. इसका तत्सम है आरार्त्रिक. मतलब है किसी देव या देवी की प्रतिमा के समक्ष खड़े होकर दीपक को घुमाना. इसका पर्यायवाची शब्द नीराजन भी है और दीप भी. गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में-चढ़ी अटारिन्ह देखहिं नारी,लिए आरती मंगल थारी. आरती में बत्तियों की संख्या एक से लेकर कई सौ तक हो सकती है. विवाह में वर और पूजा में आचार्य आदि की भी आरती की जाती है. क्रिया के रूप में कहा जाता है आरती उतारना, करना. मुहावरा है आरती लेना यानी आरती के बाद दीपों पर हाथ फेरकर माथे से लगाना.

# अतिक्रमण में है अद्भुत आनंद

• तीर-तुक्का

यशवन्त कोठारी



हर खास और आम को सूचित किया जाता है कि मैं इन दिनों अतिक्रमण में व्यस्त हूं. जब सब कर रहे हैं तो मैं क्यों पीछे रहूं. जो होगा सो देखा जायेगा. वैसे तो सरकार को कुछ दिखता नहीं है ,सब आंखों पर पट्टी बांध कर बैठे हैं ,फिर भी यदि किसी को कुछ दिख जायेगा तो चांदी का जूता काम करेगा, इस जूते में हैं बड़े बड़े गुण. हर शहर, गांव, सड़क, वन सब में अतिक्रमण की छाई बहार है, जिसमें जितनी हिम्मत हो उतना अतिक्रमण कर ले. दूसरे ने अतिक्रमण कर लिया यह रोना रोने के बजाये खुद भी कहीं अतिक्रमण कर लो. मुझे एक सरकारी कारिंदे ने समझाया था, जब मैं शिकायत लेकर गया था , उसने यह भी कहा की अतिक्रमण के लिए शेर सा दिल और जेब भरी होनी चाहिए. चिड़िया के दिल वाले क्या खाकर अतिक्रमण करेंगे. उसने मुझे सीधा रास्ता बताया जहां भी खाली जगह देखो अपना काम शुरू कर दो. कोई आये तो औकात के हिसाब से सुविधा शुल्क दे दो. जितना बड़ा जूता उतनी पुलिस वाला हिसाब चलता है. पडोसी की दीवार पर अपना मकान बना दो, दुकान के नीचे तहखाना खोल दो, सड़क पर टॉयलेट बना दो, फ्लेटों की छत पर पेंट हाउस बना कर बेच दो,एक मंजिला दुकान को बहु मंजिला कर दो, शिकायत आने पर नगर निगम, विकास प्राधिकरण ,जिला कार्यालय में जाकर शिकायत करता के ख़िलाफ़ झूठी शिकायत कर दो, पुलिस में मामला दर्ज कर दो ,किसी की परवाह मत करो, इस शहर में पचास प्रतिशत मकान, दुकान, बहुमंजिला इमारतें अवैध हैं सरकार किस किस को गिराएगी, सब को हफ्ता देते रहो बस. ऊपर की बालकोनी को इतना बढ़ा दो की सामने वाले कि छत से टकरा जावे . समरथ नहीं दोष गुसाईं . साधो! अतिक्रमण के असली मजे तो गावों में देखो. खेत मेरा रास्ता पडोसी का, प्लाट मेरा, दीवार की जमीं पर पडोसी का कब्ज़ा, पडोसी गेट खोल दे तो चुप रहो, नहीं तो फौजदारी का डर. यह किस्सा हर गांव , गली, मोहल्ला , शहर का है. हर शहर के विकास में तीन संस्थाएं हें नगर निगम , विकास प्राधिकरण , जिलाधीश , लेकिन तीनों में कोई ताल मेल नज़र नहीं आता है, जब कोई दुर्घटना हो जाती हैं तो सबको सब याद आता है, जिम्मेदारी टालने में सरकारी लोग माहिर होते हैं ,कम से कम बड़े शहरों में इन तीनों संस्थाओं को एक बड़े आइ एस के अंडर में देकर जवाब तलब किया जा सकता है, मगर सरकार यह सब क्यों करे?



# बालू बिना निर्माण अधूरा कैसे हो अपना घर पूरा

- रोज हजारों मजदूर काम के अभाव में घर लौट रहे हैं
- अधिक कीमत के कारण संवेदकों ने अब काम बंद कर दिया है
- बालू की किल्लत के कारण ट्रक चालक भी परेशान हैं
- हजारीबाग के इचाक व कटकमसांडी में लगभग 300 आवास अधूरे हैं
- अबुआ आवास की आधी राशि बालू खरीदने में खर्च हो जा रही है

*बालू के साथ सिर्फ निर्माण ही नहीं, बल्कि रोजगार, बाजार और कारोबार भी जुड़ा हुआ है. जब कहीं निर्माण होता है तो वहां पर काफी संख्या में मजदूर भी जमा होते हैं. एक तरफ बालू की बिक्री होती है और दूसरी तरफ निर्माण स्थल पर मजदूरों को काम मिलता है. लेकिन जब बालू मिलना बंद हो जाता है तो इससे जुड़ा हर कोई प्रभावित होता है. यही स्थिति इन दिनों झारखंड में हो रहा है. दरअसल लंबे समय से बालू बिक्री की मांग की जा रही थी. जब स्वीकृति मिली तो सिर्फ 21 घाटों से बालू का उठाव शुरू हुआ. ऐसे में इसका असर निर्माण और इससे जुड़े हर क्षेत्र पर पड़ा. इसमें घर या सरकारी प्रोजेक्ट के काम की गति तो काफी धीमी हो चुकी है. इससे पीएम आवास और अबुआ आवास बनाने की स्वीकृति तो मिल चुकी है, लेकिन निर्माण बंद है. अबुआ आवास में मिलने वाली राशि की आधी कीमत बालू खरीदने में ही खर्च हो जा रही है. जिससे आवास अधूरा पड़ा है. अगर कोई लाभुक विभाग के दबाव में अधूरे मकान में या नए अबुआ आवास की शुरुआत कर रहा है तो सरकार की ओर से दी गई अबुआ आवास की पहली किश्त का वह केवल बालू खरीद पा रहा है. अब ना उन्हें दूसरी किस्त मिल रही है और ना ही वह मकान को आगे उठा पा रहे हैं. ऐसे में हजारीबाग के इचाक प्रखंड और कटकमसांडी में लगभग 300 आवास अधूरे हैं. उससे भी बड़ी समस्या हर दिन कमाने खाने वालों की हो रही है. बालू की किल्लत ने रोजगार के मोर्चे पर अलग संकट खड़ा कर दिया है. रोज हजारों मजदूर काम के अभाव में घर लौट रहे हैं. इसमें मिस्त्री से लेकर पुरुष और महिला मजदूर भी शामिल हैं. पिछले कई महीनों से बालू की अनिश्चितता बनी हुई है. जिस कारण रोज मजदूरों को परेशान होना पड़ रहा है. हर दिन शहर के चौक-चौराहों पर काम की तलाश में मजदूर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ वापस घर लौटना पड़ता है. काम नहीं मिलने के कारण रोज हजारों मजदूरों का पलायन हो रहा है. यहां से मजदूर काम के सिलसिले में दिल्ली से लेकर केरल सहित अन्य जगहों पर जा रहे हैं. राजधानी में 18-20 हजार रुपये प्रति हाइवा बालू की कीमत 40 से 50 हजार रुपये प्रति हाइवा मिल रहा है. अधिक कीमत पर बालू मिलने के कारण कई संवेदकों ने काम बंद कर दिया है. इसके अलावा ट्रक मालिक और चालक भी परेशान हैं. बालू का उठाव कम होने से ट्रक का पहिया रूक गया है. इससे चालकों की परेशानी बढ़ गई है. वे भी पलायन करने को विवश हैं. इस मामले को लेकर शुभम संदेश की टीम लोगों के बीच पहुंची और बातचीत कर तैयार की रिपोर्ट...*

## रांची

**पूरे झारखंड में बालू काफी महंगा हो गया है. बालू की महंगाई की वजह से बड़े, छोटे तमाम निर्माण कार्य ठप पड़ गये हैं. बालू महंगा होने की वजह से मजदूर वर्ग की परेशानी बढ़ गई है.**

### सड़क पर उतर कर मजदूर वर्ग के साथ करेंगे आंदोलन : भुवनेश्वर



भाकपा माले के राज्य सचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा कि केंद्र सरकार के एनजीटी के नाम पर एवं राज्य सरकार द्वारा बालू घाटों की नीलामी नहीं होने की वजह से बालू का भाव आठ गुणा बढ़ गया है. इससे निजि क्या सरकारी इमारतों के निर्माण में भी रोड़ा लग गया है. इस लिये केंद्र सरकार को भी बालू में आ रही बाधा को दूर करने की पहल करनी चाहिये और राज्य सरकार को भी बालू घाटों की नीलामी का रास्ता साफ करना चाहिये, ताकि बालू में बढ़ी आठ गुणा महंगाई में गिरावट आये. साथ ही मजदूर वर्ग को राहत मिल सके. महंगाई की वजह से इनकी रोजी रोटी की समस्या आन पड़ी है. इसलिये जल्द इस पर कोई ठोस पहल सरकार की ओर से नहीं की गई तो मजदूर वर्ग के साथ वामपंथी, ट्रेड यूनियन, भाकपा माले सड़क पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होगी.

### बालू की महंगाई से मजदूर वर्ग हैं काफी परेशान : अमित कुमार



मधुकम निवासी अतिम कुमार ने कहा कि बालू में महंगाई की वजह से मजदूर वर्ग में बड़ी परेशानी बढ़ गई है. महंगाई की वजह से लोगों ने अपने निर्माण कार्य को रोक दिया है. लोगों का कहना है कि बालू के भाव में कुछ गिरावट होगी. उसके बाद ही फिर से निर्माण कार्य आरंभ करायेंगे. राज्य सरकार को बालू घाटों की नीलामी कर बालू बढ़ती कीमत पर लगाम लगाने की जरूरत है, ताकि गरीब मजदूरों की रोजी रोटी मिल सके. यह समय की मांग है. इसे सरकार को देखना चाहिए. आखिर वे ही कुछ कर सकते हैं

### मजदूरों के दो वक्त के खाने पर भी हो रही है आफत : अरुण झा



पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा ने कहा कि राज्य सरकार के विफलता के कारण प्रधानमंत्री का आवास योजना भी बालू की महंगाई के कारण आगे रुक गया है. सबसे अधिक मजदूर वर्ग परेशान हैं. बालू की महंगाई की वजह से उन्हें काम नहीं मिल रहा है. इस कारण उनके सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी होती जा रही है. सरकार को इसके लिये बालू घाटों की नीलामी का रास्ता साफ कर बालू के बढ़े भाव को गिराने की जरूरत है, ताकि गरीब मजदूर को दो वक्त का खान मिल सके. यह होना बहुत ही जरूरी है.

## धनबाद

### बालू की उचित व्यवस्था नहीं होने से काम पर असर पड़ रहा है: शंभू



कॉपरेटिव कालोनी जामाडोबा निवासी राजमिस्त्री शंभू ने बताया कि बालू का व्यवस्था नहीं होने के कारण काम पर बुरा असर पड़ रहा है. पिछले पांच दिनों से बैठा हुआ हूं. जहां काम चल रहा था, वहां बालू की व्यवस्था नहीं हो पाई है. ऐसे में गृहस्वामी बैठा कर पैसे तो नहीं देगा, काम बंद करा दिया है. अब क्या करें, पिछले पांच दिनों से रोजी-रोटी पर आफत आ गई है. सरकार को चाहिए कि इस मुद्दे पर जल्द से जल्द समाधान निकाले, तो हमलोगों को राहत मिलेगी.

### बालू नहीं होने से एक महीने से काम लटका हुआ है: मो. सोनू



झरिया उपर कुल्ही निवासी सह पलंबर का काम करने वाले मो. सोनू कहते हैं कि 15 दिनों का काम था, लेकिन एक महीने से काम लटका पड़ा है. मकान मालिक दो दिन काम करवा रहा है और फिर बालू की कमी बंद कर दे रहा है. इससे काम बाधित हो रहा है, जिससे उनका काम भी प्रभावित हो गया है. यदि बालू समय पर नहीं मिल पा रहा है तो इसकी परेशानी अन्य कामगारों को झेलनी पड़ रही है. 15 दिनों के काम में से लटका हुआ है. इस पर न तो सरकार और अधिकारियों का ध्यान है.

### अगर बालू घाट की नीलामी हो जाती तो अच्छा रहता: रामचंद्र



भौंरा जहाजटांड निवासी सह ट्रैक्टर मालिक रामचंद्र महतो ने बताया कि कौन नहीं चाहता कि इज्जत की रोटी खाएं, यदि सरकार बालू घाट की नीलामी कर देती है तो उन्हें डर, चोरी जैसे काम नहीं करने पड़ेंगे. इज्जत और सीना तानकर बालू लेकर जाएंगे और दो पैसे कमाकर परिवार का पालन-पोषण करेंगे. लेकिन यहां तो रंगदारों को चढ़ावा देने के बाद पुलिस को भी बंधी-बंधाई रकम देनी पड़ती है, इसके बाद चोर जैसा व्यवहार सहना पड़ता है. यह कब तक चलेगा.

### मजदूर काम का इंतजार करेगा तो पेट भरना मुश्किल होगा : अमृत



न्यू विलेज सात नंबर निवासी दिहाड़ी मजदूर अमृत बाउरी ने कहा कि बालू की कमी का खामियाजा सबसे ज्यादा आम मजदूरों को झेलना पड़ रहा है. क्योंकि यदि किसी का मकान नहीं बन रहा है तो कुछ दिन इंतजार कर सकता है, लेकिन एक मजदूर यदि काम का इंतजार करेगा तो फिर उसका पेट कैसे भरेगा. हम तो सरकार से यदि मांग करते हैं कि इस समस्या पर विचार कर जल्द से जल्द रास्ता निकाले, नहीं तो लोग भूखे मरेंगे. हमलोग दूसरा काम भी नहीं कर सकते हैं. जो जानते हैं वहीं कर सकते हैं. इसलिए इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए.

## गोड्डा

### अब तो पड़ोसी राज्यों से बालू मंगाना पड़ता है: गजानंद दास



ग्रामीण गजानंद दास कहते हैं कि बालू की कमी के कारण पड़ोसी राज्य बिहार से बालू मंगवाना पड़ता है. वहां पैसा देने के बाद कानूनी तौर पर बालू उपलब्ध हो जाता है. इससे काफी पैसा खर्च होता है. अपने यहां तो पैसा खर्च करने के बाद भी चोरी का ही बालू कहलाता है. सरकार इस मुद्दे पर कोई ध्यान नही दे रही है. ग्राम स्तर पर कमेटी गठित कर उन्हें घाट सौंप देना चाहिए. ऐसे में चोरी भी रुकेगी और सरकार को रेवेन्यू भी मिलता रहेगा. ऐसी समस्या तो कहीं नहीं है. लेकिन सरकार इस पर कुछ सोच नहीं रही है.

### बालू पर रोक के बाद भी बड़े निर्माण कार्य जारी हैं: लखीराम



ग्रामीण लखीराम टुडू कहते कहते हैं कि बालू पर रोक का आदेश सिर्फ हम जैसे गरीब लोगों पर ही लागू होता है. जबकि बड़े-बड़े ठेकेदार का काम कभी नहीं रुकता है. उनका निर्माण कार्य निर्बाध गति से चलता है. जबकि हम लोगों को घर के कार्य के लिए अपने गांव के नदी से भी बालू नहीं मिल पाता है. आखिर हमलोग कहां जाएंगे. हर तरफ यही स्थिति है. सरकार को सब घाट फ्री कर देना चाहिए. इससे किसी प्रकार की कालाबाजारी नहीं होगी. सभी को अपने काम के लिए पर्याप्त बालू मिलेगा. सभी का काम सरलता से होगा.

## चक्रधरपुर

### बालू नहीं मिलने के कारण काम मिलने में हो रही परेशानी: जयंत



चक्रधरपुर निवासी भवन निर्माण संबंधित कार्य कराने वाले संवेदक जयंत प्रधान ने कहा कि बालू का दाम महंगा होने के कारण कई लोगों के भवन निर्माण संबंधित कार्य रुके हैं. इससे काम मिलने में परेशानी हो रही है. पुराने कार्य भी अधूरे रुके हुए हैं. बालू माफिया द्वारा कालाबाजारी कर महंगे दाम में बालू बेचा जा रहा है. इसके कारण कई लोग बालू के दाम कम होने का इंतजार कर रहे हैं. सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों को बालू पर ध्यान देने की आवश्यकता है. तभी इस समस्या से हमलोग उबर सकेंगे.

### बालू के बढ़े हुए दाम में अब आनी चाहिए गिरावट : सुबोध कुमार



चक्रधरपुर निवासी सुबोध कुमार ने कहा की बालू के बढ़े दाम में गिरावट आनी चाहिए. बालू का दाम बढ़ा होने के कारण विकास संबंधित कार्य में परेशानी हो रही है. वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत होने घर बनाने वाले लोग घर निर्माण नहीं कर पा रहे हैं. प्रखंड कार्यालय आवास विभाग द्वारा घर निर्माण पूरा करने का बार-बार आदेश जारी किया जा रहा है. लेकिन बढ़ते बालू के दाम नहीं घट रहे हैं. प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य के लिए निर्धारित राशि दी जाती है. ऐसे में बालू का दाम बढ़ा होने के कारण लोग घर कैसे बना पाएंगे. इस पर सरकार को सोचना होगा.

## बेरमो

### बालू उठाव नहीं होने से मजदूरों को रोजगार की समस्या: राकेश



गोमिया के राकेश कुमार सीपीआईएम के नेता हैं. उन्होंने कहा कि बालू उठाव नहीं होने से दिहाड़ी मजदूरों के बीच रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है. वहीं सरकारी कार्य के निर्माण में ट्रैक्टर से बालू पहुंचाया जाता है तो सरकारी अधिकारी ट्रैक्टर को पकड़ लेते हैं. ऐसे में लोगों के पास कोई रास्ता नहीं बचता है. सिवाय इंतजार करने के कोई उपाय नहीं है. गोमिया में प्रखंड कार्यालय का नया भवन का निर्माण कराया गया. बालू का टेंडर नहीं हुआ है. लेकिन भवन बन गया. ऐसी स्थिति सभी जगह है. सरकार इस पर जल्द निर्णय ले.

### बालू के उठाव पर रोक के कारण युवक हो गए हैं बेरोजगार: विनय




गोमिया के किसान विनय महतो ने कहा कि ट्रैक्टर से ग्रामीण बेरोजगार युवक काम करते हैं. बालू के उठाव पर रोक के कारण उन्हें काम नहीं मिलता है. सरकारी व गैर सरकारी निर्माण कार्य में भी परेशानी हो रही है. अधिकारियों के भय से रात के अंधेरे में काम करते हैं. झारखंड सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा किया था, परंतु यहां बालू पर रोक लगा कर दिहाड़ी मजदूरी करने वालों से भी रोजगार छिन लिया गया है. ऐसे में युवाओं के पास कोई काम ही नहीं है. वे रोजगार को लेकर परेशान हैं .वे भी ऐसे समय में कहां जाएंगे.

# रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोका

**भाषा। मैड्रिड**

रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रविवार को यहां रेयो वालेकानो ने 1–1 से बराबरी पर रोक दिया, जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया, जब वह ला लीगा में लगातार 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बनी.



**54** अंक के साथ बार्सिलोना तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड **51** अंक के साथ चौथे पायदान पर है

**25** मैच में 62 अंक हैं रीयाल मैड्रिड के

**24** मैच में 56 अंक हैं गिरोना के



## अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला

अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1–1 से ड्रॉ खेला. टीम मौजूदा सत्र में लगातार 25वां मैच जीतने में नाकाम रही, जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी. रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की. दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली. इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है. रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं. गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी. गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं. बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है. अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2–1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका.



## विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप : पुरुष टीम हारी

# भारतीय महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया



**भाषा। बुसान**

भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को यहां उज्बेकिस्तान को हराया, लेकिन पुरुष टीम को मेजबान दक्षिण कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा. आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी. अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई. अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को 11-7, 11-3, 11-6 से शिकस्त दी, जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को 11-7, 11-4, 11-1 से हराया. दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को 11-6, 10-12, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की. चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम लगातार दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है. ग्रुप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी. टीम ने पिछले मैच में हंगरी को 3-2 से हराया था.





### एकतरफा हार का सामना करना पड़ा



पुरुष वर्ग में अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए, जिससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में 0-3 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा. विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून के खिलाफ 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया. शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी. चिली के खिलाफ शुरुआती मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम पोलैंड से 1-3 से हार गई थी.

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है रेस्ट

**भाषा। राजकोट**

भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं. पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं. उनके नाम तीन मैचों में 17 विकेट है. उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी. भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है. उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की काफी संभावना है. बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि पहले तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है.



### बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी

गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था. उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी. सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे. भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था. भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है. अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी. राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे. एक सूत्र ने बताया कि पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी. इस सूत्र ने कहा, वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है. उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए. श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे. वह इसके बाद चोट कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके.

# बायर्न म्यूनिख की लगातार तीसरी हार, बोकुम ने हराया

**एजेंसी। बर्लिन**

बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगतार तीसरी हार का सामना करना पड़ा, जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया. इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है, जबकि 12 दौर का खेल बाकी है. बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि



चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया. इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं.

# डैज एकोस्टा ने अर्जेंटीना ओपन में अपना पहला खिताब जीता

**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

वाइल्ड कार्ड धारक फाकुंडो डैज एकोस्टा ने रविवार को यहां अर्जेन्टीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में चिली के निकोलस जैरी को सीधे सेट में हराकर अपना पहला एटीपी एकल खिताब जीता. अर्जेन्टीना के 23 साल के डैज एकोस्टा ने खिताबी मुकाबले में जैरी को 6-3, 6-4 से हराया. एटीपी के अनुसार डैज एकोस्टा राफेल नडाल के बाद ब्यूनस आयर्स में खिताब जीतने वाले बाएं हाथ के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं. डैज



एकोस्टा ने हफ्ते ही शुरुआत करियर की सर्वश्रेष्ठ 87वीं रैंकिंग के साथ की थी और सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में उनके 59वें स्थान पर पहुंचने की संभावना है.

# हृदय ने दो मिनट 40 सेकेंड के लिए धड़कन बंद हो गई थी : टॉम

**एजेंसी। लुटोन (इंग्लैंड)**

लुटोन के कप्तान टॉम लॉकयर का कहना है कि दिसंबर में बोर्नमाउथ में प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद उनके हृदय ने ढाई मिनट के लिए धड़कना बंद कर दिया था, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चिकित्सक उन्हें पेशेवर फुटबॉल खेलने की स्वीकृति देंगे. यह 29 वर्षीय डिफेंडर 16 दिसंबर को वाइटैलिटी स्टेडियम में 59वें मिनट में बेहोश होकर गिर गया था, जिसके बाद मैच रद्द कर दिया गया. 'इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर' लगाने की सफल प्रक्रिया के बाद लॉकयर को पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ लुटोन के मैच से पहले रविवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में लॉकयर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से बताया, दो मिनट 40 सेकेंड के लिए मैं खत्म था. मुझे झटका देकर वापस लाने के लिए डिफाइब्रिलेटर की आवश्यकता थी. इसमें शामिल पैरामेडिक्स (चिकित्सकों के सहयोगी) और क्लब डॉक्टरों को बहुत-बहुत धन्यवाद क्योंकि उनके बिना मैं यहां नहीं होता. वेम्बले में कोवेंट्री पर मई के चैंपियनशिप प्ले ऑफ फाइनल में जीत के दौरान भी लॉकयर बेहोश होकर गिर गए थे जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई थी.

## गोल्फर त्वेसा मलिक टूर्नामेंट में कट से चूकीं

जॉर्ज (दक्षिण अफ्रीका)। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां फैन कोर्ट में डाइमेंशन डाटा लेडीज प्रो-ऐम गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं. पहले दौर में 78 के स्कोर से खराब शुरुआत करने वाली त्वेसा ने दूसरे दौर में 72 का स्कोर बनाया, लेकिन एक शॉट से कट हासिल करने से चूक गईं. त्वेसा अब मार्च में सनशाइन लेडीज इंविटेशनल और केप टाउन लेडीज ओपन टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी. स्कॉटलैंड की काइली हेनरी ने तीन दौर में 72, 70 और 71 के स्कोर से कुल तीन अंडर 213 के स्कोर से खिताब जीता. काइली ने दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी ली ऐन पेस (74, 69 और 72) को दो शॉट से पछाड़ा.

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों ने बैजबॉल रणनीति को बनाया निशाना

**भाषा। लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है.

भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की. भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई. मेजबान टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है. अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे. वॉन ने 'टेलीग्राफ.सीओ.यूके' पर अपने कॉलम में लिखा, यह (बेन) स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया. वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा. हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे. हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है.

## मैनचेस्टर यूनाईटेड ने लुटोन को 2-1 से हराया

लुटोन। रासमुस होलुंड के शुरुआती सात मिनट में दागे दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाईटेड ने रविवार को यहां लुटोन को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में लगातार चौथी जीत दर्ज की. होलुंड ने सिर्फ 37 सेकेंड में पहला गोल दागा जो यूनाईटेड के इतिहास में विरोधी के मैदान पर सबसे तेज गोल है. उन्होंने सातवें मिनट में दूसरा गोल करके यूनाईटेड की बढ़त दोगुनी की. होलुंड लगातार छह मैच में गोल दाग चुके हैं. लुटोन के लिए कप्तान कार्लटन मौरिस ने 14वें मिनट में हैडर से गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए. लुटोन को बराबरी हासिल करने में कई मौके मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी.

# दीया और स्वस्तिका घोष की विदेश में ट्रेनिंग को स्वीकृति

**भाषा। नयी दिल्ली**

खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया चितले और स्वस्तिका घोष को शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग के लिए क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा करने की अनुमति दे दी है. दीया जहां शिन मिन सुंग के मार्गदर्शन में दक्षिण कोरिया के पाजू-सी में ट्रेनिंग करेंगी, तो वहीं स्वस्तिका जापान के ओसाका में कियू जियान शिन से ट्रेनिंग लेंगी. एमओसी ने बैडमिंटन खिलाड़ियों किरण जॉर्ज और अनुपमा उपाध्याय, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम और निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल के प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी. किरण और अनुपमा बीडब्ल्यूएफ ऑरलियन्स मास्टर्स में भाग लेंगे तो वहीं त्रीसा और गायत्री की जोड़ी अपने कोच और फिजियो के साथ बीडब्ल्यूएफ जर्मन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जर्मनी जाएगी. भारत के राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष 'इंटरनेशनल सेसन स्टार्ट फॉर शूटर्स' प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए डोर्टमंड जाएंगे. एमओसी ने 'डब्ल्यूटीटी फीडर प्रतियोगिताओं' में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता के टीटी खिलाड़ियों जी साथियान और मनिका बत्रा के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी.

## महिला क्रिकेट | ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान रह चुकी हैं मेग लैनिंग

# मुझे संन्यास शब्द पसंद नहीं, चकाचौंध से दूर खुश हूं : लैनिंग

**भाषा। बेंगलुरु**

मेग लैनिंग को 'संन्यास' शब्द पसंद नहीं है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की यह पूर्व कप्तान चकाचौंध से दूर खुश हैं और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सहित दुनिया भर की फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट लीग में अपने जुनून को आगे बढ़ा रही हैं. ऑस्ट्रेलिया के लिए 132 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 3405 रन बनाने वाली लैनिंग ने पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से



संन्यास की घोषणा की थी. उन्होंने पिछले साल डब्ल्यूपीएल के पहले टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई की और नौ मैच में 345 रन के साथ टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं. दिल्ली कैपिटल्स को पिछले साल फाइनल में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा. लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मुझे संन्यास शब्द पसंद नहीं है लेकिन थोड़ा शांति में रहना अच्छा है, घर में समय बिताना और बीच बीच में क्रिकेट खेलना. उन्होंने कहा, मुझे अब भी खेलना पसंद है और मैं डब्ल्यूपीएल को लेकर उत्सुक हूं. उम्मीद करती हूं कि इस साल दिल्ली को खिताब जीतने में मदद कर पाऊंगी. पिछले सप्ताहांत टीम से जुड़ने के बाद लैनिंग ने बेंगलुरु में दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया. लैनिंग ने पहले डब्ल्यूपीएल टूर्नामेंट की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगामी टूर्नामेंट और बेहतर होगा. उन्होंने कहा, पिछले साल यहां खेलकर काफी अच्छा लगा. शेफाली (वर्मा) के साथ पारी का आगाज करने में काफी मजा आया और मै इस साल भी ऐसा करने को लेकर उत्सुक हूं. लैनिंग ने कहा, मुझे लगता है कि एक समूह के रूप में हमारे बीच अच्छा तालमेल था. मुझे यकीन है कि इस साल भी सब कुछ वैसा ही होने वाला है. दिल्ली की टीम डब्ल्यूपीएल 2024 में 23 फरवरी को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी.

# पंजाब के 'राज्य आइकन' बने शुभमन गिल

**भाषा। चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को 'राज्य आइकन' बनाया है. मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने सोमवार को बयान में कहा कि गिल विभिन्न अभियान का हिस्सा बनेंगे, जिनका लक्ष्य मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है, जिससे कि मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर सके. निर्वाचन अधिकारियों ने 'इस बार 70 पार' का लक्ष्य बनाया है. पंजाब में 2019 के लोकसभा चुनावों में 13 सीटों के लिए 65.96 प्रतिशत मत पड़े



थे. सिबिन ने कहा कि पंजाब के रहने वाले गिल खेल प्रेमियों, विशेषकर युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्हें चुनावों के लिए 'राज्य आइकन' बनाया गया है. सिबिन सी ने कहा कि शुक्रवार को पंजाब के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक में उन्हें ऐसे इलाकों की पहचान करने को कहा गया, जहां पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत कम था. ऐसे क्षेत्रों में गिल द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान और अपील मतदाताओं को प्रेरित करेंगे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिलेगी.

इससे पहले लोकप्रिय पंजाबी गायक तरसेम जस्सर को भी 'राज्य आइकन' के रूप में चुना गया था और वह भी इसी तरह के अभियान चलाएंगे. मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उम्मीद जताई कि पहली बार मतदान करने वाले लोग गिल और तरसेम से प्रभावित होंगे.

**ब्रीफ खबरें**

## पुलिस गाड़ी को कार ने मारी ठोकर, 5 घायल

**अररिया।** जिले की सिमराहा ओपी थाना क्षेत्र में कार की ठोकर से पुलिस की रात्रि गश्ती गाड़ी में सवार दारोगा समेत पांच पुलिस के जवान बाल-बाल बच गए. कार के ठोकर से पुलिस की गाड़ी पहले सड़क के किनारे पेड़ से टकराई और फिर पलट गई. जिसमें दारोगा समेत सवार पांच पुलिस के जवान घायल हो गए. सभी घायलों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. अनुमंडलीय अस्पताल में सभी का इलाज किया गया. वहीं ठोकर मारने के आरोप में कार पर सवार दो लोगों को ग्रामीणों के मदद से पुलिस ने पकड़ लिया है.

## हथियार और चरस के साथ पांच गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कन्छेदवा रोड में पुलिस में गुप्त सूचना के आधार पर आर्म्स के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. हरसिद्धि के ही मुसहरी गांव से चरस के साथ दो को गिरफ्तार किया है. पकड़े गये अपराधी पहाड़पुर थाना क्षेत्र का नन्दू कुमार और अनिल कुमार, हरसिद्धि का अजय और प्रेमीलाल मांझी पश्चिम चंपारण बांनूछापर का निखिल कुमार है. इनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 1 किलोग्राम चरस, 4 फोन, दो बाइक और 150 लीटर कच्चा स्प्रिट जब्त किया गया है. बताया गया है कि गिरफ्तार नंदू अनिल के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम का मामला दर्ज है.

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है. बताया जा रहा है कि दो मनचलों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. नाबालिग का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. पीड़िता की मां ने बताया कि रविवार की देर रात गांव में बारात आई थी जिसे देखने वह गई थी. बारात लगने के बाद जब वह देर रात घर पहुंची तो देखा कि ब्लीडिंग हो रही है. इसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. वहीं, होश में आने के बाद बच्ची ने बताया कि बारात से लौटने के बाद जब वह घर लौट रही थी तभी दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया.



मिड डे मील कर्मियों ने सोमवार को पटना में विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए.

## डीजे वाहन से दबकर दूल्हा घायल, मां की मौत

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में शादी की खुशियों के बीच घर में मातम पसरा गया है. चोरौत में जहां शादी की रस्मों को पूरा किया जा रहा था, उसी दौरान एक हादसा हो गया और उसकी वजह से दूल्हे की मां को अपनी जान गवानी पड़ गई. दरअसल चोरौत थाना क्षेत्र के वर्मा गांव के बर्णेश्वर महादेव स्थित तालाब पर रविवार देर रात मटकोर पूजा के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया.

डीजे रथ चालक की लापरवाही से रथ से दबकर दूल्हे की मां की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. वहीं रथ से गिरने के बाद दूल्हा भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया. मृतका की पहचान वर्मा गांव निवासी सुरेश महतो की पत्नी 50 वर्षीय मीरा देवी के रूप में की गई है. हादसे में दूल्हा रमेश महतो सहित घर के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं.

# पति-पत्नी ने एग रोल में जहर देकर नाबालिग को मार डाला

संवाददाता। समस्तीपुर

जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजीरपुर बाबूपोखर के पास बरामद किशोरी के शव मामले का पुलिस ने खुलासा किया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बताया जा रहा है कि अवैध संबंध रखने वाले पड़ोसी ने अपनी पत्नी के दबाव में आकर उसके साथ मिलकर किशोरी को एग रॉल में जहर देकर हत्याकांड अंजाम दिया. आरोपी की पहचान घटहो ओपी क्षेत्र के सुल्तानपुर घटहो निवासी रामाकांत मेहता के पुत्र राजकुमार मेहता उर्फ रामकुमार मेहता और उसकी पत्नी संजू देवी के रूप में हुई है. इस मामले को लेकर एसडीपीओ मो. नजीब अनवर ने बताया कि किशोरी की हत्या अवैध संबध के कारण हुई है. अवैध संबंध की वजह से राजकुमार मेहता ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर किशोरी को एग रॉल में जहर देकर मार डाला.

### पुलिस ने किया खुलासा

एसडीपीओ ने बताया कि 3 फरवरी को उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजीरपुर बाबूपोखर के पास एक किशोरी का शव मिला था. जिसकी पहचान घटहो ओपी क्षेत्र सुल्तानपुर घटहो निवासी राम प्रसाद महतो की पुत्री फुलशुरान कुमारी के रूप में हुई. मृतका की मां के आवेदन पर उजियारपुर पुलिस ने कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था. पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की तो पूरे मामले का पर्दाफाश हो सका है.

### भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आर-पार के मूड में नीतीश

# राजद में मची खलबली नौकरशाह पसोपेश में

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने वाले नीतीश कुमार नौंवी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आर-पार के मूड में हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रडार पर इस बार कोई और नहीं, बल्कि महागठबंधन सरकार में रहे उनके मंत्री ही हैं. एनडीए सरकार बनने के बाद से चर्चा हो रही है कि महागठबंधन सरकार के 17 महीनों में राजद कोटे के मंत्रियों ने खूब पैसा कमाया है. विधानसभा में खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि राजद के लोग पैसा कमा रहे थे. इससे राजद में खलबली मची है. पशोपेश में पडे उन नौकरशाहों के माथे पर बल पड़ गया है जो ''मुखे कानून'' का पालन करते रहे.

**श्रम संसाधन विभाग में बड़ी अनियमितता :** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने म संसाधन विभाग का चार्ज लेने के बाद जब फाइलों को खंगाला तो बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता पकड़ी. गौरतलब है कि श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत ही सभी आईटीआई कॉलेज आते हैं. फाइलों को देखने के बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीआई कॉलेजों के लिए मशीनरी और अन्य सामग्रियों की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरती गयी हैं. उन्होंने बताया कि दो हजार से 5 हजार रुपये की कीमत वाली वस्तुओं को 50 हजार रुपये में खरीदा गया है. कहा कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं. डिप्टी सीएम के अनुसार, पहले विभागीय स्तर पर जांच होगी. अगर जरूरत पड़ी तो निगरानी से भी जांच कराई जाएगी. कुछ और विभागों में सामानों की खरीद के टेंडर प्रक्रिया में भारी अनियमितता पकड़े जाने की खबर है.



**खास बातें**

- भाकपा माले का 21 से 27 तक 'जन संवाद अभियान'
- तेजस्वी की यात्रा और भाजपा का तीखा प्रहार

**लालू-तेजस्वी के बदले बोल वचन**

राजद को भी शायद इस बात का अंदाजा है. यही वजह है कि तेजस्वी यादव अपने बोल-वचन और आचार-विचार-व्यवहार में अतिरिक्त शालीनता बरत रहे हैं. बहरहाल, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद नीतीश कुमार के लिए एक फिल्मी गीत, 'कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे, तड़पता हुआ जब कोई छोड़ दे. तब तुम मेरे पास आना प्रिये, मेरा दर खुला है खुला ही रहेगा, तुम्हारे लिये' के दर्ज पर नीतीश कुमार के लिए राजद का दरवाजा खुला रहने की बात कहकर नयी अटकलों को हवा दे दी है. विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि दरवाजा तो खुला ही रहता है राजनीति में किसी का दरवाजा बंद नहीं रहता है.

## पीएम के मन में छिपा है हार का डर : शिवानंद

संवाददाता। पटना

राष्ट्रीय जनता दल में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने सोमवार को कहा कि भीतर से डरा हुआ आदमी अपने मन के डर को छुपाने के लिए ज़ोर से बोलता है.



अपने प्रधानमंत्री जी का यही हाल है. रोज़ाना अपनी पीठ थपथपाते हुए एक से बढ़कर एक दावा कर रहे हैं. तिवारी ने कहा कि अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जो उत्सव मोदी जी ने मनाया वैसा देश ने कभी देखा नहीं था. वहां राम कहां थे ! अंदर बाहर मोदी जी और सिर्फ़ मोदी जी ही थे. उस उत्सव का लक्ष्य भी आगामी लोकसभा चुनाव ही था. थोक भाव में जिस प्रकार भारत रत्न बांटा गया उसका लक्ष्य भी तो आगामी चुनाव ही है. तिवारी ने कहा कि अबकी बार चार सौ पार, रोज़ाना इस उद्घोष का क्या मतलब ! एक सशंकित प्रधानमंत्री अपने मन का डर निकाल रहे हैं. अपने कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं. क्योंकि प्रधानमंत्री जी को मालूम है कि पिछले यानी 2019 के चुनाव में उनको सिर्फ़ 39 प्रतिशत वोट ही मिले थे. मन सशंकित है! विपक्षियों में तालमेल हो गया तो हमारा खेल ख़त्म हो जा सकता है. इसलिए उनके निशाने पर कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल हैं.

### बिहार में आया यात्राओं का मौसम, भाजपा को घेरने में जुटा विपक्ष

# कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' के बाद अब राजद की 'जनविश्वास यात्रा'

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

एक तरफ कांग्रेस की न्याय यात्रा तो दूसरी ओर राजद की जन विश्वास यात्रा. महागठबंधन के दोनों घटक दलों की ओर से एनडीए खासकर भाजपा को घेरने की मुकम्मल तैयारी. कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा को लेकर बिहार से निकल यूपी जा चुके हैं वहीं राजद के युवराज तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा की सूबे के एक-एक जिले में ले जाएंगे. जिलों में राजद की ओर से इसकी व्यापक तैयारी हो रही है. भाकपा माले भी 27 से जन संवाद अभियान की तैयारी में जुटी है. सवा सौ वर्ष से अधिक उम्र वाली बूढ़ी हो चुकी कांग्रेस की न्याय यात्रा को कुछेक जगह छोड़ जन समर्थन न के बराबर मिला. प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र के मुताबिक राहुल गांधी की न्याय यात्रा पूरी तरह 'फ्लॉप शो' रही.

बिहार विस में बजट पर जारी चर्चा में शामिल होने के लिए सीएम नीतीश कुमार दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा गाड़ी में बिठाकर विस पहुंचे. पत्रकारों से बातचीत में पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की प्रस्तावित जनविश्वास पर कटाक्ष करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले उन्हें अपने और अपने परिवार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के बारे में बताते हुए लूट यात्रा निकालनी चाहिए. बिहार में उनके परिवार ने जो भ्रष्टाचार किया था पहले तो लूट यात्रा कर सबको बताना चाहिए, जनता को बताना चाहिए कि कितना भ्रष्टाचार उन्होंने और उनके परिवार ने किया है. इधर, भाकपा माले ने 21 से 27 फरवरी तक जन संवाद अभियान चलाने का निर्णय किया है. अभियान का नाम 'यात्रा' से हट कर बिहार की जनता लड़ेगी-तानाशाही हारेगी रखा गया है.

# सीएम ने 383 पुलिस वाहनों को किया रवाना

संवाददाता। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पुलिस को सुदृढ़ करने के लिए थानों एवं इकाइयों के लिए 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी. साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी. एक अणे मार्ग प्रांगण में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनंदन किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे.



**कारोबार**

## प्योर ईवी ने 80 लाख अमेरिकी डॉलर जुटाए

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी प्योर ईवी ने निवेशकों के एक समूह से 80 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 66 करोड़ रुपये) जुटाए हैं. प्योर ईवी ने एक बयान में कहा कि वह वर्तमान में एक विदेशी संस्थागत निवेशक की भागीदारी के साथ 2.5 करोड़ डॉलर की राशि के अपने सीरीज ए1 वित्त पोषण राउंड के समापन के अंतिम चरण में है. कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित वडेरा ने कहा, हम अगले छह महीनों में अपने अखिल भारतीय बिक्री नेटवर्क को तेजी से 140 से 300 डीलर तक बढ़ाएंगे.

## 100 लक्जरी सामान विनिर्माताओं में शामिल

**मुंबई।** मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और टाइटन के साथ ही चार अन्य भारतीय आभूषण कंपनियां शीर्ष 100 लक्जरी सामान विनिर्माताओं की वैश्विक सूची में शामिल हैं. इस सूची में 19वें स्थान के साथ मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है. इसके बाद टाटा समूह की इकाई टाइटन कंपनी को 24वां स्थान मिला है. आभूषण विनिर्माता कल्याण ज्वेलर्स और जॉय अलुक्कास को डेलॉयट वैश्विक लक्जरी सामान सूची 2023 में क्रमशः 46वां और 47वां स्थान मिला. इस सूची में शामिल अन्य दो भारतीय आभूषण विनिर्माता सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स और थंगामायिल ज्वेलरी हैं, जिन्हें क्रमशः 78वां और 98वां स्थान मिला.

## चांदी 71,543 रुपये प्रति किलोग्राम गिरा

**नयी दिल्ली।** प्रतिभागियों द्वारा सौदा कम किये जाने से वायदा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 569 रुपये गिरकर 71,543 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मार्च डिलिवरी के लिए चांदी का भाव 569 रुपये या 0.79 प्रतिशत गिरकर 71,543 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया. इसमें 21,616 लॉट का कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में चांदी 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.18 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी.

### एक ही जगह पर इंश्योरेंस इंडस्ट्री के सभी पक्षों की मौजूदगी से सभी को होगा फायदा

# बीमा सुगम से इंश्योरेंस सेक्टर में आएगा बदलाव

भाषा। नयी दिल्ली

वो दिन दूर नहीं जब लोगों को एक ही जगह पर पॉलिसी बेचने और खरीदने की सुविधा मिलने लगेगी. केंद्र सरकार ने बीमा क्षेत्र और बेहतर करने में लगी है. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने इसके लिए एक ही जगह पर ऑनलाइन सभी इंश्योरेंस पॉलिसियों को मुहैया कराने की तैयारी कर ली है. आईआरडीएआई ने इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस 'बीमा सुगम' या डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर एक एक्सपोजर ड्राफ्ट जारी कर दिया है. इसे एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन या प्रोटोकॉल के रूप में माना जा सकता है. जिस पर इंश्योरेंस पॉलिसी की खरीद, बिक्री, सर्विसिंग और क्लेम सेटलमेंट से लेकर शिकायतों तक का निपटारा किया जा सकता है. इसके जल्द लॉन्च होने की उम्मीद बढ़ गई है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह इस साल जून में लॉन्च हो सकती है. इससे पहले बीमा नियामक ने इसे जनवरी 2023 में लॉन्च करने का प्लान बनाया था. मौजूदा समय में लोगों को हेल्थ, लाइफ, प्रॉपर्टी और एक्सीडेंट रिस्क को कवर करने के लिए अलग-अलग इंश्योरेंस पॉलिसी लेनी पड़ती है. मगर इंश्योरेंस सेक्टर का रेगुलेटर इरडा एक ऐसी सिंगल पॉलिसी लाने पर काम कर रहा है, जो हेल्थ, लाइफ और प्रॉपर्टी के इंश्योरेंस को कवर करेगी.

बीमा सुगम एक इलेक्ट्रॉनिक इंश्योरेंस मार्केटप्लेस है. बीमा कंपनियां, पॉलिसीहोल्डर्स और इंटरमीडियरी इस प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर सकेंगे. एक ही जगह पर इंश्योरेंस इंडस्ट्री के सभी पक्षों की मौजूदगी से सभी को फायदा होगा. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बीमा सुगम से आने वाले दिनों में इंश्योरेंस इंडस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे. पेमेंट के मामले में जिस तरह से यूपीआई में बदलाव आया है, उसी तरह से बीमा सुगम से इंश्योरेंस सेक्टर में बदलाव आएगा. इससे बीमा कंपनियों की लागत घटेगी और प्रोडक्ट्स सस्ते होने की उम्मीद है. इस ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस और जनरल इंश्योरेंस सहित हर तरह के बीमा उत्पाद उपलब्ध होंगे. इरडा की योजना है कि आम लोगों को अलग-अलग सेक्टर की इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए भटकना ना पड़े. एक ही बार में एक ही कंपनी के पास जाकर वह एक ऐसी पॉलिसी लें, जिनमें हेल्थ, लाइफ और प्रॉपर्टी समेत सभी सेक्टर के रिस्क कवर हो जाए. एक ही जगह पॉलिसीधारक को प्रीमियम देना पड़े. पॉलिसी के क्लेम का जल्द निपटान हो, इसके लिए पर्याप्त प्रावधान किए जाएंगे. बीमा सुगम डिजिटल प्लैटफॉर्म से डिजिटल डेथ रजिस्ट्री को जोड़ा जाएगा. अगर किसी पॉलिसीधारक की मौत हो जाती है तो इसकी सूचना इस प्लैटफॉर्म पर मिल जाएगी. इससे दावों का निपटान करने में आसानी होगी.




**लक्ष्य कायम**

- इस प्लेटफॉर्म से डिजिटल डेथ रजिस्ट्री को जोड़ा जाएगा
- इस प्लेटफॉर्म पर हर तरह के बीमा उत्पाद उपलब्ध होंगे
- बीमा सुगम एक इलेक्ट्रॉनिक इंश्योरेंस मार्केटप्लेस है

**बीमा उद्योग में 57 बीमा कंपनियां हैं**

बता दें कि भारत के बीमा उद्योग में 57 बीमा कंपनियां हैं. इसमें 24 जीवन बीमा व्यवसाय में हैं, जबकि 33 सामान्य बीमाकर्ता हैं. जीवन बीमा कंपनियों में, जीवन बीमा निगम एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है. गैर-जीवन बीमा क्षेत्र में छह सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ता हैं. इनके अलावा, एक एकमात्र राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता है, जिसका नाम जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसीआई) है. भारतीय बीमा बाजार में अन्य हितधारकों में एजेंट, दलाल, सर्वेक्षणकर्ता और स्वास्थ्य बीमा दावों की सेवा करने वाले तीसरे पक्ष के प्रशासक शामिल हैं. इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन द्वारा भारत में बीमा उद्योग ने पिछले दो दशकों में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी और वितरण क्षमताओं में सुधार के साथ-साथ परिचालन दक्षता में पर्याप्त सुधार के कारण प्रभावशाली विकास दर देखी है.



लंदन में 77वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्र्स, बाफ्टा में फोटोग्राफरों के लिए बीच में कीगन-माइकल-की के साथ पोज देते हुए.

## चाय निर्यात घटकर 20.71 करोड़ किलोग्राम पर

**कोलकाता।** कैलेंडर वर्ष 2023 के पहले 11 महीनों में भारत से चाय का निर्यात 1.17 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 20.71 करोड़ किलोग्राम रहा है. आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है. वर्ष 2022 की समान अवधि में देश से 20.96 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात किया गया था. वहीं पूरे कैलेंडर साल 2022 में कुल 23.10 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात हुआ था. चाय बोर्ड की तरफ से जारी निर्यात आंकड़ों के मुताबिक, बीते साल की जनवरी-नवंबर अवधि में मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल जैसे उत्तर भारत के क्षेत्र से निर्यात घटा है. यह एक साल पहले की समान अवधि के 13.22 करोड़ किलोग्राम से घटकर 12.52 करोड़ किलोग्राम रह गया. आंकड़ों के मुताबिक, 2023 के पहले 11 महीनों में दक्षिण भारत से निर्यात जनवरी-नवंबर, 2022 के 7.73 करोड़ किलोग्राम की तुलना में बढ़कर 8.18 करोड़ किलोग्राम हो गया.

## पावर ग्रिड परियोजनाओं में 656 करोड़ करेगी निवेश

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने देश में बिजली पारेषण परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 656 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है. कंपनी ने सोमवार को बीएसई को दी सूचना में कहा, उसके निदेशक मंडल और परियोजना निवेश पर निदेशकों की समिति ने 18 फरवरी, 2024 को आयोजित अपनी-अपनी बैठकों में निवेश को मंजूरी दे दी. निदेशक मंडल ने 514.66 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 'यूनिफाइड लोड डिस्पैच एंड कम्युनिकेशन' चरण-तीन के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी. इसे 15 नवंबर, 2025 तक चालू किये जाने का लक्ष्य है. इसके अलावा, परियोजना निवेश पर निदेशकों की समिति ने 141.09 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भिवानी में 765/400 केवी, 1500 एमवीए ट्रांसफार्मर (चौथे) की क्षमता बढ़ाने को मंजूरी दे दी.

**पूंजीकरण**

### टाटा समूह का मार्केट कैप पाकिस्तान की जीडीपी से आगे निकला

# टाटा कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 365 अरब डॉलर के पार

एजेंसी/ नई दिल्ली।

देश के दिग्गज कारोबारी समूह टाटा का मार्केट कैप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से आगे निकल गया है. समूह की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 365 अरब डॉलर (30 लाख करोड़ रुपये) से अधिक है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार आर्थिक और राजनीतिक संकट में फंसे पाकिस्तान की जीडीपी लगभग 341 अरब डॉलर ही है. एक रिपोर्ट के मुताबिक नमक से लेकर हवाई जहाज तक का कारोबार संभालने वाली टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में हाल के दिनों में जबरदस्त आई तेजी आने से निवेशकों को बेहतर रिटर्न मिले हैं. समूह के संयुक्त मार्केट कैप में भी उछाल आया है. टाटा समूह की सभी सूचीबद्ध कारोबारों में आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) बाजार पूंजीकरण करीब 15 लाख करोड़ रुपये (170 अरब डॉलर) है, जो पाकिस्तान की जीडीपी का आधा हिस्सा के बराबर है.

टाटा समूह की कंपनियां पिछले एक वर्ष में निवेशकों को मालामाल कर दिया है. समूह की परिधान कंपनी टाटा ट्रेंट ने बीते एक साल में 195 फीसदी, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प ने 153 फीसदी, टाटा मोटर्स ने 113 फीसदी, टाटा पावर ने 83 फीसदी, इंडियन होटल्स ने 67 फीसदी, टाटा कंज्यूमर ने 57 फीसदी, टाटा कम्यूकेशंस ने 43 फीसदी, टाइटन ने 45 फीसदी, टीसीएस ने 16 फीसदी, टाटा स्टील ने 27 फीसदी, टाटा इलेक्सी ने 12 फीसदी, वोल्टास ने 24 फीसदी और टाटा टेलीसर्विसेज ने 36 फीसदी का रिटर्न दिया है.

इसके अलावा टाटा समूह की कई ऐसी बड़ी कंपनियां है, जो मौजूदा समय में शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं है. इसमें समूह की होल्डिंग कंपनी- टाटा संस, टाटा कैपिटल, टाटा प्ले, टाटा एडवांस सिस्टम, एयर इंडिया और विस्तारा एवं कई अन्य कंपनियों का नाम इस सूची में है. वहीं, इसमें से कई कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की योजना टाटा समूह कर रही है.


उल्लेखनीय है कि भारत की मौजूदा अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर की है, जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के आकार से लगभग 11 गुना बड़ी है. वहीं, वित्त वर्ष 2028 तक भारत का लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है. फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है.



**आईएमएफ के अनुसार पाकिस्तान की जीडीपी करीब 341 अरब डॉलर**

## 223.68 लाख टन चीनी का हुआ उत्पादन

**नई दिल्ली।** देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी, 2024 तक चीनी का उत्पादन 223.68 लाख टन रहा है. पिछले चीनी विपणन वर्ष के दौरान 229.37 लाख टन का चीनी उत्पादन हुआ था. एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चीनी के उत्पादन में 5.69 लाख टन की गिरावट आई है. चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (इस्मा) ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 223.68 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है. इससे पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 229.37 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था.



### ब्रीफ खबरें

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो : रेखा शर्मा

**कोलकाता।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की. वहीं, टीएमसी ने आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के प्रभाव में काम कर रहा है. संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे. शर्मा ने बताया, इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है.

## एसपी ने 11 उम्मीदवारों के नाम का किया एलान

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 और सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है. सूची में एक नाम पर काफी चर्चा हो रही है. पार्टी ने मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर से उम्मीदवार घोषित किया है. इसके अलावा इस सूची के बाद अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते भी जुदा हो गए हैं। जयंत चौधरी की पार्टी को दिए गए सीट मुजफ्फरनगर पर भी सपा ने उम्मीदवार का एलान कर दिया है.

## अमेरिका में गोलीबारी तीन की हुई मौत

**अमेरिका।** अमेरिका में मिनेसोटा के मिनियापोलिस उपनगर में घरेलू हिंसा संबंधी एक शिकायत मिलने के बाद रविवार सुबह मदद के लिए पहुंचे दो पुलिस अधिकारियों समेत तीन लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने के वाले एक संघ ने यह जानकारी दी है. मिनेसोटा पुलिस एंड पीस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने इस घटना में बर्न्सविले के पुलिस अधिकारियों समेत तीन लोगों की मौत होने की पुष्टि की. इस मामले में आधिकारिक सूचना और पुष्टि किया जाना बाकी है.

## नेतन्याहू ने राष्ट्रपति की आलोचना की

**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा में युद्ध की तुलना नरसंहार से करने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति की निंदा करते हुए उन पर यहूदी विरोधी होने और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूरोपीय यहूदियों के नाजी नरसंहार को 'तुच्छ' बताने का आरोप लगाया. पिछले साल राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के सत्ता में लौटने के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई खटास के बाद हाल की बयानबाजी से तनाव और बढ़ गया है. लूला ने खुद को विकासशील देशों के एक समूह 'ग्लोबल साउथ' के नेता के रूप में पेश किया है.

## मालवीया ने भाजपा का दामन थामा

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस को सोमवार को उस समय झटका लगा जब चार बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए. पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भाजपा के राज्य प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी और अन्य नेताओं ने उनका पार्टी में स्वागत किया.

# प्रधानमंत्री मोदी नहीं, उनके पास बैठे 90 लोग चलाते हैं देश : राहुल गांधी

**भाषा। प्रतापगढ़**

कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते हैं, वह सिर्फ भाषण देते हैं. उनके पास बैठे 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं. राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ नगर में पहुंचे हैं. लालगंज के सांगीपुर में गांधी ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जब पैदा हुए तो वह जनरल कैटेगरी में थे. वर्ष 2000 में उनकी कास्ट को ओबीसी में डाल दिया गया था. यह जो बात आपको बता रहा हूं, वह आपको हिन्दुस्तान के टेलीविजन पर नहीं दिखेगा. उन्होंने कहा कि सामान्य जाति के कितने गरीब, आदिवासी, दलित और ओबीसी के पास कितना धन है, यह नहीं पता. यह तब पता चलेगा जब इकोनॉमी आर्थिक सर्वे होगा.

**मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते :** राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते. 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं. मोदी के पास बैठे यही लोग डिसाइड करते हैं कि बजट का पैसा कहां जाना है. आपके प्रधानमंत्री को इसके बारे में समझ नहीं है, वह सिर्फ भाषण करना जानते हैं. अडाणी और अंबानी ने उन्हें वहां बैठाया है. जनरल कास्ट के गरीब व्यक्ति को भी उसका अधिकार नहीं दिया. इस दौरान राहुल ने कई युवाओं और मीडियाकर्मियों से उनके नाम पूछे.



## बीएसएफ ने छह करोड़ रुपये का सोना किया जब्त, एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से कथित तौर पर छह करोड़ रुपये से अधिक का सोना जब्त किया है. सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. यह घटना रविवार को नदिया जिले के होरंडीपुर सीमावर्ती इलाके में हुई. इस क्षेत्र की सुरक्षा बीएसएफ की 32वीं बटालियन द्वारा की जाती है. बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया नादिया के एक स्थानीय निवासी को सोने की 16 छड़ों और 10 किलोग्राम से अधिक वजन वाले सोने के चार बिस्कुट के साथ पकड़ा गया. पकड़े गए व्यक्ति ने बीएसएफ को कथित तौर पर बताया कि उसने एक अन्य भारतीय साथी के साथ सीमा पार से एक बांग्लादेशी व्यक्ति से सोना लिया था.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभल में किया कल्कि धाम का शिलान्यास

# ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है : मोदी

**भाषा। संभल**

श्री कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए संभल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है. हम पर सैकड़ों वर्षों से आक्रमण हुए. कोई और देश होता तो नष्ट हो गया होता. हम फिर भी डटे हैं. सदियों के बलिदान अब फलीभूत हो रहे हैं. जैसे लंबे समय से पड़ा बीज वर्षा काल में अंकुरित होता है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे प्रमोद कृष्णम् यहां मंदिर बना रहे हैं, वैसे ही ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है. उसको भव्यता दे रहा हूं. भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है. हम इनोवेशन और आईटी सेक्टर में संभावना के तौर पर देखे जा रहे हैं. हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं. चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश हैं. वंदे भारत, नमो भारत ट्रेनों का संचालन किया गया है. जल्द ही बुलेट ट्रेन चलने जा रही है. अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है. अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं.



### नए युग की शुरुआत हो चुकी है

मोदी ने कहा कि श्री कल्कि धाम मंदिर परिसर 5 एकड़ में बनकर तैयार होगा. इसका निर्माण कार्य पूरा होने में 5 साल लगेंगे. इस मंदिर का निर्माण भी बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से होगा. सोमनाथ मंदिर और अयोध्या का राम मंदिर भी बंसी पहाड़पुर के पत्थरों से ही बना है. मंदिर के शिखर की ऊंचाई 108 फीट होगी. इसमें स्टील या लोहे का इस्तेमाल नहीं होगा. श्री कल्कि धाम मंदिर में 10 गर्भगृह होंगे, जिनमें भगवान विष्णु के 10 अवतारों के विग्रह स्थापित किए जाएंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि कालचक्र बदल चुका है अब नए युग की शुरुआत हो चुकी है. पीएम ने कहा कि पिछले दिनों प्रमोद कृष्णम जब निमंत्रण देने आए थे. उसके आधार पर कह रहा हूं, आज जितना आनंद उन्हें हो रहा है, उससे ज्यादा सुख उनकी मां की आत्मा को मिल रहा होगा. मां के वचन के लिए बेटा कैसे जीवन खपा सकते हैं.

**अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के साक्षी बने अब कल्कि धाम में :** मोदी ने इस अवसर पर विपक्ष पर इशारों ही इशारों में हमला बोला. उन्होंने चंदे पर चुटकी लेत हुए कहा है कि आज जमाना ऐसा बदल गया है कि सुदामा अगर पोटली में चावल देते, वीडियो निकल जाती तो सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर हो जाती है कि भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रामलला के विराजमान होने का अलौलिक अनुभव है. अभी भी क्षण भावुक कर जाता है. इसी बीच देश से सैकड़ों किमी दूर अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के वे साक्षी बने हैं. कल्पना से परे काम भी हकीकत बन रहे हैं. काशी का कायाकल्प और इसी दौर में महाकाल के महालोक की महिमा हम सबने देखी है. आज एक ओर तीर्थों का विकास हो रहा है, तो शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है. मंदिर बन रहे हैं, तो कॉलेज भी बन रहे हैं विदेशी निवेश भी आ रहा है.

### दिल्ली शराब नीति घोटाला

# ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे केजरीवाल

**भाषा। नयी दिल्ली**

इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले की जांच कर रही है. इस मामले में ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी कर सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन खबर आ रही है कि अरविंद केजरीवाल आज ईडी ऑफिस नहीं जायेंगे. आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के समन को अवैध करार दिया है. पार्टी ने कहा कि केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए. बता दें कि ईडी ने सीएम केजरीवाल को समन पहला जारी कर 2 नवंबर 2023 को पूछताछ के लिए बुलाया था. इसके बाद दूसरा समन 21 दिसंबर, तीसरा समन 3 जनवरी 2024, चौथा समन 17 जनवरी और पांचवां समन 2 फरवरी को भेजकर ईडी ऑफिस बुलाया था. इसके बाद जांच एजेंसी ने 14 फरवरी को छठा समन जारी कर केजरीवाल को 19 फरवरी को पेश होने को कहा था. लेकिन सीएम किसी भी समन पर ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए.




### ईडी के समक्ष पेश नहीं होने पर ईडी ने कोर्ट में शिकायत दर्ज करायी

कई बार समन जारी करने के बाद भी केजरीवाल के पूछताछ में शामिल नहीं होने पर ईडी ने अदालत में शिकायत दर्ज करायी है. कोर्ट के नोटिस के बाद 17 फरवरी को केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए थे. केजरीवाल के अधिवक्ता ने बजट सत्र का हवाला देकर सशरीर पेश होने के लिए वक्त मांगा था. इसके बाद कोर्ट ने केजरीवाल को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने से राहत दे दी थी और अगली सुनवाई 16 मार्च निर्धारित की.

## शिवाजी की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव, मंत्री घायल

**भाषा। पणजी (गोवा)**

सोमवार को दक्षिण गोवा के एक गांव में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए. कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था. मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी. सोमवार को मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे. राज्य के समाज कल्याण मंत्री ने कहा, गांव में मेरी उनके साथ एक संक्षिप्त चर्चा के बाद मूर्ति की स्थापना का विरोध करने वाली भीड़ ने पथराव किया.



## हथियारों की लूट की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने 13 फरवरी को इंफाल पूर्व जिले के चिंगारेल में इंडियन रिजर्व बटालियन शिविर से हथियारों की लूट से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है. गृह विभाग द्वारा रविवार को जारी एक आदेश के मुताबिक, 13 फरवरी को घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भीड़ ने चिंगारेल तेजपुर में स्थित पांचवीं आईआरबी के शिविर पर हमला कर हथियार व गोला-बारूद लूट लिया. हमला करने वाली भीड़ में अधिकांश युवा शामिल थे. लूट के कारण भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच टकराव हुआ और दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई.

### पापुआ न्यू गिनी में नहीं रूक रहा नरसंहार

# जनजातीय हिंसा में अब तक 53 लोगों की चली गई जान

**भाषा। मेलबोर्न**

पापुआ न्यू गिनी नरसंहार की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. यहां दक्षिण प्रशांत राष्ट्र के सुदूरवर्ती ईंगा प्रांत में जनजातीय हिंसा में 53 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया. रॉयल पापुआ न्यू गिनी कांस्टेबुलरी के कार्यवाहक अधीक्षक जॉर्ज काकस ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन को इस बात की जानकारी दी है. जॉर्ज काकस ने बताया कि ईंगा प्रांत में रविवार को एक जनजाति के सदस्य, उनके सहयोगी और मर्सिनरी पड़ोस के एक जनजाति समुदाय के लोगों पर हमला करने जा रहे थे.

### आये दिन होती हैं हिंसा


पापुआ न्यू गिनी में पिछले कुछ महीने से हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिल रही हैं. हालांकि सरकार हर बार लोकतंत्र को मजबूती के साथ स्थापित करने का दावा करती है. लेकिन सरकार जैसे ही कोई कदम उठाती है, फिर कहीं न कहीं हिंसा की खबर आ जाती है.

### गाजा युद्धविराम : प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद में आज मतदान

# अमेरिका करेगा वीटो का इस्तेमाल

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाले अरब समर्थित प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को मतदान होने की संभावना है. वहीं अमेरिका ने मतदान में वीटो का इस्तेमाल करने की घोषणा की है. अरब प्रतिनिधि अल्जीरिया ने मसौदा प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया है, जिस पर परिषद में मतदान किया जा सकता है. परिषद के राजनयिकों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि मतदान मंगलवार सुबह होगा. एसोसिएटेड प्रेस के प्राप्त मौजूद, अल्जीरिया द्वारा तैयार अंतिम मसौदे में युद्धविराम के अलावा परिषद से की गयी मांग को दोहराया गया है. मसौदे में इजराइल और हमास द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा का ईमानदारी से पालन करने और फलस्तीनी नागरिकों के जबरन विस्थापन को अस्वीकार करने जैसी मांगें रखी गयी हैं. अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने एक बयान में कहा कि अमेरिका बीते कई महीनों से 'बंधक समझौते' पर काम कर रहा है, जो कम से कम छह सप्ताह तक शांति बनाए रखने में मदद करेगा और इससे हमें स्थायी शांति बनाने के प्रयासों के लिए अधिक समय मिलेगा और समस्या को हल करने के लिए हम यथोचित कदम उठा सकेंगे. उन्होंने कहा कि समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और मिस्र व कतर के नेताओं के साथ कई बार बातचीत कर चुके हैं.



### चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद

# पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने कबूला अपना जुर्म

**एजेंसी। चंडीगढ़**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. इसके लिए गड़बड़ी का आरोप झेल रहे चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए. अनिल मसीह ने माना है कि उन्होंने बैलट पेपर पर मार्क लगाया है जबकि केवल साइन करने थे. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह दोषी पाए गए तो कार्रवाई होगी. सीजेआई ने हॉर्स ट्रेडिंग पर भी चिंता जताई है. चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर रहे अनिल मसीह ने सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर पर निशान लगाना कबूल किया. अनिल मसीह के मुताबिक उसने 8 बैलेट पर एक्स का निशान बनाया था. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर से सुनवाई होगी. वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव फिर से नहीं होगा. पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा. भाजपा को आप के तीन पार्षदों को अपने यहां पर शामिल करवाने का फायदा नहीं मिला.

### कॅरियर-काउंसिलिंग


# कॉस्मेटोलॉजी कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद**

अक्सर बार्बरिंग कॉस्मेटोलॉजी कोर्स को बालों की देखभाल, त्वचा की देखभाल, नाखूनों के साथ-साथ ब्यूटी ट्रीटमेंट और अन्य सेवाओं के लिए ब्यूटी थेरेपी की कला और विज्ञान के रूप में संदर्भित किया जा सकता है. इसमें हेयरकट से लेकर फेसिअल तक और मैनीक्योर से लेकर ब्यूटी थेरेपी तक की ढेर सारी सर्विस शामिल हैं. सही मायने में कहें तो कॉस्मेटोलॉजी एक साइंस है, जिसमें लोगों को खूबसूरत बनाया जाता है. अलग-अलग ब्यूटी थैरेपी के जरिए चेहरे, बालों और पूरे शरीर का ब्यूटी ट्रीटमेंट किया जाता है. कॉस्मेटोलॉजिस्ट ऐसे ब्यूटी सर्विस देते हैं, जिसमें बालों के स्टाइल, मेकअप और त्वचा की देखभाल सहित विभिन्न पहलुओं पर गौर किया जाता है.

### पेशेवर मेकअप

- हेयर स्टाइलिंग, कलरिंग, स्ट्रेटनिंग और कटिंग
- त्वचा की देखभाल
- इत्र और अरोमाथेरेपी
- आयुर्वेदिक कॉस्मेटोलॉजी
- सौंदर्य संस्कृति
- बालों को हटाना (लेजर और अन्य तरीके)
- मैनीक्योर पेडीक्योर
- हेयर ट्रांसप्लांट
- सौन्दर्य उपचार



### कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज

- **सर्टिफिकेट प्रोग्राम :** सर्टिफिकेट प्रोग्राम मुख्य रूप से ट्रेनिंग और अनुभव के बारे में हैं. इनकी अवधि 2 से 6 महीने होती है.
- **डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स :** डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स में छात्रों को कॉस्मेटोलॉजी के विभिन्न महत्वपूर्ण कॉन्सेप्ट्स सिखाते हैं. इन कॉस्मेटोलॉजी कोर्स की अवधि 1-2 वर्ष होती है.
- **बैचलर्स कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज :** ये विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है हैं जो कॉस्मेटोलॉजी के सभी महत्वपूर्ण टूल्स और तकनीक के बारे में जानना चाहते हैं. इन कॉस्मेटोलॉजी कोर्स की अवधि 3 वर्ष है.
- **मास्टर कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज :** ये उन छात्रों के लिए हैं जो कॉस्मेटोलॉजी के एडवांस कंसेप्ट्स में महारत हासिल करना चाहते हैं. इन कॉस्मेटोलॉजी कोर्स की अवधि 3 वर्ष है.

### हेयर स्टाइलिस्ट में डिप्लोमा

कॉस्मेटोलॉजी में सोर्ट टर्म कोर्स हैरसटयलिस्ट में डिप्लोमा छात्रों को हैरकट्टिंग, हाइलाइटिंग, कलरिंग, टेक्सचर सेट और अन्य स्टाइलिंग मेथड के साथ-साथ हैरपीएसस, विग, नाख़ून और स्किन जैसे एक्सेसरीज के उपयोग से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की समग्र समझ प्रदान करता है. . यह एक सर्टिफिकेट प्रोग्राम के रूप में भी पेश किया जाता है और यह सबसे अच्छे कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज में से एक है.

### करियर

- सैलून या स्पा मैनेजर
- वेडिंग और इवेंट स्टाइलिस्ट
- हेयर स्टाइलिस्ट
- ब्यूटीशियन
- नेल टेक्निशियन
- मेकअप आर्टिस्ट
- एस्थेटिशियन

### कॉस्मेटिक तकनीक और मैनेजमेंट में डिप्लोमा

इसमें विशेष मेकअप तकनीक, कलर थ्योरी, स्किनकेयर विश्लेषण और रचनात्मक स्टाइलिंग तकनीक की पेचीदगियां के बारे में सिखाने के साथ-साथ बडिंग ब्यूटी प्रोफेशनल्स को व्यावसायिक कौशल विकसित करने में सहायता करने पर जोर दिया गया है. इस प्रोग्राम में आपको सैलून मैनेजमेंट एंड कस्टमर सर्विस के बारे में भी जानने को मिलेगा.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)